सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 29 जुलाई , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 205, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 572 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। सेंसेक्स जहां 572 अंक की गिरावट के साथ 80,891.02 अंक पर बंद हुआ। } 14

## ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों को आड़े-हाथों लिया

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में एसआईआर के मुद्दे पर नारेबाजी करने और पूर्व सहमति के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू नहीं होने देने के लिए विपक्षी सांसदों को आड़े-हाथों लिया। } 16



# किसी के दबाव में नहीं रोका था ऑपरेशन सिंदूर

## लोकसभा में पहलगाम आतंकवादी हमले पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का जवाब

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर को तीनों सेनाओं के समन्वय का बेमिसाल उदाहरण बताते हुए कहा कि यह कहना गलत और निराधार है कि इस अभियान को किसी दबाव में आकर रोका गया था। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि उसकी कुछ गलतफहमी बची रह गयी है तो उसे भी दूर कर दिया जाएगा। सिंह ने लोकसभा में पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए यह भी कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के स्तर पर संपर्क कर आग्रह किया गया था कि अब कार्वाई रोक दी जाए।



उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि उसे यह सवाल पूछने के बजाय कि इस अभियान में भारत के कितने विमान गिरे, ऑपरेशन की सफलता पर बात करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा भारत ने कार्वाई इसलिए रोकी क्योंकि मिशन से पहले जो उद्देश्य तय किए गए थे, उन्हें पूरी तरह हासिल कर लिया गया। किसी दबाव में ऑपरेशन सिंदूर रोकने का आरोप बेबुनियाद है। सिंह ने कहा मैं सदन को यह भी बताना चाहूंगा कि किसी क्षेत्र पर कब्जा करना इस ऑपरेशन का मकसद नहीं था। इसका उद्देश्य पाकिस्तान द्वारा वर्षों से पाले गए आतंकवाद की नर्सरी का अंत करना था। उन लोगों को न्याय दिलाना था जिन्होंने पाक प्रायोजित पहलगाम हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया। रक्षा मंत्री ने कहा 10 मई की सुबह जब भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के कई एयरफील्ड पर करारा हमला किया तो पाकिस्तान ने हार मान ली और संघर्ष रोकने की पेशकश की। इस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने योगी

विशेष संवादाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत का 8 वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल पूरा कर लिया है। इससे पहले मुलायम सिंह यादव छह वर्ष 274 दिन, संपूर्णानंद पांच वर्ष 345 दिन, अखिलेश यादव पांच वर्ष चार दिन और नारायण दत्त तिवारी तीन वर्ष 314 दिन मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे हैं। योगी आदित्यनाथ का यह कार्यकाल न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि शासन के प्रत्येक क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास की गति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कालखंड भी है। अपराध और अराजकता से जूझते यूपी को मुख्यमंत्री योगी ने 'नए उत्तर प्रदेश' में बदलने का काम किया, जहां कानून का राज सर्वोपरि है और शासन व्यवस्था सुशासन का पर्याय बन चुकी है। विगत आठ वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। गोरखपुर से एम्स की स्थापना हो, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स इसके उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इतिहास की इस निर्णायक घड़ी में, योगी आदित्यनाथ न केवल उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री बने हैं, बल्कि एक ऐसे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### इंदौर में 100 करोड़ की धोखाधड़ी

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर में 100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार वाले फर्जी रजिस्ट्री कांड के खुलासे के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके जांच शुरू कर दी है जिसमें राज्य सरकार के पंजीयन विभाग और इंदौर नगर निगम के कर्मचारी भी संदेह के घेरे में हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दीशेष अग्रवाल ने बताया कि पंजीयन विभाग के एक अधिकारी की शिकायत पर पंढरीनाथ थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 420, धारा 467 (दस्तावेजों की जालसाजी) और अन्य संबद्ध प्रावधानों के तहत रविवार देर रात मामला दर्ज किया गया। अग्रवाल ने बताया, पंजीयन विभाग के रिकॉर्ड रूम में कई संदिग्ध दस्तावेज मिलने के बाद जिला प्रशासन ने पांच सदस्यीय जांच समिति बनाई थी। इस समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया है। सबूतों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी की पीट-पीटकर हत्या

देवरिया (उप्र)। देवरिया जिले के रुद्रपुर क्षेत्र में सोमवार को रास्ते के विवाद में सेना के एक सेवानिवृत्त जवान की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। पुलिस अधिकारियों ने यहां दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव के निवासी सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी रामदयाल कुशवाहा (65) का अपने पड़ोस के रहने वाले विजय बिंद से रास्ते को लेकर विवाद था। उन्होंने बताया कि सोमवार दोपहर विजय अपनी कार लेकर जा रहा था और रामदयाल ने अपनी जमीन से कार ले जाने पर आपत्ति की और इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। प्राथमिकी के मुताबिक, विजय और उसके कुछ साथियों ने रामदयाल को पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया।

# पहलगाम हमले का लिया बदला, मास्टरमाइंड ढेर

## ❍ सेना ने ऑपरेशन महादेव में तीन आतंकियों को मार गिराया ❍ भारी मात्रा में हथियार बरामद

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के बाहरी इलाके के जंगलों में सेना के शीर्ष पैरा कमांडो ने सोमवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के कथित मास्टरमाइंड और उसके दो साथियों को मार गिराया, जिसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि 22 अप्रैल के पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड माना जा रहा सुलेमान उर्फ आसिफ सोमवार को उस समय मारा गया, जब सुरक्षा बलों ने एक तकनीकी संकेत मिलने के बाद ऑपरेशन महादेव नामक अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि यह तकनीकी संकेत एक ऐसे सैटेलाइट फोन के इस्तेमाल का इशारा कर रहा था, जिसका उपयोग पहलगाम हमले के हमलावरों ने भी किया था। अधिकारियों के मुताबिक, आज सेना की कार्रवाई में मारे गए अन्य आतंकवादियों की पहचान जिब्रान




(जो पिछले साल सोनमर्ग सुरंग हमले में कथित रूप से शामिल था) और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतकों में अधिकतर पर्यटक थे। इसके बाद सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी



ढांचे के खिलाफ सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर क्षेत्र में आतंकवादियों के एक अन्य समूह की मौजूदगी की आशंका के चलते सेना और अन्य सुरक्षा बलों की अतिरिक्त टुकड़ियां वहां भेजी गई हैं। जिबरान पिछले साल अक्टूबर में गगनगीर में सोनमर्ग सुरंग परियोजना पर हुए हमले में कथित रूप से शामिल था। इस हमले में एक डॉक्टर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### थाईलैंड-कंबोडिया बिना शर्त संघर्ष-विराम पर सहमत

पुत्रजय (मलेशिया)। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने सोमवार को कहा कि थाईलैंड और कंबोडिया तत्काल और बिना शर्त संघर्ष-विराम करने पर सहमत हो गए हैं।

इसे थाईलैंड और कंबोडिया के बीच पांच दिन से जारी सीमा संघर्ष को रोकने में बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। अनवर ने आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन) क्षेत्रीय समूह के प्रमुख के रूप में वार्ता की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को लेकर आम सहमति बन गई है। अनवर ने एक संयुक्त बयान पढ़ते हुए कहा कि कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट और थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथाम वेचायाचाई 28 जुलाई की मध्यरात्रि से तत्काल और बिना शर्त संघर्ष-विराम पर सहमत हो गए हैं। मलेशियाई प्रधानमंत्री ने कहा, यह तनाव कम करने और शांति एवं सुरक्षा की बहाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। थाईलैंड और कंबोडिया यह बैठक तब करने के लिए तैयार हुए हैं जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीधे तौर पर यह चेतावनी दी थी कि यदि दोनों देशों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बाराबंकी : मंदिर में भगदड़ से दो की मौत

## बिजली का तार गिरने से हुआ हादसा, 32 से अधिक श्रद्धालु घायल

जिला संवाददाता

बाराबंकी (उप्र)। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में स्थित अवसानेश्वर मंदिर में सोमवार को बंदरों द्वारा तोड़ा गया बिजली का तार गिरने से मची भगदड़ में दो लोगों की मौत हो गई और 32 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। पुलिस ने बताया कि सावन के सोमवार को अवसानेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के दौरान बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिससे वहां टीन शेड में करंट आ गया और लोग घबरा गए।




पुलिस ने बताया कि इसी से मंदिर परिसर में भगदड़ मच गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 32 से अधिक घायल हो गए। उसने बताया कि लोनीकटरा थाना क्षेत्र के मुबारकपुरा गांव निवासी प्रशांत (22) और एक अन्य 30 वर्षीय श्रद्धालु की त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह हादसा उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर की ओर जाने वाले सीढ़ी मार्ग पर मची भगदड़ में आठ लोगों की मौत की घटना के एक दिन बाद ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्रेम-प्रसंग में लड़की की हत्या, छह गिरफ्तार

बागपत (उप्र)। बागपत नें 17 वर्षीय लड़की की उसके परिवार के सदस्यों ने प्रेम प्रसंग के चलते कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी और उसके शव को गुप्त रूप से स्थानीय कब्रिस्तान में दफना दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक किशोर को अभिरक्षा में लेकर बाल सुधार गृह भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सूरज राय ने एक बयान में बताया कि अनुसूचित जाति के 17 वर्षीय किशोर और मुस्लिम समुदाय की किशोरी के बीच प्रेम संबंध था और दोनों 12।13 जुलाई को घर से भागकर हिमाचल प्रदेश चले गए थे, जहां लड़का काम करता है। बयान के मुताबिक, इस बीच किशोरी के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भगदड़ के बाद एक्शन में धामी सरकार

## राज्य के सभी प्रमुख मंदिरों में की जायेगी सुरक्षित दर्शन की व्यवस्था : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून/हरिद्वार। मंशा देवी मंदिर में हाल ही में हुई भगदड़ की घटना के बाद उत्तराखंड सरकार हरकत में आ गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब मंशा देवी, चंडी देवी, कैंची धाम, जागेश्वर धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन से पहले पंजीकरण अनिवार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिए कि गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों के आयुक्तों की अध्यक्षता में समितियां गठित की जाएं। इन समितियों में संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि



मंशा देवी, चंडी देवी, पूर्णागिरि धाम, कैंची धाम, जागेश्वर मंदिर, नीलकंठ महादेव समेत सभी प्रमुख मंदिरों में भीड़ प्रबंधन, पैदल मार्गों और सीढ़ियों का चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाने और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को नियंत्रित करते हुए चरणबद्ध दर्शन की व्यवस्था लागू की जाएगी। सीएम धामी ने खास तौर पर मंशा देवी मंदिर परिसर के सुनियोजित विकास, धारणा क्षमता में वृद्धि और व्यवस्थित दुकान प्रबंधन पर बल देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुलभ और सुव्यवस्थित दर्शन का अनुभव सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, एसएन पांडेय, गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक पर हर्जाना (पृष्ठ-02)
❍ निवेश को लेकर हर माह 10 कम्पनियों को एलओसी (पृष्ठ-02)
❍ औद्योगिक उत्पादन वृद्धि सुस्त पड़कर 1.5 प्रतिशत (पृष्ठ-14)
❍ टीसीएस में छंटनी पर प्रौद्योगिकी मंत्रालय की नजर (पृष्ठ-14)
❍ जेएंडके बैंक ने साइबर हमलों को किया नाकाम (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** वैश्विक विमर्श और कूटनीतिक माहौल बनाकर आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का दिया स्पष्ट संदेश

# 189 देशों ने किया ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद भारत को विदेश से समर्थन नहीं मिलने के विपक्ष के दावों को खारिज करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों में से पाकिस्तान और तीन अन्य देशों को छोड़कर सभी ने ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया था।

ऑपरेशन सिंदूर विषय पर लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए जयशंकर ने पाकिस्तान को चीन के समर्थन पर विपक्ष के आक्षेपों को नकारते हुए कहा कि दोनों देशों की साझेदारी 60 साल से कांग्रेस के समय से चल रही है। विदेश मंत्री ने सदन में कहा पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देना जरूरी था। हमारी सीमाएं लांघी गईं तो यह संदेश देना जरूरी था कि परिणाम अच्छे नहीं होंगे। उन्होंने हमले के बाद सिंधु जल



संधि को स्थगित करने और अटारी सीमा बंद करने जैसे कूटनीतिक निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि इन शुरुआती कदमों के बाद भारत का जवाब रुका नहीं। उन्होंने कहा कि भारत ने वैश्विक विमर्श और कूटनीतिक माहौल बनाकर यह स्पष्ट संदेश दिया कि उसकी आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है और वह अपने लोगों की रक्षा करेगा। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का सदस्य होने के नाते उस मंच पर इस संबंध में समर्थन पाना भारत के लिए कठिन था, लेकिन सुरक्षा परिषद के 25 अप्रैल के बयान को देखें तो इसमें कड़े से कड़े शब्दों में पहलगाम हमले की निंदा की गई। उन्होंने कहा संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से पाकिस्तान को छोड़कर केवल तीन ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। विदेश मंत्री ने कहा कि इस दौरान देश ने कोई बाहरी मध्यस्थता स्वीकार नहीं की और परमाणु ब्लैकमेलिंग के आगे नहीं झुका। उन्होंने कहा कि क्वाड और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की गई। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका ने गत 17 जुलाई को द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया, जिसने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। उन्होंने कहा कि 26-11 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की पृष्ठभूमि में यह फैसला आया। उन्होंने विपक्ष के कुछ सवालों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# हापुड़ : पुलिस मुठभेड़ में मारा गया बिहार का हिस्ट्रीशीटर

विशेष संवाददाता

❍ 50,000 का इनामी था सूर्य नारायण यादव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ), सिंभावली थाना पुलिस और बिहार पुलिस ने यहां 50 हजार रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी को मुठभेड़ में मार गिराया। एसटीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (एसटीएफ कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने एक बयान में बताया कि मुठभेड़ हापुड़ जिले के सिंभावली थाना क्षेत्र में रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि में हुई। इस कार्रवाई में एसटीएफ की नोएडा इकाई, बिहार पुलिस और सिंभावली पुलिस टीम शामिल रहीं।

उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान कुख्यात अपराधी के सीने में गोली लग गई और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उसकी मौत हो गई। एडीजी ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार, कारतूस और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। यश ने बताया कि कुख्यात अपराधी की पहचान बिहार के बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र निवासी सूर्य नारायण यादव के पुत्र डब्लू यादव के रूप में हुई है जो हत्या के एक मामले में वांछित था और उस पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था।

# योजना बनाने के साथ ही उसका जमीनी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित कराती है हमारी सरकार: योगी

## सीएम ने जनप्रतिनिधियों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं और विकासात्मक प्राथमिकताओं के विषय में व्यक्तिगत रूप से किया संवाद

विशेष संवाददाता (vol)



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को वाराणसी पहुंचे। उन्होंने यहां सर्किट हाउस सभागार में वाराणसी व आजमगढ़ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सीएम योगी ने जनप्रतिनिधियों से उनके विधानसभा क्षेत्र की परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं

- **मुख्यमंत्री ने वाराणसी व आजमगढ़ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ की विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा**
- **बोले- बैठक का उद्देश्य मात्र योजनाओं की समीक्षा ही नहीं, बल्कि जनोपयोगी, दूरवर्ती क्षेत्र का प्राथमिकता के आधार पर विकास भी सुनिश्चित करना है**

एवं विकासपरक कार्यों की प्राथमिकताओं के विषय में एक-एक कर व्यक्तिगत रूप से चर्चा की। बैठक का उद्देश्य मात्र योजनाओं की समीक्षा ही नहीं, बल्कि जनोपयोगी, दूरवर्ती क्षेत्र का प्राथमिकता के आधार पर विकास सुनिश्चित करना था।

**लोक निर्माण, नगर विकास व पर्यटन से संबंधित प्रस्तावित कार्यों की विधानसभावार की चर्चा :** मुख्यमंत्री ने दोनों मंडलों की समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग, नगर विकास एवं पर्यटन से संबंधित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित कार्यों की विधानसभावार चर्चा की। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके निर्वाचन क्षेत्रों में जनोपयोगी एवं विकासपरक कार्यों के प्राप्त प्रस्तावों की प्राथमिकता तय करते हुए उनका अविलंब एस्टिमेट तैयार कर अन्य औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए तत्काल कार्य शुरू किया जाए। जिन सड़कों, सेतु, लघु सेतुओं की सर्वाधिक आवश्यकता हो, उन्हें प्राथमिकता दी जाए। औद्योगिक क्षेत्रों, ब्लॉक मुख्यालयों, धार्मिक पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़कों को प्राथमिकता पर लिया जाए। इसके बाद चरणवार अन्य कार्यों को भी कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग के कार्यों में भी जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को शामिल करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में दोनों मंडलों में पर्यटन विकास से जुड़े प्रस्तावों पर भी चर्चा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराने के निर्देश दिए गए। प्रस्तावित कार्यों में ब्लॉक मुख्यालयों तक संपर्क मार्ग, इंटर कनेक्टिविटी की सड़कें, धार्मिक स्थलों तक पहुंच मार्ग, आरओबी बाईपास, फ्लाईओवर, सेतु, लघु सेतु, ओडीआर/एमडीआर की सड़कें, ब्लैक स्पॉटों के सुधार एवं पांटून पुल आदि जनोपयोगी कार्यों के साथ ही यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति देने में सहायक होंगे।

**समयसीमा में गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराए जाएं कार्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की मंशा हर जनोपयोगी एवं विकासपरक योजनाओं को मूर्त रूप देना है। इसके लिए संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यों को समयसीमा के अंतर्गत गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण कराया जाएगा। बैठक में योगी सरकार के मंत्री अनिल राजभर, ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, दयाशंकर सिंह, रविंद्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', गिरीश चंद्र यादव, दानिश आजाद अंसारी सहित वाराणसी एवं आजमगढ़ मंडल के विधान परिषद सदस्य एवं विधायक आदि उपस्थित रहे।

## पीड़ितों की शिकायत सुनी, बच्चों को किया दुलार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान यहां प्रदेश भर से लगभग 60 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइये, आपकी समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान कर खुशहाल उत्तर प्रदेश बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है।

**अधिकारियों को निर्देश- समस्या पर करें कार्रवाई :** सीएम ने 'जनता दर्शन' में आए लोगों की बात सुनी। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, रोजगार, शिक्षा, आवास, कब्जा, परिवार आदि से जुड़े मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को दिया। जनता की समस्या सुनते हुए सीएम ने अधिकारियों को संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने

- **सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' के साथ की सावन के तीसरे सोमवार की शुरुआत**
- **प्रदेश भर से आए लोग, हर पीड़ित के पास पहुंचे मुख्यमंत्री बोले- निश्चिंत होकर घर जाइये, आपकी हर समस्याओं का होगा समाधान**
- **मुख्यमंत्री ने बच्चों की भी पढ़ाई के बारे में पूछा, दी चॉकलेट**

के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

**बच्चों को कराया अपनत्व का अहसास :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ आए बच्चों को दुलारा-पुचकारा। नन्हे-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर अपनत्व का अहसास कराया। कुछ बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। सीएम योगी ने चॉकलेट-टॉफी प्रदान किया और पढ़-लिखकर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य बनाने का आशीर्वाद दिया।

# कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान के निदेशक पर हाई कोर्ट ने ठोंका 50 हजार हर्जाना

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान के निदेशक ; अटारी कानपुर के निदेशक डा. शान्तनु कुमार दुबे पर पचास हजार रुपए का हर्जाना ठोंका है। कोर्ट ने गत 3 जुलाई को दुबे पर अवमानना केस में आरोप तय करते हुए उन्हें अपना जवाब देने का मौका दिया था किन्तु जवाब देने के बजाय उनकी ओर से सोमवार को एक अर्जी देकर उक्त 3 जुलाई के आदेश को वापस लेने की मांग की गयी थी।

कोर्ट ने उक्त मांग को पचास हजार रुपए हर्जाना लगाकर खारिज कर दिया । कोर्ट अगली सुनवायी 1 अगस्त को नियत करते हुए दुबे को अवमानना के आरोपों के खिलाफ अपना जवाब देने का फिर से मौका दिया है। कोर्ट ने दुबे को व्यक्तिगत रूप से तलब करते हुए मामले की अगली सुनवायी 1 अगस्त को तय किया है।

यह आदेश जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने डा विनय कुमार व 31 अन्य की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर पारित किया है ।याचियों की ओर से कहा गया कि वे कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यरत थे जिसकी फंडिग आईसीएआर कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान के निदेशक अटारी कानपुर के जरिये करता है किन्तु उक्त संस्थान ने उन्हें सेवा से हटा दिया था और रिकवरी आदेश भी जारी किया था। कहा गया कि हाईकोर्ट ने गत 17 फरवरी को आदेश पारित करके उक्त आदेशों पर स्थगन दे दिया था किन्तु इसके बाद भी उन्हें वेतन आदि नहीं दिया जा रहा है।

याचिका पर सुनवायी करते हुए कोर्ट ने 3 जुलाई को पाया था अवमानना के लिए कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान के निदेशक अटारी कानपुर के निदेशक डा दुबे जिम्मेदार हैं अतः सजा सुनाने से पहले कोर्ट ने उन पर आरोप तय कर दिये थे और उसका जवाब मांगा था।

सोमवार को सुनवायी के समय डा. दुबे की ओर से पेश हो रहे वकील आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने अर्जी पेश कर गत 3 जुलाई के आदेश को वापस लेने की मांग की जिस पर कोर्ट ने खिन्नता जाहिर करते हुए डा दुबे पर पचास हजार रुपए का हर्जाना ठोंक दिया । कोर्ट ने डा दुबे को आदेश दिया है कि अगली सुनवायी से पहले उक्त जुर्माना सीनियर रजिस्ट्रार के यहां जमा किया जाये।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की हो चाक चौबंद व्यवस्था: सीएम

## सीएम ने प्रधानमंत्री की जनसभा में आने वाले लोगों के लिए सभी बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराये जाने पर भी दिया विशेष जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री के आगामी वाराणसी दौरे के लिए अब तक की गई तैयारियों के संबंध में विचार विमर्श भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के साथ ही अन्य सभी तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। सीएम ने सेवापुरी के बनौली में प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल पर आने वाले लोगों के लिए सभी बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने पर भी विशेष जोर दिया।

**सभा स्थल पर पेयजल, टॉयलेट आदि की हो समुचित व्यवस्था :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित वाराणसी दौरे के दौरान महानगर में लगातार स्वच्छता अभियान चलाते रहें। वार्डवार समितियों का गठन करके भी लगातार अभियान चलाएं। नगर निगम सुनिश्चित करे कि शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या न होने पाए। पुलिस प्रशासन सुनिश्चित करेगा कि प्रधानमंत्री के आगमन रूट पर जाम की स्थिति न होने पाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगातार कार्य करे। सभा स्थल पर पेयजल, टॉयलेट की उचित व्यवस्था हो। लोकार्पण तथा शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं।

**श्रावण मास में हो रहा पीएम का आगमन, व्यवस्थित व सफल तरीके से हो आयोजन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि माहौल

- **मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक**
- **मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश- समय से पूर्ण की जायें सभी तैयारियां**
- **महानगर में लगातार चलाया जाये स्वच्छता अभियान: सीएम योगी**
- **निर्देश: प्रधानमंत्री के आगमन एवं कार्यक्रम रूट पर कतई न होने पाये जाम की स्थिति**

खराब करने वालों से सख्ती से निपटें। ऐसे लोगों पर लगातार नजर रखते हुए उन्हें चिह्नित किया जाए। सभास्थल पर बरसात के दृष्टिगत सभी तैयारियां की जाएं। उन्होंने वरुणा नदी में भी साफ सफाई अभियान चलाने को निर्देशित किया। सभा स्थल के आसपास कहीं भी सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न होने पाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि श्रावण मास में प्रधानमंत्री का वाराणसी आगमन हो रहा है, हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कार्यक्रम को व्यवस्थित तथा सफल तरीके से आयोजित कराएं।

**प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने सीएम को तैयाारियों से कराया अवगत :** मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित वाराणसी दौरे के दौरान की गयी प्रशासनिक तैयारियों, लोकार्पण/शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं की पूरी जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने पुलिस प्रशासन की तरफ से की गयी सभी तैयारियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखा। उन्होंने जनपद की कानून व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, जनसभा स्थल, सेफ हाउस की भी जानकारी दी ।बैठक के दौरान श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, राय धर्मेंद्र सिंह, विधायक डॉ. अवधेश सिंह, त्रिभुवन राम, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. सुनील पटेल, डॉ. नीलकंठ तिवारी के साथ ही प्रशासनिक, पुलिस समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा किसी भी महिला का अपमान बर्दाश्त नहीं करती : बेबी रानी मौर्य

## भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने पत्रकारवार्ता कर मौलवी के बयान जतायी आपत्ति

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 22 जुलाई को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और

- **कहा, डिंपल यादव पर की गयी अशोभनीय टिप्पणी पर अखिलेश यादव का मौन निंदनीय ही नहीं, शर्मनाक**

उनकी पत्नी, सपा सांसद डिंपल यादव नई दिल्ली में संसद मार्ग स्थित मस्जिद में गये। उनके साथ सपा के अन्य सांसद, जैसे मोहिबुल्लाह नदवी (रामपुर सांसद और मस्जिद के इमाम), धर्मेंद्र यादव और जिया उर रहमान बर्क भी थे। इस दौरान वहां एक बैठक हुई, जिसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गए।

जिसके बाद मुस्लिम धार्मिक नेताओं ने सपा प्रमुख की धर्मपत्नी एवं सासंद डिंपल यादव को राजनीतिक हिंदू महिला कहकर उनके पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उन्होंने ऐसी आपत्तिजनक और मयार्दाओं के विपरित ऐसी टिप्पणियां की जिसको सभ्य समाज ना सुनना पसंद करता है ना बोलना। उन्होंने कहा कि यह एक महिला सांसद की गरिमा पर ही नही अपितु एक भारतीय नारी और उसकी संस्कृति पर हमला था। हमारी विचारधारा और डिंपल यादव की विचारधारा भले ही अलग-अलग हो लेकिन महिला का अपमान किसी भी सूरत में स्वीकार्य नही है। डिंपल यादव पर की गयी अशोभनीय टिप्पणी पर अखिलेश यादव का मौन निंदनीय ही नहीं, शर्मनाक भी है। मौलाना की बयानबाजी पर सपा का मौन क्या इस सोच की सहमति है कि सपा में महिलाओं की गरिमा अब मौलवी तय करेंगे? उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा सपा से अलग है लेकिन भाजपा किसी भी महिला का अपमान बर्दाश्त नहीं करती। डिंपल यादव का मामला हो या किसी और महिला का, हर नारी का सम्मान हमारी प्राथमिकता है। भाजपा उनके राजनीतिक स्टैंड से नहीं, उनके महिला होने के नाते उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा डिंपल यादव ने पूरी गरिमा और भारतीय मर्यादा के अनुरूप परिधान पहना था, फिर भी एक मौलाना ने उन्हें निशाना बनाया। क्या सपा अब मौलवियों के इशारे पर अपनी महिला सांसदों की गरिमा एवं उनका पहनावा भी तय करेगी? सपा प्रमुख डिंपल यादव के पति अखिलेश यादव की चुप्पी भी कहीं ना कहीं उनकी वोट बैंक की लालसा को दर्शाती है। वोट की खातिर महिला अस्मिता और सम्मान से उनका यह समझौता उनकी कमजोरी और राजनीतिक स्वार्थपरता को प्रतिबिंबित करता है कि समुदाय विशेष की नाराजगी से बचने और उनके वोट के लिए वह कहां तक जा सकते हैं। बेबी रानी मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख की चुप्पी यह भी दर्शाती है कि वे कट्टरपंथियों और तालिबानी मानसिकता रखने वालों के कितने बड़े समर्थक हैं कि सियासी फायदे के लिए वे अपनी स्वयं की धर्मपत्नी के अपमान पर भी मौन हैं।

# फौज को मौका मिलता तो पीओके ले लेते : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में बार-बार आतंकवादी घटनाएं क्यों हो रही है? पहलगाम में आतंकी घटना हुई, उसके पहले पुलवामा में जवानों पर हमला हुआ। पहलगाम में हमला करने वाले आतंकवादी कहां गायब हो गए वे कहां चले गए? अखिलेश यादव ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम ऑपरेशन सिन्दूर में सेना की बहादुरी, साहस और पराक्रम के लिए बधाई देते है। फौज को अगर और मौका मिलता तो हो सकता वे पीओके ले लेते। अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की विदेश नीति के असफल रही है। भारत का दुनिया के बहुत देशों में सम्मान है लेकिन जब जरूरत पड़ी तो भारत के साथ कोई खड़ा नहीं हुआ। यह चिंता का विषय है कि कई देश हमारे साथ व्यापार कर रहे है, लेकिन जरूरत के समय खड़े क्यों नहीं हुए? उन्होंने कहा कि चीन के साथ व्यापार हो रहा है, चीन ने क्या किया, सभी ने देखा। केंद्र सरकार को फैसला लेना चाहिए कि अगले दस साल चीन का कोई समान भारत नहीं आने देंगे। चीन से अमीरों का सब कुछ आ रहा है। किसान को खाद की जरूरत है, लेकिन खाद के लिए जरूरी चीजें नहीं आ रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। भाजपा सरकार ने बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा को बर्बाद कर दिया।

## रिटर्निंग आफिसर सत्तापक्ष के दबाव में कार्य न करे : श्याम लाल पाल

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा है कि निकाय चुनाव सीतापुर की मिश्रिख नैमिषारण्य नगर पालिका परिषद उपचुनाव में सपा की उम्मीदवार रामदेवी पत्नी बालमराम ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिसमें आपत्तियों को न बताकर सत्तापक्ष के लोग हार के डर से पर्चा निरस्त करा रहे है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि रिटर्निंग आफीसर सत्तापक्ष के दबाव में कार्य न करें।

# निवेश को लेकर हर माह 10 कम्पनियों को मिल रही एलओसी

## इन्वेस्ट यूपी : अब तक 4.33 लाख करोड़ रुपये की लगभग 8,363 परियोजनाओं ने शुरू किया व्यावसायिक उत्पादन

संजय धीमान




**लखनऊ।** यूपी में निवेश को लेकर शुरू हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के एक, दो और तीन...अब 5 के आयोजन की तैयारी चल रही है। ऐसे में इन्वेस्ट यूपी इन आयोजनों में आए निवेश को धरातल पर उतारने के लिए जी जान से जुटा हुआ है। यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए इन्वेस्ट यूपी हर माह 10 कंपनियों को एलओसी जारी कर रहा है। अब तक 4.33 लाख करोड़ रुपये की लगभग 8,363 परियोजनाओं ने पहले ही व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया है, जबकि 7.76 लाख करोड़ रुपये की 8,115 परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं।

इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने इस बात पर मुहर लगायी कि इन्वेस्ट यूपी ने अब तक 62 कंपनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट दे दिए हैं, जिनसे 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है। उनका प्रयास है कि वह दस कम्पनियों को प्रतिमाह एलओसी दें। निवेश के साथ यूपी के लोगों को अच्छा-खासा रोजगार भी प्राप्त हो रहा है। इन निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ ही यूपी सरकार दीपावली के बाद होने वाले अगले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में 5 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करने जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, जीबीसी में 12.10 लाख करोड़ रुपये की लगभग 16,478 परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। अधिकारियों ने संभावना यह भी जतायी है कि यह निवेश करीब 10 लाख करोड़ तक भी पहुंच सकता है। यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने सोमवार की शाम यह घोषणा भी कर दी है कि सरकार जल्द ही लखनऊ में एक जीबीसी आयोजित करेगी। उन्होंने पुष्टि करते हुए कहा, कि हम 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के जीबीसी के लिए तैयार हैं। उन्होंने घोषणा की कि इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए चीन, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय रोड शो आयोजित किए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि राज्य को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है, इसके साथ ही उद्यमियों को भी हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी और अभी तक किए भी जा रहे हैं। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ का मानना है कि जो कम्पनियां चीन से हटकर यूपी में निवेश करने की योजना बना रही है उन कम्पनियों को भी सरकार न्योता देकर यूपी में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अभी हाल ही में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में निवेश सारथी पोर्टल के तहत यूपी में प्रस्तावित निवेश को धरातल पर उतारने एवं निवेशकों की सहायता के लिए विभिन्न जिलों में तैनात उद्यमी मित्रों के कुशल नेटवर्क के कार्य संचालन को सुव्यवस्थित और डिजिटल बनाने की दिशा में इन्वेस्ट यूपी द्वारा तैयार किए गए मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली पोर्टल का उद्घाटन भी किया था। एचआरएमएस पोर्टल निवेशकों और यूपी सरकार के बीच सेतु का काम कर रहे उद्यमी मित्रों के कार्यों को सुव्यवस्थित करने में मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में निवेशक निवेश करने आ रहे हैं, वहीं यूपी के सर्वांगीण विकास के अलावा रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। इसलिए औद्योगिक विकास विभाग के सभी अधिकारी पूरी क्षमता के साथ कार्य करें एवं प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति प्रदान करें। गौरतलब है कि 2017 के बाद से यूपी में जिस तरह से औद्योगिक विकास ने गति पकड़ी है, उसे लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए कर्मियों की भी जरूरत पड़ रही है। इसके लिए मंत्री ने पहले से ही अधिकारियों को कार्मिक कैडर रिव्यू करने, प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों को तैनात करने, वहीं देश एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों के युवाओं को कैम्पस इंटरव्यू व अन्य प्रक्रिया के तहत साथ लेकर औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

## 12 प्रशासनिक अधिकारी किये गये इधर से उधर

**लखनऊ।** प्रदेश में पीसीएस अफसरों के तबादलों का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को 12 पीसीएस (प्रांतीय प्रशासनिक सेवा) के तबादले किए गए हैं। इससे पहले रविवार को 66 पीसीएस अफसरों का तबादला किया गया था। नियुक्ति विभाग से जारी आदेश के अनुसार रामकेश सिंह को प्रधान प्रबंधक, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के पद पर तैनात किया गया है। यह संस्था राज्य की चीनी मिलों की निगरानी और प्रबंधन से जुड़ी हुई है और इनकी नियुक्ति को रणनीतिक माना जा रहा है। कुमार धर्मेन्द्र को अपर जिलाधिकारी (एडीएम), बांदा के पद पर नियुक्त किया गया है। बांदा एक संवेदनशील जिला है जहां कानून व्यवस्था और प्रशासनिक दक्षता की अहमियत अधिक है। सालिक राम को नगर मजिस्ट्रेट, रामपुर के रूप में तैनात किया गया है। रामपुर जिले में नगर प्रशासन को लेकर संवेदनशीलता अधिक रहती है और यहां की जिम्मेदारी काफी चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। इसके अतिरिक्त अतुल कुमार को उपजिलाधिकारी गाजीपुर, शैलेंद्र प्रताप को उपजिलाधिकारी सुल्तानपुर, अरुण कुमार को उपजिलाधिकारी कौशाम्बी, संजय कुमार को उपजिलाधिकारी फतेहपुर, प्रवीण कुमार द्विवेदी को उपजिलाधिकारी मुजफ्फरनगर और श्रीराम यादव को उपजिलाधिकारी हापुड़ के पद पर तैनात किया गया है। इन सभी अधिकारियों को उनके अनुभव, प्रशासनिक कौशल और स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैनाती मिली है। अनूप कुमार को संयुक्त निदेशक बाल विकास पुष्टाहार, यमुनाधर चौहान को एडीएम नगर आगरा, गरिमा सिंह को अपर जिलाधिकारी अमरोहा, राकेश कुमार पटेल को अपर आयुक्त लखनऊ मंडल, दिग्विजय प्रताप सिंह को अपर जिलाधिकारी कासगंज, राजेंद्र बहादुर को नगर मजिस्ट्रेट इटावा, अम्बरीश कुमार बिंद को अपर आयुक्त मेरठ मंडल, संदीप कुमार वर्मा को अपर जिलाधिकारी रामपुर, रेशमा सहाय को उप जिलाधिकारी कन्नौज और रेणुका दीक्षित को उप जिलाधिकारी इटावा के पद पर तैनाती मिली है।

# बसंतकुंज में कब्जा लेने पहुंची एलडीए टीम का घेराव, विरोध

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** एलडीए की बसंतकुंज योजना सेक्टर ए की जिस जमीन पर 272 आवंटियों को प्लाट आवंटित किए गए हैं। वहां छंदोइया गांव के लोगों ने कब्जा जमा रखा है। आवंटियों के विरोध प्रदर्शन के बाबत सोमवार को एलडीए की टीम कब्जा हटाने व काम शुरू कराने पहुंची थी।

- वार्ता में नहीं बनी बात, बिना काम शुरू कराये वापस लौटे अफसर, इंजीनियर

लेकिन ग्रामीणों के विरोध के आगे काम शुरू नहीं हो सका। एलडीए टीम गांव के चारों तरफ रोड़ बनाने के लिए जमीन पर कब्जा करने पहुंची थी। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने टीम को घेर लिया।

एलडीए से ओएसडी संगीता राघव, अधिशासी अभियंता संजीव गुप्ता की बात ग्रामीण मानने को तैयार नहीं थे। टीम के साथ मौजूद एलडीए के प्रवर्तन दस्ते को भीड़ को हटाने में मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान ग्रामीणों की एलडीए सहित राजस्व विभाग की टीम के साथ कई घंटे वार्ता चली। वार्ता में गांव के चारों तरफ सड़क बनाने पर सहमति बन गई। मगर जमीन के मुआवजा पर सहमति न बन पाने की वजह से काम शुरू नहीं हों सका। जिसके चलते एलडीए टीम को वापस जाना पड़ा।

बसंतकुंज योजना के सेक्टर ए में 272 आवंटियों को उनके भूखंड पर कब्जा नहीं मिल रहा है। आवंटियों के विरोध करने पर एलडीए का प्रयास लगातार जारी है। लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते काम शुरू नहीं हो पा रहा है। इस वजह से ग्रामीण जमीन का कब्जा नहीं दे रहे हैं।

सोमवार को एलडीए टीम जेसीबी लेकर छंदोइया गांव पहुंची थी। एलडीए टीम के आने की सूचना ग्रामीणों को पूर्व से ही थी। टीम के पहुंचने पर ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीण अपनी मांगो को लेकर एलडीए टीम से बातचीत करने पर अड़े हुए थे। जिसको लेकर एलडीए व राजस्व विभाग की टीम ने विरोध के बीच ग्रामीणों के साथ वार्ता की। ग्रामीणों की मांग थी कि गांव की आबादी की जमीन को छोड़ कर चारों तरफ 12 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाए साथ ही कोई भी मकान नहीं तोड़ा जाएगा। गांव के लोग वर्तमान दर पर मुआवजा की मांग भी कर रहे थे। जिसको लेकर अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच वार्ता शुरू हुई। कई घंटे घंटे चली वार्ता के बीच ग्रामीणों व अधिकारियों के बीच सहमति बनी कि गांव की आबादी की जमीन छोड़ कर गांव के चारों तरफ 12 मीटर सड़क बनाई जाएगी। लेकिन मुआवजा की मांग पर सहमति न बन पाने की वजह से ग्रामीणों ने विरोध जारी रखा।

## अकबर नगर के विस्थापितों को मिलेगा रोजगार, चौपाल में दी जानकारी



**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में अकबर नगर से बसन्तकुंज योजना में विस्थापित किये गये लोगों के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने को लेकर चौपाल का आयोजन किया गया। बसंतकुंज योजना में आयोजित चौपाल में

- बसंतकुंज योजना में पानी, चेंबर चोक, साफ सफाई व कूड़ा उठान न होने की समस्या

उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर निगम सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विस्थापित किये गये लोगों के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने को लेकर डूडा व लाइट संस्था की ओर से पुनः सर्वे करने के उपरांत वेंडरों को स्वानिधि योजना से जोड़ते हुए उन्हें वेंडिंग जोन में स्थापित कराएं। चौपाल के दौरान बसंतकुंज योजना के लोगों ने पानी की सप्लाई समस्या, चेंबर चौक होने की समस्या, कॉलोनी की साफ सफाई व नियमित रूप से कूड़ा उठान न होने की शिकायत की।

इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की चौपाल में आए हुई समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए और उक्त स्थान पर मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए। संबंधित अधिकारी की ओर से अवगत कराया गया कि यहां के 17 लोगों को सीएम युवा उद्यमी योजना से लाभान्वित किया गया है। लेबर डिपार्टमेंट से 90 श्रम कार्ड बनाए गए हैं। जिसके क्रम में मंडलायुक्त ने कहा कि रजिस्टर श्रमिकों को कंस्ट्रक्शन वर्क या चौकीदारी में लगाया जाए। उक्त के पश्चात मण्डलायुक्त ने एमडी सिटी ट्रांसपोर्ट को निर्देश देते हुए कहा कि सिटी ट्रांसपोर्ट की ओर से बसन्त कुज योजना में उक्त स्थान पर चार्जिंग स्टेशन बनवाया जाए। इसके अलावा इस योजना के दृष्टिगत निर्माण कराये गए दुकानों को डूडा विभाग की ओर से संबंधित समूहों को आवंटित किया जाए। जिससे कि लोगों को रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए दूर न जाना पड़े और रोजगार के साधन भी सृजित हों। उन्होंने चौपाल के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस योजना में रह रहे लोगो को मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, टेलर, मोबाइल रिपेयर, सोलर मैकेनिक, जिम ट्रेनर व कारपेंटर आदि कुशल श्रमिक का सर्वे कराकर उक्त ट्रेडों में प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षित किया जाए। जिससे आसानी से रोजगार मुहैया कराया जा सके। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए विस्तृत कार्ययोजना प्राथमिकता पर तैयार किया जाये और सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समुचित प्रबंधन कराया जाए। आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व राशन कार्ड सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए तीन दिवसीय कैंप का भी आयोजन किया जाए।

## कृष्ण-ब्रज सर्किट, बौद्ध सर्किट और रामायण सर्किट के लिए तैयार कर रहे विशिष्ट गाइड

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** उत्तर प्रदेश में पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के अधीन संचालित मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट (एमकेआईटीएम) राज्य भर के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है।

यह कोर्स एमकेआईटीएम द्वारा संचालित कई लघु अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का हिस्सा है, जो उन व्यक्तियों को पेशेवर रूप से तैयार करता है जो पर्यटन क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। इसी क्रम में अब एमकेआईटीएम जल्द ही वाराणसी और कन्नौज के गाइड्स के लिए भी कक्षाओं की शुरूआत करने जा रहा है, जिससे यह प्रशिक्षण राज्य के और अधिक स्थलों तक पहुंचेगा।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाता है, जबकि अंतिम परीक्षा एमकेआईटीएम परिसर, लखनऊ में आयोजित की जाती है। इस कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित करने हेतु समाचार पत्रों और एमकेआईटीएम की आधिकारिक वेबसाइट पर विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है। परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को एमकेआईटीएम द्वारा गाइड लाइसेंस और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है, जिससे वे उत्तर प्रदेश में प्रमाणित गाइड के रूप में कार्य कर सकते हैं। अब तक नैमिषारण्य, अयोध्या और आगरा के प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, कृष्ण-ब्रज सर्किट, बौद्ध सर्किट और रामायण सर्किट के लिए विशिष्ट गाइड प्रशिक्षण सत्र भी पूर्ण हो चुके हैं इस कार्यक्रम को केवल स्थानीय स्थलीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए व्यापक रूप से डिजाइन किया गया है। प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश के पर्यटन परिदृश्य, प्रमुख सर्किटों और स्थलों की जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त, उन्हें गाइडिंग स्किल्स, पर्यटक शिष्टाचार, व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल में भी प्रशिक्षित किया जाता है।

## प्रदेश में तीन दिन झमाझम बारिश का अलर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश में सोमवार को छिटपुट बारिश होने से चिपचिपी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का यह सिलसिला अगले 48 घंटे तक और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कम से कम अगले 72 घंटे तक जारी रहने की आशंका है। इस अवधि में कुछ इलाकों में मध्यम से भारी वर्षा के आसार हैं।

पिछले 24 घंटों के दौरान कई इलाकों में छिटपुट बारिश हुई। इस दौरान अमेठी, जौनपुर और प्रतापगढ़ में क्रमशः 65, 69.2, 85 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से अधिक है। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने मानसून अवदाब कमजोर पड़कर उत्तर पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान पर कम दबाव के क्षेत्र के रूप में अवस्थित है। जिससे संबद्ध चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल तक बना हुआ है। मध्य समुद्र तल पर मानसून श्रीगंगानगर, झुंझुनूं के अलावा निम्नदाब क्षेत्र के केंद्र पन्ना, डाल्टनगंज, पुरुलिया होकर उत्तरी पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।

वही मध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर उत्तरी पूर्वी अरब सागर से गुजरात, पूर्वी राजस्थान एवं उत्तरी पूर्वी मध्य प्रदेश होते हुए दक्षिणी पूर्वी उत्तर प्रदेश तक है। उन्होंने बताया कि अनुकूल भूभौतिकीय परिस्थितियों के प्रभाव से प्रदेश में आगामी 2 से 3 दिनों तक मानसून की सक्रियता बढ़ने से बादल

- अमेठी, जौनपुर और प्रतापगढ़ में क्रमशः 65, 69.2, 85 मिमी बारिश दर्ज की गई

गरजने, बिजली के चमकने के साथ ही कहीं कहीं पर भारी से बहुत भारी बरसात की संभावना है। जिसमें पूर्वी यूपी के अलावा पश्चिमी यूपी के कुछ जिले शामिल हैं। मौसम विभाग ने जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रतापगढ़, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, आगरा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में भारी बारिश का अलर्ट जारी की किया है। वहीं, मंगलवार को आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ प्रथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं में बारिश के आसार है। 30 जुलाई से प्रतापगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना है।

## स्वामी विवेकानंद योजना के तहत छात्रों को टैबलेट वितरित

**लखनऊ।** राजकीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ में सोमवार को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत एम.एससी. (फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी) सत्र 2024-25 के छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में श्री बी.एल. मीणा, अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों को टैबलेट प्रदान किए। कार्यक्रम में विभाग के निदेशक श्री भानु प्रकाश राम, डॉ. सर्वेश कुमार (संयुक्त निदेशक, खाद्य प्रसंस्करण), डॉ. हरीश कुमार (मुख्य अनुदेशक एवं योजना के नोडल अधिकारी), डॉ. रामराखा सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश कुमार द्वारा कुशलता से किया गया। समारोह के समापन पर डॉ. सर्वेश कुमार ने अपर मुख्य सचिव श्री बी.एल. मीणा का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## पाक-कला इंडक्शन कार्यक्रम से नये बैच का शुभारंभ

**लखनऊ।** इंस्पायर लिविंग मैनेजमेंट एकेडमी (आईएलएमए), ने पाक-कला इंडक्शन कार्यक्रम के साथ नए बैच का शुभारंभ किया। गोमती नगर स्थित शैक्षणिक और प्रशिक्षण परिसर तथा दुबई स्थित विशेष अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट परिसर के साथ, आईएलएमए कुछ चुनिंदा संस्थानों में से है। सोमवार को विश्वप्रसिद्ध सेलिब्रिटी मास्टर शेफ शमीम कुरैशी ने विद्यार्थियों को भारतीय व्यंजनों की वैश्विक यात्रा के बारे में बताया और लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आईएलएमए के संस्थापक व निदेशक डॉ. अमित कुमार मिश्रा ने दुबई प्लेसमेंट परिसर से डिजिटल माध्यम के जरिए सीधे विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा भारत की प्रतिभा को वैश्विक मानकों का लीडर बनाना और छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करना जो उन्हें ईमानदारी, व्यावसायिक कुशलता और वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करे, उनका लक्ष्य है।

## एलडीए में समाधान दिवस आज

**लखनऊ।** शहरी क्षेत्र के नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के दृष्टिगत मंगलवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में लखनऊ विकास प्राधिकरण के कमेटी हॉल में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के मध्य किया जाएगा।

## मच्छरों को पनपने से रोकेगा फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव

**लखनऊ।** मानसून में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारों को रोकने के लिए नगर निगम ने फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव बढ़ा दिया है। साथ ही लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि फॉगिंग व एंटी लार्वा गतिविधियों को और अधिक तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इनकी नियमित समीक्षा एवं क्षेत्रीय भ्रमण कर पर्यवेक्षण का कार्य भी किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा क्षेत्रवार एयरोड्रोनिक स्क्रीन एवं पीए सिस्टम के जरिए ऑडियो विजुअल प्रचार अभियान शुरू किया गया है। डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, फॉगिंग और एंटी लार्वा अभियान में प्रयुक्त उपकरणों की स्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। किसी भी उपकरण के खराब होने की स्थिति में मुख्य अभियंता आरआर को तत्काल मरम्मत सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## परिवहन आयुक्त को जारी किया लेटर, नौ नये पद सृजित

**लखनऊ।** नौ नये पद भी सृजित कर दिये गये हैं। अब आगे इसके अन्तर्गत तीन नये डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर, तीन नये प्रधान सहायक और तीन नये आशुलिपिक की नव तैनाती की जायेगी। परिवहन विभाग अब छह से बढ़कर कुल मिलाकर नौ जोनों में विभाजित हो जायेगा, जिसको लेकर प्रमुख सचिव परिवहन अमित कुमार गुप्ता ने आधिकारिक तौर पर परिवहन आयुक्त बीएन सिंह को शासन का संबंधित लेटर जारी कर दिया है और इसके तहत अब बढ़े हुए जोन में कुल छह जोनों में बटा हुआ था और सूबे के ढांचागत विस्तार और सड़कों पर दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही गाड़ियों की संख्या के मद्देनजर विभागीय स्तर पर यह संभव नहीं हो पा रहा था कि छह जोन की टीमों के साथ सभी मंडलों, जनपदों और उससे जुड़े क्षेत्रों को कवर किया जाये। ऐसे में काफी अर्से से यह मांग की जा रही थी कि कुछ पुराने बड़े जोनों को काटकर, उन्हीं में से क्षेत्रवार तीन और नये जोन बनाये जाये ताकि मुख्यालय से लेकर अधिकारियों व कर्मियों को कामकाज करने में सहूलियत हो। इसको लेकर मुख्यालय स्तर पर प्रपोजल भी बनाकर भेजा गया था। बहरहाल, अब जाकर इस पर जमीनी काम हो पाया तो वहीं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी पूर्व में जोनों की संख्या बढ़ाये जाने को लेकर कई बार सार्वजनिक तौर पर भी चर्चा कर चुके थे। अब जब शासन से हरी झंडी मिली तो प्रमुख सचिव ने आधिकारिक तौर पर परिवहन आयुक्त को लेटर जारी कर दिया है। ऐसें में परिवहन विभाग के तहत जो नौ जोन बने हैं उनमें लखनऊ जोन (संभाग-लखनऊ, देवीपाटन-गोंडा), अयोध्या जोन (संभाग-अयोध्या, बस्ती), कानपुर जोन (संभाग-कानपुर, प्रयागराज), झांसी जोन (संभाग-चित्रकूट धाम, बांदा, झांसी), मेरठ जोन (संभाग-मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर), आगरा जोन (संभाग-आगरा, अलीगढ़), बरेली जोन (संभाग-बरेली, मुरादाबाद), वाराणसी जोन (संभाग-वाराणसी, मीरजापुर) और गोरखपुर जोन (संभाग-गोरखपुर, आजमगढ़) शामिल है।

## रेलवे क्षेत्र में कूड़ा उठान में पकड़ी गयी गड़बड़ी, लॉयन कर्मियों पर एफआईआर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम की कूड़ा उठान की एजेंसी लायन इन्वायरो की क्यूआरटी टीम ने सोमवार को कूड़ा उठान के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त की ओर से शनिवार को आयोजित समीक्षा बैठक के बाद की गई, जिसमें सभी जोनल अधिकारियों और एजेंसियों को कूड़ा उठान में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। निरीक्षण के दौरान टीम ने रेलवे, आरडीएसओ और रेलवे चारबाग क्षेत्र में हो रहे सेकेण्डरी कूड़ा उठान में गंभीर अनियमितताएं पकड़ीं। जांच में पाया गया कि नगर निगम की ओर से अधिकृत लायन इन्वायरो की जानकारी के बिना रेलवे क्षेत्रों से कूड़ा उठाया जा रहा था और इस प्रक्रिया में डीजल का अनुचित प्रयोग करके धन उगाही की जा रही थी।

- जोनल इंचार्ज, सेकेंडरी सुपरवाइजर व जेसीबी चालक वसूल रहे थे यूजर चार्ज

टीम के सदस्यों ने मौके पर पाया कि कूड़ा उठान का कार्य अनधिकृत रूप से उनके कर्मचारियों की ओर से किया जा रहा था और उसका यूजर चार्ज आपस में बांट लिया जा रहा था। यह पूरी प्रक्रिया न केवल नियमों के विरुद्ध थी, बल्कि निगम की छवि और राजस्व को भी नुकसान पहुंचाने वाली थी। जांच में लायन इन्वायरो के जिन कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई, उनके नाम इस प्रकार हैं जोनल इंचार्ज राहुल मौर्या, सेकेंडरी सुपरवाइजर सुनील त्यागी व अजय श्रीवास्तव एवं जेसीबी चालक सलामुद्दीन। इन सभी पर गंभीर आरोप लगते हुए पारा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवा दी गई है। लायन इन्वायरो टीम ने इस पूरे मामले की रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपी है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने इस प्रकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार को किसी भी स्थिति में बर्दाशत न करने की बात दोहराते हुए सभी जोनल अधिकारियों को चेतावनी दी है कि कूड़ा प्रबंधन कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

## बृहस्पति देव तिवारी बने कोषाध्यक्ष

### पूर्वी मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार राय ने पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देश पर संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से मंडल के पदाधिकारी की नियुक्ति करने की पहल हर जिले में की जा रही है। इसी कड़ी में पूर्वी मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार राय द्वारा बृहस्पति देव तिवारी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री तिवारी पिछले दो दशकों से भाजपा से जुड़े हुए हैं।

भाजपा संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ भाजपा की नीतियों सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बृहस्पति देव तिवारी ने कहा कि वह भाजपा के अनुशासित सिपाही है। संगठन के पदाधिकारी का जो भी आदेश होता है उसका पालन पूरी निष्ठा लगन मेहनत से करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारा यह दायित्व बनता है कि भाजपा की नीतियों सिद्धांतों को घर घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों का उत्थान कर रही है बिना किसी भेदभाव के किसानों मजदूर नौजवानों बुजुर्गों महिलाओं व्यापारियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में संगठन के पदाधिकारी हम लोगों को जो भी निर्देश देंगे उसका पालन पुरी ईमानदारी निष्ठा से करेंगे। बृहस्पति देव तिवारी को कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार राय, मंडल महामंत्री प्रवीण मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष ज्योति मिश्रा, मंत्री पारूल श्रीवास्तव, सौरभ, राम सिंह, युवा नेता सार्थक प्रताप सिंह, अभिषेक मिश्रा, जगदीश प्रसाद गुप्ता ने हार्दिक बधाई दी

## 3.7 किलो प्लास्टिक जब्त, 33,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया



**लखनऊ।** नगर निगम ने सोमवार को शहर भर में प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। विभिन्न जोनों की टीमों ने कार्यवाही करते हुए कुल 3.7 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की और 30 लोगों के खिलाफ चालान काटते हुए 33,000 रुपये का जुर्माना वसूला। जोन 1 में एक किलोग्राम प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। चार व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए, जिनसे कुल 9500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी तरह जोन 2 में 1.2 किलोग्राम प्लास्टिक बरामद करते हुए चार लोगों के खिलाफ चालान कर 4000 रुपये जुर्माना वसूल किया गया।

जोन 4 में करीब 700 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर दो व्यक्तियों का चालान काटा गया और 3000 रुपये की धनराशि वसूल की गई। जोन 5 में प्लास्टिक उपयोग करने पर 5 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई और उनसे कुल 6000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जोन 6 में 10 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई और उनसे कुल 2000 रुपये, जोन 7 में 800 ग्राम प्लास्टिक जब्त की गई और एक व्यक्ति के विरुद्ध चालान काटते हुए 1000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जबकि जोन 8 में चार व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 7500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जनता से अपील की कि वे एकल-उपयोग प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें और पर्यावरण हितैषी विकल्पों को अपनाएं। इसके साथ ही नगर निगम ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नियमित रूप से निगरानी करते रहें और जहां भी प्लास्टिक का प्रयोग हो रहा हो, वहां त्वरित कार्रवाई करें।

## राहत सहायता दिये जाने के लिए 180 लाख रुपये मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश के राजस्व विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा घोषित विभिन्न आपदाओं से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों/परिवारों को राहत सहायता प्रदान किये जाने के लिए कुल 180 लाख रुपए मंजूर किये हैं। यह धनराशि राज्य आपदा मोचक निधि के तहत मंजूर की गयी है। मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार गोरखपुर के लिए 01 करोड़ रुपए तथा कन्नौज के लिए 80 लाख रुपए मंजूर किये गये हैं। शासन द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि स्वीकृत धनराशि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित जनपदीय कोषागार से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ई-पेमेन्ट (डी.बी.टी.) के माध्यम से ही भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा बेमौसम भारी वर्षा, अतिवृष्टि, आकाशीय विद्युत, आंधी-तूफान, लू-प्रकोप, नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई, गैस रिसाव, बोरवेल में गिरना पर सहायता दी जायेगी।

## स्वच्छता में तीसरा स्थान मिलने पर आनंद महिंद्रा ने जाहिर की खुशी

विशेष संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** स्वच्छता सर्वेक्षण में देश भर के शहरों में लखनऊ को तीसरा स्थान मिलने पर लखनऊ के ही लोग गर्व महसूस नहीं कर रहे हैं। बल्कि यह उपलब्धि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेर रही है। भारत के प्रमुख उद्योगपति व महिंद्रा

- पोस्ट में लिखा, इस शहर से स्पेशल नाता, आईएएस इंद्रजीत हैं यहां के मोटिवेशन

ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सफलता से अभिभूत नजर आए। उन्होंने सोमवार को अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर एक पोस्ट कर उपलब्धि पर खुशी जाहिर की और लखनऊ नगर निगम की सराहना की है। लखनऊ की सफाई में तरक्की देखकर उद्योगपति आनंद महिंद्रा आनंदित हैं। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर अपनी खुशी जाहिर की। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा इस शहर से मेरा स्पेशल नाता है। आनंद महिंद्रा ने अपनी पोस्ट में लिखा कि लखनऊ ने स्वच्छता के क्षेत्र में जो मुकाम हासिल किया है, वह न केवल सराहनीय है बल्कि प्रेरणादायक भी है। उन्होंने लखनऊ नगर निगम के पूर्व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को मोटिवेशन बताते हुए इस बदलाव का प्रमुख सूत्रधार करार दिया। इसके साथ ही एक 2 मिनट 16 सेकेंड का प्रेरणादायक वीडियो साझा किया है। उसमें लखनऊ में हुए स्वच्छता सुधारों को दिखाया गया है। अपनी पोस्ट में आनंद महिंद्रा ने लखनऊ से जुड़े अपने गहरे पारिवारिक संबंधों का जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि उनका और उनकी मां का बचपन लखनऊ में बीता है। आईटी कॉलेज से उनकी मां का सीधा जुड़ाव रहा, जहां वे शिक्षिका के रूप में कार्यरत थीं। मुंबई जाने से पहले मां का लखनऊ के आईटी कॉलेज से गहरा संबंध था। इसी शहर की गलियों और गलियारों में अपने बचपन के कई साल गुजारे हैं। आनंद महिंद्रा ने लिखा कि लखनऊ हमेशा से अपने संस्कृति, तहजीब और खानपान के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन शहर में साफ-सफाई की स्थिति लंबे समय से चिंता का विषय रही है। उन्होंने आगे लिखा कि वहां डस्टबिन की संख्या बहुत कम थी, त्योहारों के बाद सड़कों पर कूड़ा-कचरा बिखरा रहता था। लेकिन अब जो परिवर्तन दिख रहा है, वह सुखद और आशाजनक है। यह सफलता नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के सख्ती से सफाई व्यवस्था को लागू करने और आम जनता को इसके लिए प्रेरित करने से मिली है। आनंद महिंद्रा ने लिखा, कि इंद्रजीत सिंह जैसे अधिकारी असली बदलाव के वाहक हैं, जिनसे देश प्रेरणा ले सकता है। इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर लखनऊ नगर निगम की प्रशंसा का सिलसिला शुरू हो गया।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# पत्नी की हत्या के बाद पति ने की आत्महत्या, एक साथ उठी दोनों की अर्थी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पारिवारिक कलह के चलते एक ही घर से उठी दो अर्थियों ने अपने छोटे-छोटे बच्चों को बेसहारा कर दिया। रविवार को माल थाना अंतर्गत पकरा बाजार गांव से एक दिलदहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां घरेलू विवाद में रवि (27) ने पत्नी सीमा (25) की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी। खून से लथपथ पड़ी सीमा की लाश के पास रोते हुए उनके मासूम बच्चों की चीखें सुन गांव के लोगों की रूह कांप गई। पत्नी की हत्या करने के बाद रवि ने अकबरपुर गांव के बाहर आम के पेड़ पर शर्ट से फंदा लगाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। सुबह छह बजे ग्रामीण नित्यक्रिया के लिए बाग में पहुंचे तब उसकी नजर पेड़ से लटकती रवि की लाश पर पड़ी। सूचना फैलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के मुताबिक, बीते रविवार को पकरा बाजार गांव निवासी मजदूर रवि ने पत्नी सीमा की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद रवि मौके से भाग निकला था। हालांकि, पुलिस हत्यारोपी की तलाश में उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि इस बीच पुलिस कंट्रोल रूम पर हत्यारोपी का शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी देते हुए शव को नीचे उतार मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू कलह का लग रहा है, लेकिन हर पहलू से जांच जारी है।

- गांव के बाहर पति रवि ने बाग में फंदा लगाकर की खुदकुशी

**ग्रामीणों में शोक, पूरे गांव में पसरा सन्नाटा:** इस घटना ने न सिर्फ एक दंपती की जान ले ली, बल्कि उनके छोटे-छोटे बच्चों को अनाथ कर दिया। अब वे न मां की ममता पाएंगे, न पिता का सहारा। गांव के बुजुर्गों की आंखें भी नम थीं, जब उन्होंने कहा-ऐसी लड़ाई में कोई जीतता नहीं, सब हार जाते हैं। एक साथ उठी अर्थियों ने गांव को शोक में डुबो दिया। सीमा और रवि की अंतिम यात्रा में पूरे गांव की भीड़ उमड़ पड़ी। कोई यह समझ नहीं पा रहा कि एक मामूली विवाद ने कैसे दो जिंदगियों को एक झटके में खत्म कर दिया। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या घरेलू विवादों को समय रहते सुलझाने के लिए हमारे पास कोई सामाजिक ढांचा है।

## पत्नी की खुदकुशी में सिपाही गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। बीकेटी के मामपुर बाना गांव में पत्नी सौम्या (35) के खुदकुशी के आरोपी सिपाही को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवती की मां की तहरीर पर चार के खिलाफ दहेज हत्या, मारपीट और प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर, सौम्या के माता-पिता और भाई पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए गृह जनपद मैनपुरी भोगांव आलीपुर चले गए।

घटना की जानकारी पर सौम्या की मां रामवती, पिता लालू प्रसाद रविवार रात लखनऊ पहुंचे। रामवती ने बीकेटी थाने में दामाद अनुराग, रायबरेली पुलिस विभाग में तैनात उसके बहनोई संजय, बहन और भाई रंजीत के खिलाफ दहेज हत्या की तहरीर दी। रामवती ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर अकसर यह लोग बेटी को पीटते रहते थे। कई बार इनकी छोटी-मोटी मांग पूरी भी की गई पर इसके बाद भी मांग लगाकर बढ़ती जा रही थी। कुछ माह से कार और 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर अनुराग ने बेटी की हत्या कर दी और आत्महत्या दशार्ने के लिए शव फंदे से लटका दिया। एसीपी बीकेटी अमोल मुकुर्ट ने बताया कि आरोपित सिपाही अनुराग को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वहीं, अन्य आरोपितों की भूमिका की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी आया है। हार्ट और विसरा भी सुरक्षित किया गया है। साजिश के तहत माफी मांगकर मुकदमे में कराया था सौम्या के पिता लालू ने बताया कि बेटी ने अनुराग के खिलाफ 2023 में शोषण का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने पर अनुराग को अपनी नौकरी जाने का डर था। उसने साजिश के तहत माफी मांग कर समझौता कराया। फिर मंदिर में बीते जनवरी माह में शादी की थी। शादी के बाद उसने बेटी को लखनऊ में लाकर रखा। इसके बाद मौका पाते ही उसकी हत्या कर दी।

## 10 डीएम सहित 23 आईएएस अफसरों का तबादला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को प्रशासनिक महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए 23 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इस सूची में कई सीनियर अधिकारियों के नाम शामिल हैं, जिनमें से 10 जिलों के जिलाधिकारी भी बदले गए हैं। इन तबादलों में सबसे चर्चित नाम मनीष वर्मा का है, जो अब तक गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी थे। उन्हें प्रयागराज का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं बहराइच की डीएम मोनिका रानी को हटाकर बेसिक शिक्षा विभाग में विशेष सचिव बना दिया गया है। यह बदलाव प्रशासनिक संतुलन और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से किया गया है।

आईएएस अफसर नेहा शर्मा को गोंडा से हटाकर प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन बनाया गया है। मोनिका रानी को बहराइच जिलाधिकारी के पद से हटाकर विशेष सचिव बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा बनाया गया है। आईएएस गौरव दयाल को मंडलायुक्त अयोध्या से हटाकर सचिव गृह विभाग बनाया गया है। राजेश कुमार सचिव गृह एवं सतर्कता विभाग उत्तर प्रदेश से हटाकर मंडलायुक्त अयोध्या बनाया गया है। वहीं, गोरखपुर के जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा बनाया गया है। गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा को गोरखपुर का नया जिलाधिकारी बनाया गया है प्रयागराज के डीएम रवींद्र कुमार मंदर को गाजियाबाद का जिलाधिकारी बनाया गया है। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को प्रयागराज का डीएम बनाया गया है। कासगंज की जिलाधिकारी मेधा रूपम को गौतमबुद्ध नगर का नया डीएम बनाया गया है। आईएएस अफसर प्रणय सिंह को अपर आयुक्त गन्ना एवं प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश चीनी निगम लिमिटेड से हटाकर कासगंज का जिलाधिकारी बनाया गया है। कानपुर देहात के डीएम आलोक सिंह को विशेष सचिव राज्य संपत्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं राज्य संपत्ति अधिकारी बनाया गया है।

## सीएमएस के 18 छात्रों को मिली स्कॉलरशिप

लखनऊ। सीएमएस के कानपुर रोड कैम्पस के 18 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 72 लाख रुपए की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है, जिसके तहत प्रत्येक छात्र को चार लाख रुपए मिलेंगे। सीएमएस छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए दी जायेगी। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने इन सभी मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है और इस उपलब्धि के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस स्कॉलरशिप के अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष 80,000/- रुपए अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि दी जायेगी। सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस के इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आई.एस.सी. (कक्षा-12) परीक्षा-2025 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में टॉप वन परसेन्ट मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है एवं इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए विज्ञान की उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप के लिए चयनित किया गया है।

## कश्मीरी माइग्रेंट और एनआरआई की हुई काउंसलिंग

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सोमवार को बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कश्मीरी माइग्रेंट एवं एनआरआई अभ्यर्थियों की काउंसलिंग हुई। काउंसलिंग प्रक्रिया सुबह दस बजे से प्रारंभ की गयी। इस दौरान प्रमाणपत्रों की जांच के बाद रैंक के अनुसार सीट आवंटन किया गया। एनआरआई में तीन छात्रों ने काउंसलिंग के जरिए आईईटी में प्रवेश लिया। पिछले पांच साल में एनआरआई का आईईटी में सर्वाधिक प्रवेश इस बार हुआ है। वहीं, कश्मीरी माइग्रेंट में 12 छात्र काउंसलिंग कराकर प्रवेश लिया। सीट आवंटन के बाद सभी अभ्यर्थियों को कॉलेज में जाकर फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में हुई काउंसलिंग प्रक्रिया का समन्वय प्रो. ओपी सिंह ने किया। इस दौरान प्रो. एसपी शुक्ला, प्रो. धनंजय सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, अभिषेक नागर, डॉ. आयुष श्रीवास्तव ने सहयोग प्रदान किया।

## आज अवध बार चुनाव का होगा मतदान

लखनऊ, विधि संवाददाता। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के अवध बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों पर मंगलवार को मतदान होगा। इसी के साथ सभी प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार भी थम गया है। मंगलवार को सुबह दस बजे से मतदान प्रारंभ हो जाएगा जो शाम पाँच बजे तक चलेगा। तत्पश्चात 30 जुलाई को मतों की गणना होगी। यह जानकारी चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता एचजीएस परिहार ने दी। उन्होंने बताया कि इस बार के चुनाव में 22 भिन्न-भिन्न पदों पर कुल 135 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर पाँच प्रत्याशी जबकि महासचिव पद के लिए 9 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

## नहर में उतराया मिला युवक का चार दिन पुराना शव, मचा हड़कंप

लखनऊ। आलमबाग मानक नगर थाना इलाके स्थित कनौसी से निकली शारदा नहर में सोमवार सुबह एक युवक का करीब चार दिन पुराना शव मिलने से हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाल मृतक की पहचान हो जाने पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मृतक के बड़े भाई भूपेंद्र के 23 वर्षीय नीरज पुत्र धर्मपाल ग्राम पोस्ट तिरिया संडीला हरदोई व अस्थाई रूप से खुशी बिहार कनौसी मानक नगर निवासी के रूप में की है। मृतक के बड़े भाई भूपेंद्र कुमार के अनुसार वह दो भाई वह और छोटा मृतक भाई नीरज सहित तीन बहन उर्मिला कमला विमला है जिसमें विमला अविवाहित है वह उनका मृतक भाई मृतक पेंटर का काम करता था और नशे का आदी था। जो बीते 24 जुलाई से लापता था जिसकी वह खोजबीन कर रहे थे।

## करंट की चपेट में आने से छात्रा झुलसी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में विद्युत करंट की चपेट में आने से कक्षा एक की छात्रा गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर अस्पताल में भर्ती कराया। सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा निवासी सलीम का कहना है कि उनकी 6 वर्षीय पुत्री अलीना छत पर खेल रही थी। तभी इसी दौरान छत के ऊपर से निकले विद्युत तार की चपेट में आ गई। चपेट में आने से वह बुरी तरह जुलूस गई पर उन्होंने इसकी सूचना आनन फानन पुलिस के साथ-साथ विद्युत विभाग को दी।मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करना शुरू कर दिया।वही सलीम का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण छात्रा हाई टेंशन लाइन की करंट लगने से बुरी तरह से झुलस गई। जिसे पुलिस परिजनों के साथ मिलकर लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया।जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित का कहना है कि 11000 वोल्ट के हाई टेंशन तारों में अचानक से करंट आने पर बच्ची करंट के चपेट में आकर झुलस गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग नादरगंज पावर हाउस को इसकी शिकायत की जा चुकी है की तार छत के ऊपर से जा रहे हैं, लेकिन बिजली विभाग के किसी भी अधिकारी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। बिजली विभाग के इस लापरवाही के कारण ही आज मासूम बच्ची का जीवन खतरे में पड़ गया है और पूरा परिवार सदमे में है।परिजनों का आरोप है कि तार हटाने के लिए एक विद्युत कर्मचारी से बात हुई थी तो उसको हटाने की एवज में उसने 20000 की मांग की थी।रुपए न देने की वजह से अभी तक तार नहीं हटाए गए।

## सब्जी विक्रेता की कार के पहिये से दबकर हुआ गंभीर रूप से घायल

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत होकर खड़ी कार के पहिए के नीचे आने से युवक बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने आनन फानन मे लोक बंधु अस्पताल पहुँचाया। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के बेहटा निवासी पप्पू सोनी उम्र करीब 40 वर्ष सब्जी बेचने का काम करता है। अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास शराब के नशे में धुत होकर खड़ी कार के नीचे लेट गया। कार का मालिक जब कुछ देर बाद वापस आया और अपनी गाड़ी लेकर चल दिया। इसी दौरान पप्पू कार के पहिए के नीचे आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद कार चालक अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल पप्पू को ई रिक्शा से लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया।,जहां पर उसका इलाज चल रहा है ' स्थानीय लोगों से जब पुलिस को इस मामले की जानकारी मिली तो पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी और फरार कार चालक की तलाश कर दी।

## जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा भेजा गया ईडी की कस्टडी रिमांड पर

लखनऊ। अवैध धर्मांतरण कराने के मामले में निरुद्ध अभियुक्त जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को ईडी की विशेष अदालत ने पांच दिन के लिए ईडी की कस्टडी रिमांड पर भेजने का आदेश दिया है। अभियुक्त जमालुद्दीन की कस्टडी रिमांड की यह अवधि 28 जुलाई (सोमवार) की शाम सात बजे से शुरू हो चुकी है। विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अभियुक्त की यह कस्टडी रिमांड मंजूर की है इससे पूर्व जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को ईडी की न्यायिक हिरासत में लिया गया। अभियुक्त को जेल से पुलिस की भारी सुरक्षा के बीच ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया था। विशेष जज राहुल प्रकाश ने यह आदेश ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर योगेश की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र को मंजूर करते हुए दिया है। ईडी की अर्जी पर विशेष वकील कुलदीप श्रीवास्तव ने बहस की। इनका कहना था कि 16 नवंबर 2024 को एटीएस ने धर्मांतरण कराने के मामले में जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पांच जुलाई को एटीएस ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया था। इसी आधार पर ईडी ने भी केस दर्ज कर जांच शुरू की। ईडी ने शुरुआती जांच में पाया है कि अवैध धर्मांतरण के इस मामले में बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग भी हुयी है जिसमें करोड़ों की विदेशी फंडिंग भी शामिल है। अभियुक्त जमालुद्दीन व इससे जुड़े लोगों के नौ बैंक खातों का पता चला है जिसमें 63 करोड़ 9 लाख की रकम आई है। साथ ही चार करोड़ 11 लाख रुपए की कृषि भूमि व आवासीय प्लॉट का भी पता चला है। कहा गया कि अभियुक्त से उन तमाम विदेशी फंडिंग के स्त्रोत व इसके विदेशी नेटवर्क तथा अन्य तमाम जानकारियां हासिल करनी है क्योंकि अभियुक्त ही इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड है।

## शातिर चोर गिरफ्तार, भारी मात्रा में ज्वैलरी नकदी सहित घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

लखनऊ। कृष्णा नगर पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित बैकुण्ठ धाम वीआईपी रोड आजादनगर से एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने गिरफ्त में आए शातिर के पास से भारी मात्रा में ज्वैलरी सहित 1700 नगदी व घटना में प्रयुक्त बाइक संख्या यूपी 32 एन बी 2273 भी बरामद किया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पकड़े गए शातिर ने पुलिस पूछताछ में अपना परिचय गौरव थारू पुत्र मेवालाल थारू नटबस्ती आजाद नगर थाना कृष्णानगर जनपद लखनऊ निवासी के रूप में देते हुए बताया कि वह मांगलिक कार्यक्रमों में ढोल बजाने का काम करता है और रैकी कर बंद घरों को निशाना बना अपने मित्र बिट्टू के साथ मिलकर देर रात ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे जेवरात को राह चलते लोगों को औने-पौने दामों पर बेच देता था। उसने कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के साकेपुरी में अपने साथी बिट्टू के साथ चोरी की घटना कबूल की है। पुलिस के अनुसार जेवरात व नकदी बरामदगी के आधार पर शातिर को जेल भेज घटना में प्रयुक्त बाइक पर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई कर शातिर के साथी बिट्टू की तलाश की जा रही है।

## शोर-शराबे के साथ बर्थडे पार्टी मनाने से मना करने पर पीटा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के हिंद नगर निवासी अभय सिंह उर्फ रिंकू पुत्र स्वर्गीय शीतला प्रसाद सिंह ने स्थानीय थाने पर लिखित शिकायत देकर बताया है कि आज समय करीब शाम 6:15 बजे हिंद नगर शिव मंदिर पार्क में कुछ लोग इकठ्ठे होकर शोर शराबा करते हुए बर्थडे पार्टी मना रहे थे। जब मैं उन लोगों के नजदीक पहुंचकर अनावश्यक शोर शराबा करने से मना किया तो मौके पर मौजूद अमन निवासी बदाली खेड़ा, सुमित कुमार उर्फ मुन्ना निवासी पुरानी चुंगी कानपुर रोड व देव सिंह अपने पांच छह अन्य साथियों के साथ एकदम से मुझे गंदी गंदी गालियां देने लगे जब मैं गाली देने से मना किया तो उन लोगों ने मुझे हाथापाई करते हुए ईंट घुममों से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी, इससे मेरे सर में व शरीर पर कई जगह गंभीर चोट लगी है। सरोजिनी नगर पुलिस रविवार को ही शिकायत दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**गली में डाला खड़ा करने से मना करने पर मारपीट करने का लगाया आरोप:** बिजनौर थाना क्षेत्र में रास्ते में खड़े लोडर वाहन को हटाने की बात कहने पर दबंगों ने युवक का सिर फोड़ दिया। बिजनौर थाना क्षेत्र के माती गांव निवासी अब्दुल हमीद घरेलू सिलेंडर लेकर बाइक से घर जा रहे थे। अब्दुल हमीद का कहना है घर की गली में वाहिद अली का डाला खड़ा हुआ था। जिससे अब्दुल हमीद को निकालने में परेशानी हो रही थी। पीड़ित का कहना है कि जब उसने डाला हटाने के लिए कहा तो वाहिद ने डाला हटाने से मना कर दिया और गाली गलौज करने लगा। इस पर अब्दुल ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दे दिया। पीड़ित का कहना है पुलिस को सूचना देने से नाराज होकर वाहिद अपने भाई इरशाद, नौशाद और इरफान को बुला लिया और सभी ने मिलकर लाठी डंडों से उस पर हमला कर दिया। ,हमले में अब्दुल घायल हो गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत बिजनौर थाने में दर्ज कराई। बिजनौर पुलिस तहरीर लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

## टेंट कारोबारी पर चाकू से हमला, लूट का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। खुजौली में रहने वाले टेंट कारोबारी ने रविवार रात दो लोगों पर घर में घुसकर चाकू से हमलाकर लूट पाट करने का आरोप लगाया है। कंधे पर चाकू लगने से टेंट कारोबारी जख्मी हो गया। पुलिस को पीड़ित ने एक आरोपी को पहचान लेने का दावा किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद लूट से इंकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया। लेकिन रात ढाई बजे चाकू कैसे लगा इसका जवाब पुलिस नहीं दे पा रही। खुजौली में रहने वाले टेंट कारोबारी अमर सिंह ने बताया कि रात ढाई बजे वह छत पर बने कमरे में सो रहा था तभी नकाबपोश दो बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला कर सोने की चेन व बेड की दराज में रखे एक लाख रुपये लूट लिए।टेंट कारोबारी ने एक बदमाश को पहचान लेने का दावा किया। रात में चाकू से हमला कर लूट की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने जख्मी का निजी अस्पताल में उपचार कराने के साथ आरोपित युवक को हिरासत में लेने के बाद लूट की वारदात से इंकार किया। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि चाकू से जख्मी टेंट कारोबारी ने जिस युवक पर लूट के दौरान चाकू से जख्मी करने का आरोप लगाया है वह उसी का साथी है। 15 दिन पहले दोनों जुआ खेलने के आरोप में गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में पकड़े गए थे। जिसमें टेंट कारोबारी आरोपित युवक पर मुखबिरी करने का आरोप लगाया था। इसके चलते उसे फंसाने के लिए लूट की झूठी सूचना दी थी। मामला सिर्फ मारपीट का सामने आ रहा है। लेकिन रात ढाई बजे चाकू किसने मारा इसको लेकर पुलिस गोलमाल जवाब दे रही है। फिलहाल पुलिस आरोपित के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज करने की बात कह रही है।

## बाद तुम्हारे जाने के मैं बोलो किसे समझाता...



- वरिष्ठ व्यंग्यकार गोपाल चतुर्वेदी की स्मृति में हरिओम मंदिर लालबाग में हुई सभा
- साहित्यप्रेमियों, रचनाकारों और अन्य प्रशंसकों ने दी श्रद्धांजलि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रख्यात व्यंग्यकार गोपाल चतुर्वेदी को शहर के साहित्यप्रेमियों और प्रशंसकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। हरिओम मंदिर लालबाग लखनऊ में 28 जुलाई सोमवार को स्मृति सभा का आयोजन हुआ। सभा में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ उदय प्रताप सिंह, वरिष्ठ व्यंग्यकार सूर्यकुमार पांडेय, राजेश अरोरा शलभ, वरिष्ठ गायिका सुनीता झिंगरन, दामाद मनसिजे मिश्र, पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अरविंद चतुर्वेदी, प्रो उषा सिन्हा, वरिष्ठ लेखिका अलका प्रमोद, उप्र हिंदी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ अमिता दुबे, समाजसेवी मधु चतुर्वेदी, देवकी नंदन शांत, वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद चौधरी, प्रकाशक व लेखक नवीन शुक्ल समेत अनके प्रशंसक मौजूद रहे। स्मृतिशेष गोपाल चतुर्वेदी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार राजनेता डॉ उदय प्रताप सिंह ने कहा कि गोपाल जी लखनऊ के सामाजिक जीवन की शान थे। उन्हें समर्पित अपनी रचना ह्यउस दिन जब तुम चले गए तो, सावन की आंखें भर आईं/ दीवारें हो गईं रुआसी आंगन की आंखें भर आईं, बाद तुम्हारे जाने के मैं बोलो किसे समझाता/ भूले से पड़ गया सामने दर्पण की आंखें भर आईं। सुनीता झिंगरन ने गोपाल जी को समर्पित अपने शास्त्रीय रागों की श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि गोपाल जी ने अपने आंगन में हर वर्ष होली के रंगों को चटख रखा। उनके घर के आंगन में हर वर्ष हरकारे का फागोत्सव की स्मृतियां हमेशा चटख रहेंगी। नवीन शुक्ल ने कहा कि हमारी अंतरंग थे, हर तरह की बातें कर लेते थे। हमेशा सहयोग करते रहे। सूर्यकुमार पांडेय ने कहा कि जब गोपाल जी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष रहे। भारतीय भाषाओं पर राष्ट्रीय सेमिनार कराए। महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का सिलासिला लगा रहा। नई दिल्ली में बाल साहित्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी भाषा संस्थान की ओर से आयोजित की। लखनऊ में गोपाल जी के आने के बाद संगोष्ठियों गोष्ठियों का नया सिलसिला शुरू किया। डॉ अमिता दुबे ने कहा कि गोपाल जी का कृतित्व-व्यक्तित्व हमारे जैसी पीढ़ी के लिए अनुभव की परकाष्ठा है। हमारे बाद की पीढ़ी के लिए उनका लेखन महत्वपूर्ण है।

## भूमाफियाओं के ऊसर जमीन को कब्जे से मुक्त कराया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ के सरोजिनी नगर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सरोजिनी नगर तहसील प्रशासन ने भू माफिया द्वारा ग्राम रेवरी में उसर जमीन पर प्लाटिंग कर कब्जा की गई जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश दिया है की सरकारी जमीनों पर जिन जिन भू माफिया ने कब्जा किया है। उनको तत्काल कब्जे से मुक्त कराया जाए और उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए। सरोजनी नगर में लगातार भूमाफिया सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं।

सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम रेवरी परगना बिजनौर की खसरा संख्या-80 राजस्व अभिलेखों में उसर के रूप में दर्ज है। 0.266 हेक्टेयर हैं। जिस पर भूमाफियों द्वारा प्लाटिंग कर 2 करोड़ 10 लाख रुपए की बेस कीमती उसर भूमि पर बड़ा खेल किया गया था। जिस पर सुबह राजस्व टीम ने भारी पुलिस बल के साथ भूमि का पुनः चिन्हाकन कर उसर भूमि है। इसका बोर्ड लगवाया गया। इस अभियान में क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के साथ संयुक्त रूप से पैमाइश कर चिन्हित किये जाने हेतु नायब तहसीलदार आस्था पांडेय उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला के निर्देशन में सुखबीर सिंह तहसीलदार के नेतृत्व में कानूनगो समर बहादुर सिंह वं क्षेत्रीय लेखपाल पुलिस बल मौजूद रहा। उप जिलाधिकारी अंकित शुक्ला ने बताया सरोजिनी नगर तहसील क्षेत्र के अतर्गत ग्राम रेवरी परगना बिजनौर की खसरा संख्या 80 राजस्व अभिलेखों में उसर के रूप मे दर्ज है जो सरकारी जमीन को अवैध रूप से कब्जा कर रखी थी। उसको चिन्हित कर कब्जे से मुक्त कराई गई और कबजेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया अभियान के तहत सभी जमीनों को चिन्हित किया जाएगा और कब्जे से मुक्त कराया जाएगा।

## दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप, केस दर्ज

लखनऊ। बंथरा इलाके के भदोही गांव निवासी रीता पत्नी राज ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए लगातार मारपीट और अब जान से मार देने का प्रयास करने का आरोप लगाकर स्थानीय थाने पर शिकायत दर्ज कराई है। बंथरा पुलिस ने रविवार को शिकायत दर्ज कर छानबीन शुरू की है। रीता के अनुसार उसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार भदोही गांव निवासी राज पुत्र संजय के साथ हुआ था। घर वालों के गरीब होने के चलते ससुराल पक्ष के मन मुताबिक दहेज नहीं दे पाए थे। जिसे लेकर पति राज और ससुर, देवर, आजी सास हमेशा मारते पीटते रहते थे, कहते थे कि मुझे कलर टीवी, सोने की चेन और पांच लाख रुपए नगद नहीं दिया तो जान से मार देंगे इसे लेकर चार बार मारपीट की गई। रीता के अनुसार घर वालों के पैसा ना देने के बाद बीती 26 जुलाई को रात लगभग 9:00 बजे उसे जान से मारने का प्लान बना रहे थे। तब मैंने इन लोगों की बात सुन लिया और अपने मायके में सूचना दी। इसके बाद भाई द्वारा 112 नंबर पुलिस को सूचना दी गई। इधर ससुराली जनों द्वारा मौका पाकर मुझ पर जान से मार डालने की नीयत से हमला कर दिया गया किन्तु तब तक मेरे भाई और मां के साथ पुलिस पहुंच गई तब मेरी जान बच सकी। इसके बाद स्थानीय थाने पर शिकायत दर्ज कराई है। बंथरा पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।


चौक स्थित कोतवालेश्वर मंदिर से नगर भ्रमण पर गाजे-बाजे के साथ निकले नगर कोतवाल


भक्तों को उमड़ा हुजूम


मनकामेश्वर मंदिर में लगी भक्तों की लंबी कतार

फोटो-अमित वर्मा

# शिव पंचाक्षर मंत्र से गूंजे शिवालय, बाबा का हुआ विशेष श्रृंगार

## सावन के तीसरे सोमवार पर शिव मंदिरों में लगी भक्तों की कतार, श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन के साथ किया जलाभिषेक





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्रावण के तीसरे सोमवार पर सुरक्षा इंतजामों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। राजधानी के ऐतिहासिक सिद्धपीठ मनकामेश्वर मंदिर में महंत देव्या गिरि ने भोर आरती के साथ ही मंदिर के कपाट खोल दिए थे। सुबह से दोपहर तक श्रद्धालुओं की कतार लंबी हो गई। सावन सोमवार के कारण शहर के शिवालयों में भगवान शिव के भजन सुबह-सुबह ले शिव का नाम, शिव आयेंगे तेरे काम..., मेरा भोला है भंडारी, करे नंदी की सवारी शंभु नाथ रे..., ओम नमः शिवाय जैसे भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ था। सुबह से शुरू हुआ दर्शन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। भोर से ही शिवालयों में बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। देर रात से ही भक्तों की कतार लग गई। सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में भालेनाथ ने बाबा बफार्नी रूप में दर्शन दिए। रंगीन बर्फ से बाबा बफार्नी का श्रृंगार हुआ। वहीं डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मन्दिर में देर रात से भक्तों की कतार लग गई। भोर चार बजे हुई आरती के साथ कपाट खुले। कपाट खुलते ही शिव शम्भू के जयकारे से मन्दिर परिसर गूंज उठा। 51 लीटर दुग्ध और पांच नदियों के जल से भोलेनाथ का अभिषेक हुआ। भोलेनाथ का हरियाली श्रृंगार हुआ। पूरे दिन मंदिर में रुद्राभिषेक होता रहा। भक्तों ने दुग्ध और जलाभिषेक किया। ढ़ोल, नगाड़ा, तासा और शंख ध्वनि के बीच बाबा के जयकारे लगे। महंत देव्या गिरि ने भोलेनाथ की आरती उतारकर देश में शांति और सुख समृद्धि की कामना की।

**हुआ भव्य श्रृंगार:** राजधानी के प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर में तड़के महाआरती के बाद मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गये। जहां भोले को जल चढ़ाने के लिए भक्त अपनी बारी का इंतजार करते नजर आये। इस दौरान हर.हर महादेव और बोल बम से पूरा परिसर गूंजायमान हो उठा। भोले को जल चढ़ाने के बाद भक्तों के चेहरों की रौनक देखते ही बन रही थी। दूसरी ओर चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर में भोले का फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। साथ ही, ठंडाई बतौर प्रसाद भक्तों में वितरित की गई। यहां भी देर शाम तक भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहा।

**श्री बालकेश्वर हनुमान मन्दिर पर हुआ भोलेनाथ का बर्फ श्रृंगार:** निरालानगर स्थित श्री बालेश्वर हनुमान मंदिर में सावन माह के तीसरे सोमवार को पर शिवलिंग बनाकर भोले बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया कार्यक्रम में श्री गणेश वंदना, बोल बम, ऐसा डमरू बजाया भोले नाथ नृत्य प्रस्तुत कर भोले बाबा की महाआरती का किया गया। प्रसाद में ठंठाई का वितरण किया गया।

**हुई भस्म आरती:** राजेंद्र नगर स्थित महाकाल मंदिर में तड़के उज्जैन की तर्ज पर भस्म आरती का आयोजन किया गयाए जिसमें सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया। इसके बाद मंदिर के द्वार भक्तों के लिए खोल दिए गये। भोले के भक्त अपने आराध्य के दर्शन पाकर खुद को भाग्यशाली मान रहे थे। वहींए सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर में भी फूलों से श्रृंगार किया गया। साथ हीए रुद्राभिषेक का आयोजन भी हुआ। यहां भक्तों की भारी भीड़ बनी रही।

**घरों में हुआ पूजन:** महादेव के भक्तों द्वारा घरों में भी पूजन.अर्चन किया गया। भक्तों द्वारा घरों में रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। साथ हीए भोलेनाथ से मन की मुरादें भी मांगी। इस दौरान घरों में रौनक देखते ही बन रही थी।

**छोटा व बड़ा शिवाला में बाबा का किया श्रृंगार:** चौक के छोटा व बड़ा शिवाला के साथ ही कल्याण गिरि मंदिर में पुजारी ने बाबा का श्रृंगार किया और श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। कोनेश्वर मंदिर और कोतवालेश्वर मंदिर में केवल पुजारी ने ही बाबा का श्रृंगार किया। हनुमान सेतु मंदिर परिसर के शिव लिंग के दर्शन किए गए। गुलाचिन मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, तुलसी मानस मंदिर और इंद्रेश्वर मंदिर समेत राजधानी के सभी शिव मंदिरों में सुरक्षा बंदोबस्त के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की। बाबा सिद्धनाथ के मंदिर में जलाभिषेक के विशेष इंतजाम के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।

**108 कमल के फूलों से बाबा का श्रृंगार:** चौक स्थित कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में भोर में जलाभिषेक के साथ भोलेनाथ का पूजन शुरू हुआ। बाबा ने पगड़ी पहन कर राजा स्वरूप में दर्शन दिए। बाबा का मेवे, राजमा और फूलों से श्रृंगार हुआ। महंत विशाला गौड़ ने बताया कि पूरे सावन भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजन की होग। ठाकुरगंज स्थित कल्याण गिरि मंदिर में 108 कमल के फूलों से बाबा का श्रृंगार हुआ। मन्दिर परिसर दीपों से जगमगा उठा। भोलेनाथ को 56 भोग अर्पित किए गए। चौपटिया स्थित बड़ा शिवालय में सुबह से ही भक्तों ने पहुंचकर दुग्ध और जल से अभिषेक किया।

## सावन का तीसरा मंगला गौरी व्रत आज

लखनऊ। सावन के मंगलवार को मंगला गौरी व्रत किया जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही मनचाहे वर पाने के लिए व्रत भी किया जाता है। पंचांग के अनुसार, तीसरा मंगला गौरी का व्रत 29 जुलाई को किया जाएगा। माना जाता है कि इस दिन विधिपूर्वक उपासना करने से सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन सदैव खुशियों से भरा रहता है।

**मंगला गौरी व्रत की पूजा विधि :** सावन में मंगला गौरी व्रत किया जाता है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। इसके बाद स्नान कर सूर्य देव को जल अर्पित करें। मंदिर की सफाई कर चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर शिव जी और माता पार्वती की प्रतिमा को विराजमान करें। अभिषेक कर अक्षत, कुमकुम, फूल, फल समेत आदि चीजें अर्पित करें और माता पार्वती को सोलह श्रृंगार की चीजें चढ़ाएं। दीपक जलाकर आरती करें और पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना करें। व्रत कथा का पाठ कर भोग लगाएं और लोगों में प्रसाद का वितरण करें। इस दिन श्रद्धा अनुसार का दान करना भी फलदायी होता है।

## श्री कोतवालेश्वर महादेव की नगर भ्रमण यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सोमवार को चौक कोतवाली स्थित श्री कोतवालेश्वर मंदिर से श्री कोतवालेश्वर महादेव जी चांदी की पालकी में नगर भ्रमण यात्रा पर निकलें। श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर से कोतवालेश्वर बाबा जी को चांदी पालकी में बैठाया गया। उसके पश्चयत बाबा जी की आरती व गॉड ऑफ ऑनर प्रशासन द्वारा दिया गया। प्रशासन से आये होम गार्ड बैण्ड बजा कर बाबा को प्रस्थान कराया। नगर भ्रमण यात्रा श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर से कोनेश्वर और चरक चौराहा होते हुए बैंड बाजे के साथ मंदिर में पुनः वापसी आने पर भव्य आतिशबाजी की गयी। नगर भ्रमण यात्रा करते हुए श्री कोतवालेश्वर महादेव ने नगर का हाल-चाल जाना। इस नगर भ्रमण में काफी सांख्य में भक्तगण उपस्थित रहे। नगर भ्रमण यात्रा में महाराष्ट्र से आए रंगोली कलाकार ने रंगोली बनाई गयी, प्रशासनिक घोड़े, लिल्ली घोड़ी, हाथी, ऊंट 10 रिक्शे पर विभिन्न मूर्ति वाली झांकियां निकाली गई। डीजे इलु मस्ताना झांकी, ब्रास बैंड, 6 बगियां, डमरू ग्रुप, बनारस की झांकी, झंकार बैंड, शंकर जी की 11 फिट मूर्ति, पीले वस्त्रों में महिलाएं झांझ बजाती व भक्ती गीत गायी हुई यात्रा में शामिल हुई। ऑक्सीजन गैस से फूलों की वर्षा यात्रा में जगह-जगह की गयी। महंत विशाल गौड़ ने बताया कि यात्रा में उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल श्रीमती बेबी रानी मौर्या, श्रीमती अपर्णा यादव (समाज सेविका भाजपा), नीरज सिंह आदि नेता मंत्री शामिल रहे। यात्रा में अयोध्या राम मंदिर के पुजारी भी शामिल रहे। इस अवसर पर श्री कोतवालेश्वर ट्रस्ट के अजय अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, आनंद रस्तोगी, अजय खन्ना, संदीप अग्रवाल, अंकुर दीक्षित, पंकज अग्रवाल, अवध अग्रवाल, आशीष मिश्रा, डॉ राज कुमार वर्मा, अनुराग मिश्रा, निखिल अग्रवाल, आचार्य राजेश शुक्ला, नीरज अवस्थी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# अबकी सावन सैंया घर से न निकसो...



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रिटायर्ड रेलवे आफिसर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में हरियाली तीज के उपलक्ष्य में सावनी गीतों से महफिल गुलजार हुई। महिला शाखा की अध्यक्ष कुमकुम मिश्रा के संयोजन में बंदरिया बाग स्थित पूर्वोत्तर रेलवे अधिकारी क्लब में हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा रोचक प्रस्तुतियाँ दी गयीं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ रिटायर्ड रेलवे आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव मिश्रा के स्वागत सम्बोधन से हुआ। समूह गान घिरी घिरी आयो सावन, नन्हीं नन्हीं बुंदियाँ, मनहारिन का भेष बनाया एवं मेरे घूँघर वाले बाल में श्रीमती संगीता सिंह, राशी नारायण, शोभना शरण, मुक्ता भागवानी, राशी राय, रचना गुप्ता, वीना चन्द्रा, अनीता कंचन, अर्तिका कनौजिया, गीता श्रीवास्तव, शेफाली रस्तोगी, पुनीता जायसवाल, किरन राय, ऊषा सिंह ने सहभागिता की। उषा सिंह एवं किरन राय द्वारा हास्य व्यंग्य लघुनाटिका का मंचन भी किया गया। अनुराधा केसरवानी एवं रचना मिश्रा की एकल नृत्य प्रस्तुति, कुमकुम मिश्रा एवं वीना चन्द्रा का एकल गायन पुनीता जायसवाल एवं मुक्ता भागवानी का युगल नृत्य, रचना मिश्रा, विमला राओ, शेफाली रस्तोगी, रचना गुप्ता, अंजली निगम, अर्तिका कनौजिया, गुला भगमनी एवं गीता श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत कैसे खेलन जाइबो गीत पर आधारित समूह नृत्य को सराहना मिली। इस अवसर पर अतिथि गायिका निधि निगम ने अबकी सावन सैंया घर से न निकसो तथा बोले रे पपीहरा की मनभावन प्रस्तुति दी। पुनीता सुधा गुप्ता, शेफाली रस्तोगी, उषा सिंह, संगीता सिंह, रचना गुप्ता, अंजलि निगम, वीणा चन्द्रा, शोभना शरण, शैलजा, रानी, किरन राय, अनीता कंचन, भुक्ता भागवानी एवं नीति ने रैम्प वॉक भी किया। पार्टी गेम्स व कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शालिनी साठे ने किया। रत्नेश मिश्रा ने कीबोर्ड पर तथा ललित मैसी ने तबले पर संगत की। सुविख्यात म्यूजियोकोलाजिस्ट के. एस. पाण्डक द्वारा सावन तथा कजरी गीतों पर आधारित म्युजिकल क्विज करायी गयी।

# नाग पंचमी पर शिव पूजन से दूर होगा कालसर्प दोष

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, नाग पंचमी के दिन शिवलिंग पर विशेष वस्तुएं अर्पित करने से कालसर्प दोष जैसी ज्योतिषीय समस्याओं से मुक्ति मिलती है। इससे न केवल ग्रहों का दोष कम होता है, बल्कि जीवन में खुशहाली और सफलता भी बढ़ती है। आइए जानते हैं नाग पंचमी पर शिवलिंग पर किन पवित्र चीजों का अर्पण करना सबसे प्रभावशाली माना जाता है।

**शहद:** नाग पंचमी के अवसर पर शिवलिंग पर शहद अर्पित करने से परिवार में चल रहे कलह और मतभेद कम होते हैं। यह उपाय करियर में सफलता के मार्ग खोलने में मदद करता है और व्यक्ति के जीवन में सौभाग्य का संचार करता है। साथ ही, शहद की भेंट से आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है और समृद्धि आती है। इसे अर्पित करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

**कच्चा दूध :** यदि आपकी कुंडली में कालसर्प दोष है तो नाग पंचमी के पावन दिन शिवलिंग पर कच्चा दूध चढ़ाना बेहद शुभ माना जाता है। खासकर ब्रह्म मुहूर्त में यह पूजा करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इससे जीवन में आ रही परेशानियां और बाधाएं कम होती हैं और व्यक्ति के भाग्य में सुधार होता है। यह उपाय दोष निवारण और मानसिक शांति के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है।

**धतूरा:** नाग पंचमी के दिन शिवलिंग पर धतूरा चढ़ाने से भगवान शिव की विशेष प्रसन्नता प्राप्त होती है। इससे आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं और मनोकामनाएं पूरी होने में मदद मिलती है। यह उपाय व्यक्ति के जीवन में समृद्धि और खुशहाली लाने वाला माना जाता है।

**बेलपत्र:** बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। नाग पंचमी के दिन शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से शिवजी जल्दी प्रसन्न होते हैं और भक्त की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। इससे जीवन में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है।

**अक्षत और चंदन:** शिवलिंग पर अक्षत (अक्षत यानी बिना टूटे चावल) और चंदन चढ़ाना नाग पंचमी के दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। इससे पापों का नाश होता है और व्यक्ति के जीवन में शांति और संतुलन बना रहता है।

**काले तिल:** नाग पंचमी के दिन शिवलिंग का अभिषेक काले तिल मिलाकर करना भी अत्यंत फलदायक होता है। इससे कालसर्प दोष का निवारण होता है और परिवार में सकारात्मक ऊर्जा के साथ सुख-शांति का वातावरण बनता है।

# शिववास योग में नाग पंचमी आज, होगी नाग देवता की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सावन में नाग पंचमी यानी का दिन बहुत खास माना जाता है। इस साल सावन में नाग पंचमी पर शिववास योग बन रहा है। इस साल नाग पंचमी का पर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा। शिववास योग बहुत खास माना जाता है। ऐसा रहा जाता है। कि इस योग में भगवान शिव मां पार्वती के साथ कैलाश में वास करते हैं, जिससे वो सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। इस दिन नाग देवता की पूजा करने से सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। बहुत खास है। दरअसल पंचमी तिथि को हमें नागों से यह प्रार्थना करना चाहिए कि जो नाग पृथ्वी, पर, आकाश, स्वर्ग, सूर्य की किरणों, सरोवरों, कूप में रहते हैं, हम पर प्रसन्न हों। इस प्रकार पूजा करने बाद किसी ब्राह्मण को भोजन कराना चाहिए। इसके लिए दीवार पर नागों की आकृति बनाकर उनको विभिन्न नेवैद्य का भोग लगाना चाहिए। भविष्यपुराण में नागों की पूजा में कहा गया है। सांपों की पूजा के लिए सबसे अच्छा दिन नाग पंचमी तिथि है। यह तिथि महापुण्य देने वाली कही गई है। इसके लिए पंचमी को व्रत करना चाहिए और एक बार भोजन करनी चाहिए। जो साल की पंचमी तिथि का व्रत करता है, उसे इस दिन नागों की पूजा कर, सोना, मिट्टी या चांदी का नाग बनवाकर उनकी कई नेवेद्यों से पूजा करनी चाहिए। व्रत के पारण के समय 5 ब्राह्मणों को खाना खिलाना चाहिए। जिनके माता-पिता सांप के कटने से मरते हैं, उनकी सद्गति के लिए नाग पंचमी के दिन विशेष पूजा अर्चना कर व्रत करना चाहिए।

**नाग पंचमी पर अद्भुत योग:** नाग पंचमी पर शिववास योग का अद्भुत संयोग हो रहा है। यह योग बहुत विशेष है। इस योग में भगवान शिव मां पार्वती कैलाश में वास करते हैं और भक्तों की मनोकामनाओं की पूर्ति करते हैं। इस शुभ योग में नाग देवता की पूजा करने से हर तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। पंचमी तिथि पर नागों से प्रार्थना करना चाहिए कि पृथ्वी, आकाश, स्वर्ग से लेकर सूर्य की किरणों, सरोवर, कुआं आदि में वास करने वाले जो भी नाग देवता है वो हम पर प्रसन्न हों। नाग पंचमी पर पूजा करने बाद ब्राह्मण को भोजन करवाने का नियम है। इसके लिए नागों की दीवार पर आकृति बनाना चाहिए और फिर नेवैद्य का भोग अर्पित करना चाहिए।

**नाग पंचमी का महत्व :** सावन के महीने में सांप भू गर्भ से निकलकर भू तल पर आ जाते हैं। माना जाता है कि नाग किसी व्यक्ति को नुकसान न पहुंचाएं, इसलिए नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा-अर्चना की जाती है। कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को बिहार, बंगाल, उड़ीसा, राजस्थान आदि स्थानों पर नाग देवता की पूजा की जाती है। वहीं, शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को देश के अन्य राज्यों में नाग पंचमी मनाई जाती है। शास्त्रों और पुराणों के अनुसार, नाग देवता स्वयं पंचमी तिथि के स्वामी हैं। ऐसे में इस दिन उनकी पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। मान्यता है कि नाग पंचमी पर विधि-विधान से नाग देवता की पूजा करने से कुंडली में मौजूद राहु व केतु से जुड़े दोषों से मुक्ति मिल सकती है। नाग देवता को पाताल लोक का भी स्वामी बताया गया है। ऐसे में पंचमी तिथि के दिन भूमि की खुदाई भूलकर भी नहीं करनी चाहिए।

**पूजा विधि:** इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करने के बाद साफ वस्त्र धारण करने चाहिए। इसके बाद, पास के शिवालय में जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करें और व्रत का संकल्प लें। अब अपने घर, रसोई और मंदिर के दरवाजे के दोनों ओर खड़िया से पुताई करके कोयले से नाग देवता का चिन्ह बना लें। अगर ऐसा संभव न हो, तो आप नाग देवता की तस्वीर का प्रयोग भी कर सकते हैं। फोटो लगाने के बाद घर में नाग देवता विधि-विधान से पूजा करें और फिर पास के खेत या ऐसे स्थान पर दूध का कटोरा रखकर आ जाएं जहां सांप आ सकते हैं। इस दिन सेवई और चावल बनाने का भी खास महत्व होता है। अब नाग देवताओं को दूध और जल से स्नान कराएं। साथ ही, धूप, दीप, नैवेद्य आदि अर्पित करें। अब अंत में आरती करें और नाग पंचमी की कथा का पाठ भी अवश्य करें। इससे बेहद शुभ फल की प्राप्ति होती है।

## मनकामेश्वर मंदिर में होगा नाग श्रृंगार, दंगल में लगेंगे दांव, सजेंगे मेले



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि ने बताया कि नाग पंचमी पर सुबह पांच बजे मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खुल जाएंगे। भोलेनाथ का भव्य नाग श्रृंगार होगा। काल सर्प दोष और रुद्राभिषेक का विशेष पूजन होगा। भक्त भोलेनाथ का दूध और जल से अभिषेक कर आशीर्वाद लेंगे। वहीं राजेन्द्रनगर स्थित महाकाल मंदिर के वरिष्ठ सेवादर अतुल मिश्रा ने बताया कि नागपंचमी पर रात 12 बजे कपाट भक्तों के लिए खुल जाएंगे। सुबह चार बजे भस्म आरती होगी। दिन में काल सर्प दोष निवारण और रुद्राभिषेक कर विशेष पूजन होगा।

नागपंचमी गुड़िया के अवसर पर इस दिन राजधानी के तमाम आस.पास के गांवों में दंगल भी खेले जाएंगे। बीकेटी के शिवपुरी, इटौंजा के अमानीगंज और कुम्हरावां के पलिया गांव समेत माल.मलिहाबाद और मोहनलालगंज के कई इलाकों में दंगल खेले जाएंगे। सदर के अखाड़ों में भी मिट्टी मली जाएगी, जहां पहलवान दांव लगाएंगे। इसके अलावा मनकामेश्वर, कोनेश्वरए, कल्याण गिरि, मोहनरोड स्थित बुद्धश्वर महादेव मंदिर समेत तमाम शिवालयों में पूजन और बाहर नाग पूजन किया जाएगा, मेले लगेंगे। उधर नागपंचमी पर हुसैनगंज.छितवापुर में लगने वाले प्राचीन गुड़िया मेले की भी तैयारियां जोरों पर रही। रात तक मेले में लगने वाले झूले और दुकानें सज रही थीं।

**गली-गली घूमेंगे नागराज, चौराहे पर पिटेंगी गुड़िया:** श्रावण मास शुक्लपक्ष की पंचमी नागपंचमी मंगलवार को गली-गली नागराज घूमते फिरेंगे। नागराज गलियों में बजती हुई बीन के साथ दिखाई देंगे तो चौराहों पर रंग बिरंगी डंडियों से गुड़िया पीटी जाएंगी। सुबह से ही घरों में सपार्कृति पूजन के बाद शाम को राजधानी और गांव देहात की हर गली.चौराहा गुड़ियों और रंग बिरंगी डंडियों से पट जाएगा। इस दिन भगवान भोले की पूजा कर नागों को गौदुग्ध पिलाया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से भविष्य में सर्पभय नहीं रहता। घर से दरिद्रता दूर भगाने के लिये शाम को चौराहों पर बच्चों द्वारा गुड़िया का भी पीटा जाना शुभ माना जाता है।

**खूब बिकी रंग बिरंगी डंडियां:** नागपंचमी के चलते दिनभर शहर के बाजारों में रंग बिरंगी डंडिया खरीदते लोग दिखे। अमीनाबाद, गणेशगंज, कैसरबाग, डालीगंज, चौक, डंडइया, निशातगंज, चिनहट समेत तमाम बाजारों में बच्चों और बड़ों ने मोलभाव कर रंग-बिरंगी डंडिया बेहया की लकड़ी से बनी खरीदी।

**हुसैनगंज में लगेगा गुड़ियन का मेला:** नवाबों के समय से हुसैनगंज में लगता आ रहा गुड़ियन का मेला इस बार फिर लगेगा। ओसीआर बिल्डिंग के पास से महाराणा प्रताप चौराहे के पास लगने वाले मेले में सजावट से लेकर खान पान की दुकानें सजने लगी है। जहां दूर दराज से आए लोग बड़ी संख्या में अपनी जरूरत के सामान की खरीदारी करते हैं।

# नॉन इंटरलॉक कार्य के कारण नियंत्रित होकर चलेंगी ट्रेनें



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के कानपुर सेंट्रल-लखनऊ खण्ड के जैतीपुर स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल के निर्माण के परिप्रेक्ष्य में प्री-नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का नियंत्रण एवं पुनर्निर्धारण किया जायेगा।

नियंत्रण के तहत दरभंगा से 29 जुलाई एवं 01 अगस्त को चलने वाली 04071 दरभंगा-दिल्ली विशेष गाड़ी 160 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। वीरंगना लक्ष्मीबाई झांसी से 29 जुलाई से 02 अगस्त को चलने वाली 11109 वीरंगना लक्ष्मीबाई जं. झांसी -लखनऊ जं. एक्सप्रेस उत्तर मध्य रेलवे पर 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। बरौनी से 28 जुलाई से 01 अगस्त को चलने वाली 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस को पूर्व मध्य रेलवे पर 20 मिनट एवं पूर्वोत्तर रेलवे पर 20 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। गोरखपुर से 31 जुलाई एवं 01 अगस्त को चलने वाली 12511 गोरखपुर-तिरूवनन्तपुरम उत्तर एक्सप्रेस, पूर्वोत्तर रेलवे पर 15 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

तिरूवनन्तपुरम उत्तर से 29 एवं 30 जुलाई को चलने वाली 12512 तिरूवनन्तपुरम उत्तर -गोरखपुर एक्सप्रेस, दक्षिण मध्य रेलवे पर 40 मिनट, मध्य रेलवे पर 60 मिनट, पश्चिम मध्य रेलवे पर 60 मिनट तथा उत्तर मध्य रेलवे पर 50 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। आगरा फोर्ट से 29 जुलाई से 02 अगस्त तक चलने वाली 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ जं. एक्सप्रेस, उत्तर मध्य रेलवे पर 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 29 जुलाई से 02 अगस्त तक चलने वाली 12004 नई दिल्ली-लखनऊ जं. एक्सप्रेस, उत्तर मध्य रेलवे पर 20 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। गोरखपुर से 29 जुलाई को चलने वाली 22922 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, पूर्वोत्तर रेलवे पर 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

यशवंतपुर से 02 अगस्त को चलने वाली 12592 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस, दक्षिण मध्य रेलवे पर 40 मिनट, मध्य रेलवे पर 60 मिनट, पश्चिम मध्य रेलवे पर 60 मिनट तथा उत्तर मध्य रेलवे पर 50 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। जयपुर से 29 जुलाई एवं 01 अगस्त को चलने वाली 19715 जयपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस, उत्तर पश्चिम रेलवे पर 30 मिनट, उत्तर मध्य रेलवे पर 40 मिनट, पूर्वोत्तर रेलवे पर 80 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। पुणे से 29 जुलाई को चलने वाली 12103 पुणे-लखनऊ जं. एक्सप्रेस, मार्ग में 15 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। गोरखपुर से 30 जुलाई को चलने वाली 12589 गोरखपुर-चर्लपल्ली एक्सप्रेस, मार्ग में 15 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 30 जुलाई को चलने वाली 12598 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस, मार्ग में 15 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

साबरमती से 31 जुलाई को चलने वाली 19409 साबरमती-थावे एक्सप्रेस, उत्तर रेलवे पर 60 मिनट, उत्तर पश्चिम पर 60 मिनट, उत्तर मध्य रेलवे पर 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। यशवंतपुर से 30 जुलाई को चलने वाली 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस, मार्ग में 15 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 31 जुलाई को चलने वाली 15269 मुजफ्फरपुर-साबरमती एक्सप्रेस, मार्ग में 35 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। यशवंतपुर से 31 जुलाई को चलने वाली 15024 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस, मार्ग में 15 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। पुनर्निर्धारण के तहत थावे से 01 अगस्त को चलने वाली 19410 थावे-साबरमती एक्सप्रेस, थावे से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। छपरा से 28 एवं 31 जुलाई को चलने वाली 05305 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी, छपरा से 50 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। गोरखपुर से 30 जुलाई को चलने वाली 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस, गोरखपुर से 30 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

## 10 अगस्त तक चलेगी श्रावणी मेला विशेष गाड़ी

**लखनऊ।** श्रावणी मेला में श्रद्धालु यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु 03527/03528 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला विशेष गाड़ी का संचलन आसनसोल से 28 जुलाई से 10 अगस्त तक प्रतिदिन तथा गोरखपुर से 29 जुलाई से 11 अगस्त तक प्रतिदिन 14 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 03527 आसनसोल-गोरखपुर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी 28 जुलाई से 10 अगस्त तक प्रतिदिन आसनसोल से 21.00 बजे प्रस्थान कर चित्तरंजन से 21.30 बजे, मधुपुर से 22.25 बजे, जसीडीह से 23.05 बजे, दूसरे दिन झाझा से 00.30 बजे, किऊल से 01.07 बजे, मोकामा से 01.42 बजे, बख्तियारपुर से 02.17 बजे, पटना से 03.30 बजे, पाटलिपुत्र से 04.30 बजे, छपरा से 07.00 बजे, सीवान से 08.05 बजे तथा देवरिया सदर से 09.12 बजे छूटकर गोरखपुर 10.45 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 03528 गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला विशेष गाड़ी 29 जुलाई से 11 अगस्त तक प्रतिदिन गोरखपुर से 13.45 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से 15.10 बजे, सीवान से 16.25 बजे, छपरा से 17.50 बजे, पाटलिपुत्र से 20.00 बजे, पटना से 20.35 बजे, बख्तियारपुर से 21.25 बजे, मोकामा से 22.07 बजे, किऊल से 23.47 बजे, दूसरे दिना झाझा से 00.55 बजे, जसीडीह से 01.30 बजे, मधुपुर से 01.55 बजे तथा चित्तरंजन से 02.47 बजे छूटकर आसनसोल 03.50 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान (अनारक्षित) के 20 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## दो ट्रेनें निरस्त, कई गंतव्य से पहले समाप्त करेंगी यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु पूर्व तटीय रेलवे के सम्बलपुर मंडल पर स्थित सम्बलपुर स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री नान इंटरलॉक/नान इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट ओरिजिनेशन/शार्ट टर्मिनेशन किया जायेगा।

निरस्तीकरण के तहत विशाखापट्टणम से 10 एवं 13 अगस्त को चलने वाली 18523 विशाखापट्टणम-बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से 11 एवं 14 अगस्त को चलने वाली 18524 बनारस-विशाखापट्टणम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

शार्ट ओरिजिनेशन/शार्ट टर्मिनेशन के तहत सम्बलपुर से 08 से 15 अगस्त तक चलने वाली 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस सम्बलपुर के स्थान पर रेंगाली स्टेशन से चलाई जायेगी। यह गाड़ी सम्बलपुर से रेंगाली के मध्य निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 06 से 13 अगस्त तक चलने वाली 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर एक्सप्रेस सम्बलपुर के स्थान पर रेंगाली स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी रेंगाली से सम्बलपुर के मध्य निरस्त रहेगी।

# पुरस्कार पाकर खिले छात्रों के चेहरे

- एलपीएस (सीपी सिंह फाउंडेशन) के तत्वावधान में अंतर्शाखा प्रतियोगिता स्पर्धा सम्पन्न




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक अंतर्शाखा प्रतियोगिता स्पर्धा के अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में दो अलग-अलग केंद्रों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सेक्टर-आई शाखा में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए अंतर्शाखा बैडमिंटन प्रतियोगिता, जबकि सेक्टर-डी शाखा में कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए टेबल टेनिस, शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। प्रतियोगिता की शुरुआत सेक्टर-आई में प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह एवं सेक्टर-डी में प्रधानाचार्या अपर्णा त्रिपाठी द्वारा खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाकर की गई।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालिकाओं की श्रेणी में एलपीएस साउथ सिटी की आरना त्रिपाठी, भाषी, अंशिका शर्मा और महक सिंह की टीम ने विजयी ट्रॉफी जीती, जबकि सेक्टर-आई शाखा की सुकृति मिश्रा, मनस्वी शर्मा, वैष्णवी पाठक और आस्था सिंह की टीम रनर-अप रही। बालकों में एलपीएस उन्नाव के वत्सल त्रिपाठी, चन्द्रवीर सिंह, कृतज्ञ नागर और वंश बहादुर सिंह विजेता बने। वहीं, सेक्टर-डी की टीम प्रियम पाठक, चिरांश पंत, रक्षित मिश्रा और वत्स चतुर्वेदी उपविजेता रही। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब बालिका वर्ग में सुकृति मिश्रा (सेक्टर-आई) एवं बालक वर्ग में चन्द्रवीर सिंह (उन्नाव) को प्रदान किया गया। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सेक्टर-डी शाखा के प्रभव कुमार, अर्जुन सरोज, प्रतीक यादव और सक्षम सिंह की टीम ने बालक वर्ग में जीत दर्ज की, जबकि बालिका वर्ग में सेक्टर-डी की अवन्तिका पाल, कात्यायनी मिश्रा, आराध्या वाजपेयी और अग्रिमा सिंह की टीम विजयी रही। कैरम प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सेक्टर-डी की गुणी शर्मा, तनप्रीत कौर और अनिका वाजपेयी विजेता बनीं, वहीं बालक वर्ग में उन्नाव शाखा के अभिज्ञान सिंह, अनमोल कुशवाहा और अधिराज सिंह तोमर ने पहला स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सेक्टर-डी शाखा की माही, तान्या धवन और प्रियांशी यादव की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता, जबकि बालक वर्ग में रायबरेली शाखा के विपुल विक्रम सिंह, दक्ष गौतम और अर्नव सिंह ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी विजेताओं को मेजबान शाखाओं के प्रधानाचार्यों द्वारा ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के प्रबंधक लोकेश सिंह एवं निदेशिका रश्मि पाठक ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्साह एवं खेल भावना की सराहना की।

## प्रो. मनुका खन्ना ने रिलीज किया पोस्टर



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वर्ल्ड ओआरएस डे के अवसर पर 29 जुलाई को इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिता का आयोजन होना है जिसके क्रम में सोमवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने कार्यक्रम के पोस्टर रिलीज करके शुरू किया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डॉ. एनबी सिंह, चीफ मेडिकल ऑफिसर, लखनऊ, विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय कुमार सिंह, सुपरिटेंडेंट ऑफ सीएचसी, अलीगंज मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों द्वारा घर-घर जाकर ओआरएस का मुफ्त वितरण किया जायेगा। संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत डायरिया रोको क्रायक्रम में फार्मेसी के छात्रों की भागीदारी से जन सामान्य को सुविधा पहुंचाना है। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. सौम्या सिंह है। पोस्टर उद्घाटन के समय डॉ. लुबना आजमी, डॉ. प्रणति श्रीवास्तव एवं किरण सिंह भी मौजूद रही।

## द मानसून कॉर्निवल में लगा नृत्य और गायन का तड़का



**लखनऊ।** द मानसून कार्निवल 2025 प्रगति इवेंट, लखनऊ विकास प्राधिकरण और जेटेक कंपनी द्वारा लखनऊ के गौतम बुद्ध पार्क में 18 जुलाई से 17 अगस्त आयोजित किया गया है। सांस्कृतिक मस्ती, खाने पीने के लिए फूड स्टॉल पार्क में वोटिंग सहित बच्चों के मनोरंजन और खेल के लिए बहुत कुछ साधन उपलब्ध है। गौतम बुद्ध पार्क में हमारे पारंपरिक खेल जैसे गिल्ली डंडा, कांचा, कबड्डी, खो-खो को कलाकृतियों के माध्यम से पुनः जीवित करने का प्रयास किया गया है। प्रगति इवेंट का भी उद्देश्य पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विलुप्त होती लोक कला, लोक संस्कृति और परंपरागत विरासत को बचाने का रहता है। प्रगति इवेंट के सांस्कृतिक मंच पर आज नृत्य और गायन का जबरदस्त तड़का लगा। दो संस्थाओं द्वारा जबरदस्त परफॉर्मेंस से उपस्थित जनता नाचने और झूमने पर मजबूर हो गई। आरोही एंटरटेनमेंट के बैनर तले संजय श्रीवास्तव, कोमल शेखर, प्रकाश खन्ना और उदित नारायण सिंह ने खूब जलवा बिखेरा। रिषु अलबेला आर्ट के रिषु अलबेला, दिव्या सिंह, आर्यन तथा विशेष रूप से उपस्थित वसीम कुरैशी ने जबरदस्त प्रस्तुति से सब का मन मोह लिया। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने सभी कलाकारों को मोमेंटम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कई दलों के नेताओं ने सपा की ली सदस्यता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के समक्ष सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर बुंदेल खंड क्रांति मोर्चा एवं भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी के कई पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने आशा जतायी है कि शामिल होने वाले साथी संविधान और आरक्षण को बचाने की लडाई में बूथ स्तर पर घर-घर सपा को मजबूत बनाने के लिए जाएंगे और अखिलेश यादव को 2027 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री बनायेंगे। सपा में शामिल होने वालों में रणवीर सिंह गौतम अहिरवार संस्थापक बुंदेलखंड क्रांति मोर्चा एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भीम आर्मी उप्र, राम प्रकाश अहिरवार संरक्षक बुंदेलखंड क्रांति मोर्चा, कृष्ण कुमार अहिरवार कोर कमेटी सदस्य, चौधरी शरद अहिरवार बुंदेलखंड प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष हमीरपुर आजाद समाज पार्टी, रणजीत अहिरवार जिलाध्यक्ष महोबा, कुलदीप अहिरवार कोर कमेटी सदस्य, सुरेश अहिरवार, रीतेश अहिरवार, दिनेश यादव, डॉ. मोती लाल वर्मा, देवीदीन अहिरवार राष्ट्रीय महासचिव बुंदेलखंड क्रांति मोर्चा, सूरज अहिरवार जिला प्रभारी महोबा बुंदेलखंड क्रांति मोर्चा प्रमुख रहे।

## सड़क किनारे लगाये जायें बांस के बागवान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को डोम-मुसहर-नट-धरिकार-बासफोर गरीब समाज के नेता अवधेश बागी मुर्दहवा ने सपा अखिलेश यादव के नाम सम्बोधित ज्ञापन राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल को सौंपा गया। इस अवसर पर डीएमएन बांसफोर गरीब समाज के नेता अवधेश बागी मुर्दहवा ने 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमत्री बनाने का संकल्प लिया गया।

डोम-मुसहर-नट-धरिकार-बासफोर गरीब समाज पार्टी की मांग है कि डोम, मुसहर, नट, धरिकार, बांसफोर, पत्थरकट, थारू जाति को जमीन पट्टा किया जाय। डोम, मुसहर, नट, धरिकार, बांसफोर, पत्थरकट, थारू जाति को आवास दिया जाय। डोम, मुसहर, नट, धरिकार, बांसफोर, पत्थरकट, थारू जाति को राशन कार्ड दिया जाय, जिस पर प्रति यूनिट 25 किलो राशन मिले। डोम, मुसहर, नट, धरिकार, बांसफोर, पत्थरकट, थारू जाति को पानी पीने के लिए सरकारी हैण्डपम्प दिया जाय। बिजली का बिल 50 रू. किया जाय। हम बांसफोर जाति के लोग हैं, जो दूर-दूर से बांस लाना पड़ता है। बांस भी काफी महंगा हो गया है इसलिए निवेदन है कि सड़क के किनारे बांस का बागवान लगायी जाय। जिस तरह वन विभाग के लोग पेड़ लगाते हैं, जो सरकार के कोष में पैसा जाता है। उसी तरह हम भी पैसा देकर बांस खरीदेंगे और अपनी जीविका को चलायेंगे। हमारे बच्चों के लिए शिक्षा का सचल प्रबंध किया जाय और 5000 रू. प्रोत्साहन के रूप में आगे आने का मौका मिले। हम लोग गरीब समाज के लोग हैं, हमारे पास आये का कोई स्त्रोत नहीं है। दवा के अभाव में हमारी जान जा रही है इसलिए हमारे जातियों के नाम स्मार्ट कार्ड बनाया जाय ताकि हमें पांच लाख रूपया तक का फ्री इलाज हो सके। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में हम थारू जाति के लोग निवास करते हैं, लेकिन सरकार के द्वारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जाता है, जिसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई व सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल पाता है। सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा है कि अखिलेश यादव इन मांगो और आवाज के प्रति गंभीर है। अखिलेश यादव का मानना है कि 2027 में सरकार बनने पर उक्त समाजों के साथ न्याय सुनिश्चित होगा।

## सफलता का मार्ग समर्पण से ही संभव : डॉ. अरुणिमा सिन्हा

- भाषा विवि के कानून अध्ययन संकाय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न
- कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने साझा की विश्वविद्यालय की दृष्टि



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कानून अध्ययन संकाय में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के अवसर पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. अरुणिमा सिन्हा ने अपने प्रेरक संबोधन में छात्रों से अनुशासन, मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सफलता का मार्ग आत्मनिष्ठा और कर्म के प्रति समर्पण से ही संभव होता है। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन की दिशा हमारे दृष्टिकोण और विचारों से तय होती है, न कि केवल परिस्थितियों से। कार्यक्रम में डॉ. सुनील कुमार यादव ने अपने व्यावहारिक अनुभवों और सहज हास्य शैली के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखने और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों से विनम्रता बनाये रखने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा अपने लक्ष्यों के प्रति केंद्रित रहने का आग्रह किया। कुलपति ने कानून संकाय में संचालित पाठ्यक्रमों एलएलबी (3 वर्षीय), बीए एलएलबी (5 वर्षीय) तथा एलएलएम (2 वर्षीय) की जानकारी दी। साथ ही, लीगल एड कमेटी, मूट कोर्ट कमेटी जैसी शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में डीन, कानून अध्ययन संकाय प्रो. मसीहुद्दीन आलम, डॉ. महेश कुमार (रजिस्ट्रार), मोहम्मद साहिल (उप कुलसचिव) सहित संकाय के सभी शिक्षक डॉ. कृष्णा गुप्ता, डॉ. श्वेता त्रिवेदी, डॉ. दीक्षा मिश्रा, डॉ. प्रशांत वरुण, अंशुल पांडेय, आशीष शाही, निधि राठौर एवं भानु प्रताप की उपस्थिति रही। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष कुमार त्रिवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## संजना ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम किया रौशन



लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की एमबीए की छात्रा संजना कुमारी ने 21 से 26 जुलाई तक कार्डिफ वेल्स में आयोजित ब्रिटिश और आयरिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 में अद्भुत प्रदर्शन करते हुए महिला युगल स्पर्धा एसएल3-एसयू5 में रजत पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय सिंह ने गौरवपूर्वक कहा कि इन उपलब्धियों से स्पष्ट होता है कि हमारी छात्राएं न केवल असीम संभावनाओं की धनी हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम ऊंचा करने में भी सक्षम हैं। इसकी प्रेरणा से हमारा विश्वविद्यालय और उत्तर प्रदेश की युवा प्रतिभाएं नए आयाम स्थापित करेंगी। संजना ने दृढ़ संकल्प व कठिन अभ्यास की बदौलत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर पूरे विश्वविद्यालय व देश के लिए मान-सम्मान बढ़ाया है। क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ के निर्देशक प्रो. पाण्डेय राजीवनयन ने कहा कि छात्राओं की ये सफलता हमारे विश्वविद्यालय के एथलेटिक्स व पुनर्वास संसाधनों की गुणवत्तापूर्ण उपलब्धि है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।

# आपराधिक विषय पर लॉ, टेक्नोलोजी और फोरेंसिक का ज्ञान जरूरी : राजीव कृष्णा

- संस्थान की प्रगति उसके लीडरशिप पर निर्भर करती है : डीजीपी
- यूपीएसआईएफएस में वर्टिकल इंटेरेक्शन कोर्स का डीजीपी ने किया शुभारम्भ





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में सोमवार को ब्यूरो ऑफ पुलिस रिर्सच एंड डेवलपमेंट भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित वर्टिकल इंटेरेक्शन कोर्स का शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा एवं अति विशिष्ट अतिथि बीपीआर एंड डी के एडीजी जोसेफ आरके लोक्कू थे, जिन्हें संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने प्रशिक्षण के लिए तैयार एडवांस डिजिटल डाईगनोंस्टिक कक्ष का उद्घाटन भी किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने सभागार में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी आपराधिक विषय पर कार्य करने के लिए हमें तीन बेसिक विषयों का ज्ञान होना जरूरी है। जिसमे पहला है कानून, दूसरा टेक्नोलोजी और तीसरा फोरेंसिक आज जिस कोर्स का यूपीएसआईएफएस में शुभारम्भ हुआ है। उसमे यह विषय समाहित हैं। उन्होंने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह संस्थान बहुत ही काम समय में क्रियाशील होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति की तरफ दिनों दिन बढ़ रहा है।

यह अपने आप में एक मिसाल है क्योंकि किसी भी संस्थान की प्रगति उसके लीडरशिप पर निर्भर करती है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि साइबर अपराधी बहुत तेजी से टेक्नोलोजी का प्रयोग कर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। इस कारण हमारे पुलिस के सभी स्तर को प्रशिक्षण एवं दक्ष करने की आवश्यकता है। इसके लिए हमे गतिमान होकर साइबर तकनीकी को अधिक से अधिक जानना होगा। तभी हम साइबर अपराधियों से लड़ पायेंगे और अपने अधीनस्थ कर्मियों को गाइड कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अब युद्व धरातल पर नहीं हो रहे हैं। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए कहा कि कोई भी सैनिक न तो पाकिस्तान की धरती पर लड़ने गया न तो वहां का सैनिक यहां आया जो भी हुआ वह साइबर वारफेयर था।

आसमान में केवल तकनीकी दिखी चाहे वह ड्रोन के रूप में रही या अन्य। उन्होंने प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों से कहा कि आप यहां से ज्ञान लेकर जाये और अपने सिस्टम में तकनीकी ज्ञान का प्रयोग करे जिससे आमजन मानस और पुलिसिंग के लिए ज्ञान वर्धक हो सके। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रवि जोसेफ लोक्कू अपर पुलिस महानिदेशक बीपीआर एंड डी ने इस अवसर पर कहा कि यह संस्थान सेंट्रल संस्थानों के बराबर में खड़ा हो रहा है, जिसके कम समय में तीव्र विकास के लिए डॉ. जीके गोस्वामी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि टेक्नोलोजी को हम अपराध के नियंत्रण में कैसे प्रयोग कर सकते हैं? सीखने और समझने के लिए यह संस्थान हमें महत्वपूर्ण अवसर दे रहा है। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में संस्थान में हमने बीपीआर एंड डी के सहयोग से दो कोर्स लांच किये गये हैं जिसमे पुलिस अधिकारियों के लिए पहले कोर्स कि शुरूआत आज से की गयी है। उन्होने यह भी कहा कि हमार फोकस लॉ विद लैब पर विशेष रूप से है क्योंकि जब तक कानून विशेषज्ञ को तकनीकी विषयों की जानकारी नहीं होगी और वैज्ञानिकों को कानून की जानकारी नहीं होगी तब तक इस क्षेत्र की सम्पूर्णता हो ही नहीं सकती। उन्होंने पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक बीपीआर एंड डी के एडीजी का विशेष आभार प्रकट किया उन्होंने कहा कि यह हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है कि आज पहली बार हम सैन्य अधिकारियों के बाद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को साइबर एवं फारेंसिक विषयों पर प्रशिक्षण देने जा रहे हैं। इस अवसर पर अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने सभागार में बैठे समस्त अधिकारियों फैकलिटीज एवं आईपीएस प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूपीएसआईएफएस के अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजिब मुखर्जी अतुल यादव, विवेक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार तिवारी प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिंह, फैकल्टीज डॉ श्रुति दास, चंद्रमोहन सिंह, गिरिजेश राय, डॉ सपना शर्मा, डॉ नेहा, डॉ निताशा एवं कार्तिकेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बीबीएयू में 5 से 8 अगस्त तक आयोजित होगा राष्ट्र प्रथम अभियान

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ में 5-8 अगस्त तक राष्ट्र प्रथम अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और आपसी एकता को बढ़ावा देना है। राष्ट्र प्रथम अभियान के दौरान 5 अगस्त को राष्ट्र प्रथम विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 6 अगस्त को साइबर जागरूकता और अग्निशमन प्रशिक्षण के कार्यक्रम होंगे, जिसका आयोजन कंप्यूटर विज्ञान विभाग और इंजीनियरिंग अनुभाग द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 7 अगस्त को विभिन्न छात्रावासों में संवेदनशीलता कार्यक्रम, सेना के समर्थन में सोशल मीडिया अभियान और आवश्यकता पड़ने पर आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही 8 अगस्त को छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए कविता प्रतियोगिता, गांवों में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम और राष्ट्र प्रथम विषय पर गीत प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रमों का समन्वयन विभिन्न विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों और अधिष्ठाताओं के नेतृत्व में किया जाएगा। यह संपूर्ण आयोजन विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों को राष्ट्रहित और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल रहेगा।

संक्षेप

## विद्यालयों की पेयरिंग हो समाप्तः विनोद कुमार सिंह

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक सघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में बीआरसी देवरिया स्थित शिक्षक भवन पर हुई। बैठक में विद्यालयों के युग्मन पर विरोध जताया गया। साथ ही मांग किया गया कि जिन विद्यालयो की पेयरिंग हुई है। उनकी पेयरिंग समाप्त किया जाए, बेसिक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची को प्रकाशित किया जाए तथा लंबित प्रोन्नत वेतनमान लाभार्थी की सूची प्रकाशित किया जाए। अध्यक्ष संबोधन में विनोद कुमार सिंह ने कहा कि जिन विद्यालयो की पेयरिंग हुई है। उसे शीघ्र समाप्त की जाए। जिससे वहां के छात्रों के पठन पाठन में समस्याएं न हो। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्ति शिक्षकों की सम्मान में 5 सितंबर शिक्षक दिवस के दिन शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा और सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा।

# हत्या प्रकरण में 3 अभियुक्त गिरफ्तार



जिला संवाददाता

**देवरिया।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-735/2025 धारा 191(2),191(3),352,103(1), बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्तों बुधई चौहान पुत्र स्व. नकछेद, अनीता देवी पुत्री बुधई चौहान व सुनीता देवी पुत्री बुधई चौहान साकिनान पगरा उर्फ परसिया थाना कोतवाली जनपद देवरिया को मुखबिर की सूचना पर कसया रोड धनौती मोड़ के पास से गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

मालूम हो कि उमेश चौहान पुत्र स्व. सुकई निवासी ग्राम पगरा उर्फ परसिया थाना कोतवाली जनपद देवरिया द्वारा तहरीरी सूचना देकर अवगत कराया गया कि उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा 26 जुलाई को पिता को मारा-पीटा गया। जिससे उनको गम्भीर चोंटे आई, जिस कारण उनकी मृत्यु हो गयी थी। उक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-735/2025 धारा 191(2),191(3),352,103(1), बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, महिला उ.नि. वन्दना वर्मा, रेखा, रश्मि सिंह, जितेन्द्र कुमार यादव और अजय यादव शामिल हैं।

## शिक्षक-अभिभावक समन्वय से होता है विद्यालय का विकासः डॉ. घनश्याम यादव

जिला संवाददाता

अयोध्या। शिक्षक और अभिभावकों के समन्वय से ही विद्यालय का विकास होता है। शिक्षक आंतरिक जबकि अभिभावक वाह्य स्तर पर विद्यालय के छात्रों के सर्वांगीण विकास का माध्यम होते हैं। यह बात शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम यादव ने कही। वह एसएसवी इंटर कॉलेज में आयोजित शिक्षक अभिभावक संघ की आमसभा बैठक को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता कर रहे श्री यादव ने कहा की किसी भी विद्यालय की प्रगति उसके शैक्षिक उन्नयन और शैक्षिक गतिविधियों पर निर्भर करती है। जो संघर्ष करते हैं वह सफल भी होते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने बैठक के एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

पिछली कार्यवाही सभी के समक्ष रखी। जिसका सदन ने सहर्ष अनुमोदन किया। बैठक में आय - व्यय की समीक्षा और शैक्षिक उन्नयन की योजना पर विचार विमर्श किया गया। हाई स्कूल व इंटर के 2024-25 के बोर्ड परीक्षा परिणाम पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया। विशेष आमंत्रित सदस्य पूर्व अध्यक्ष जयसराज वर्मा और राम नेग गौतम ने कहा कि शिक्षक और अभिभावक विद्यालय रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं। जिनके समन्वय से ही विद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति करता है।

इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक महेश नारायण यादव, नंदकिशोर उपाध्याय, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, अवधेश सिंह, डॉ देवेंद्र मिश्रा व वारिज नयन शर्मा सहित अभिभावक विजय श्रीवास्तव, अनूप मिश्रा, रामशंकर वर्मा, राजेश कुमार तिवारी, अपर्णा सिंह, नरसिंह नारायण श्रीवास्तव सहित कई अन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए कई सुझाव दिए और विद्यालय की गतिविधियों समेत पठन-पाठन की सराहना की। बैठक में विद्यालय के शिक्षक और 300 से अधिक अभिभावक मौजूद रहे।

## नकली तंबाकू/सिगरेट और 04 बण्डल नकली मोबाइल डिस्प्ले ग्लास के साथ 03 गिरफ्तार



**कुशीनगर।** जिले के पडरौना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बांसी के पास चेकिंग के दौरान एक ट्रक कंटेनर से अवैध रुप से तस्करी कर ले जायी जा रही 25 बण्डल प्लास्टिक के बोरे में नकली तंबाकू तथा 04 बण्डल प्लास्टिक के बोरे में नकली मोबाइल डिस्प्ले ग्लास के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

बीते रविवार की रात्रि में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तस्करी गिरोह के सदस्यों में राकेश पाण्डेय पुत्र मुख्तार पाण्डेय ग्राम महुरा प्रकाशपुर थाना धीना जनपद चन्दौली, बबलू पाण्डेय पुत्र भीम पाण्डेय ग्राम अहिरौली थाना कुछिला जनपद कैमूर भभुआ राज्य बिहार व रौनक खान पुत्र सफीक खां ग्राम- रामगढ़वा थाना रामगढ़वा जनपद मोतीहारी राज्य बिहार शामिल है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में तस्करों ने बताया कि हम लोग का एक संगठित गिरोह है। हम लोग ट्रक की बॉडी में बने गुप्त बॉक्स में प्लास्टिक की बोरियों में नकली तंबाकू (सिगरेट) और नकली मोबाइल डिस्प्ले ग्लास छिपाकर बिहार ले जाते है। वहां अपने सहयोगी जितेंद्र यादव पुत्र बहादुर यादव निवासी ग्राम रामगढ़वा थाना रामगढ़वा जनपद मोतीहारी बिहार के साथ मिलकर उक्त नकली तंबाकू (सिगरेट) और मोबाइल डिस्प्ले ग्लास को बेचते है, जिससे उन्हें भारी मुनाफा होता था। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर को0 पडरौना पर मु0अ0सं0 422/2025 धारा 318 (2)/318(4) बीएनएस पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पशुपालन विभाग ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया



**देवरिया।** विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत सुअर पालन करने वाले गांवों में प्राथमिकता पर पशुपालन विभाग द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ दिग्विजय यादव के निर्देश पर पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने ग्राम भगवानपुर चौबे, बलटिकरा, रामपुर गौनरिया, करंज, भूड़ीपाकड़ व करौंदी में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में सुअर बाड़ों के आसपास एंटी लार्वा छिड़काव किया गया एवं कृमिजन्य बिमारी से बचाव हेतु दवा वितरण किया गया। पशुओं के मल-मूत्र से मनुष्यों में फैलने वाली लेप्टोस्पायरोसिस से बचाव हेतु साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। दिमागी बुखार बिमारी से बचाव हेतु सुअर पालन आबादी से दूर करने एवं सुअर बाड़ों को मच्छररोधी जाली से ढक कर रखने का सलाह दिया गया। इस समय चल रहे खुरपका मुंहपका टीकाकरण अभियान में पशुओं को टीका लगवाने के लिए पशुपालकों को प्रेरित किया गया। अभियान में पैरावेट सुनील कुमार, आयुष श्रीवास्तव, सुभाष चन्द्र एवं महेंद्र यादव ने पम्पलेट वितरित पशुपालकों को जागरूक किया।

# जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी।

बैठक दौरान अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज-2 व फेज 3 में कुल 453 अदद ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिनसे जनपद के कुल 687 ग्राम पंचायतो के 904 राजस्व ग्रामों में कुल 334718 गृह जल संयोजन किया जाना है जिसके सापेक्ष 84 अदद ग्राम पंचायत पेयजल योजनाओं का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण है तथा शेष कार्य प्रगति पर है।

समीक्षा बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि उपरोक्त 453 योजनाओं में से 103 योजनाए विद्युत आधारित है जिनमें से अबतक मात्र 20 योजनाओं पर ही विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण किया गया है, जिसके कम में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उनके स्तर से विद्युत विभाग से सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता को उक्त कार्यों को अतिशिघ्र पूर्ण कराने हेतु पत्र प्रेषित किया जाय। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में कुल 6448 किमी० वितरण प्रणाली बिछाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष अब तक कुल 6252 किमी० वितरण प्रणाली बिछायी गयी है, तथा शेष 196 किमी० वितरण प्रणाली विभिन्न कारणों यथा लोक निमार्ण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र न प्राप्त होना या अन्य छोटे-बड़े विवाद के कारण शेष है, जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला प्रशासन के सहयोग से समन्वय स्थापित करते हुये शेष कार्यों को यथा शीघ्र पूर्ण करा लिया जाय। समीक्षा दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चल रहे समस्त कार्यों को निर्धारित समयावधि में तथा निर्धारित मानक के अनुरूप कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये तथा साथ ही उपरोक्त कराये जा रहे कार्यों का सत्यापन टीम गठित कर करा लिया जाने का निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, जू०ई०, कार्यदायी एजेंसी मे० एनसीसी लिमिटेड के प्रतिनिधि, डीपीएमयू व टीपीआईए के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## हर - हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा शिव मंदिर

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय क्षेत्र के प्रमुख शिवमन्दिरो मे जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कराने भक्तो का उमडा जनशैलाब। भक्तो के हर हर महादेव के जयकारे से गुँज उठा शिवमन्दिर ।क्षेत्र के ग्राम साहोपार टोला महदेवा स्थित प्राचीन शिवस्थान के सम्बन्ध मे गाँव के बुजुर्ग बताते है कि शिवलिंग भूमि से निकलने के कारण शुरू से ही श्रध्दा का केन्द्रविन्दु रहा है ।ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त श्रध्दा व आस्था से पूजा अर्जन जो भी भक्त करता है ।उसकी सारी उम्मीदें भोलेशंकर करते है ।श्रावण मास अलावे अन्य दिनो मे भी जलाभिषेक करने भारी संख्या मे आते है ।महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मेला भी लगता है उस स्थान पर भव्य मन्दिर का निर्माण चल रहा ।बनकटातिवारी के दक्षिण छोटी गण्डक नदी के तट पर स्थित जंगलीनाथ के मन्दिर पर भी पुरे श्रावण मास मे मेला लगा रहता है ।जलाभिषेक के लिए लम्बी कतारो मे खडे होकर अपनी पारी का इंतजार भक्त करते है ।भक्त हरहर महादेव का जयकारा लगाते हुए जलाभिषेक करते है ।इसके अलावे चीनी मिल गेट पर स्थित त्रिशक्ति मन्दिर पर भी तीसरे सोमवार को जलाभिषेक के लिए भक्तो का जनशैलाब उमडा ।बनकटाशिव मन्दिर भरहेचौरा मन्दिर मजूरी मन्दिर बरसात मन्दिर मे भी सोमवार को शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया ।

## ट्रेन की चपेट में आने से एम आर का पैर कटा

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेन मे चढते समय ट्रेन की चपेट मे एम आर का बाया पैर कट गया ।बताया गया है कि राजन दुबे पुत्र शंम्भुनाथ दुबे ग्राम रानीपुर थाना रानीपुर जिला मऊ निवासी एम आर का कार्य करते है ।रेलवे स्टेशन पर बापूधाम एक्सप्रेस मे चढते समय पैर फिसलने के कारण ट्रेन की चपेट मे आ गये ।जिससे बायां पैर कट गया ।उपचार के लिए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भटनी द्वारा सदर अस्पताल भेज दिया गया ।

## रिटायर्ड फौजी की लाठी डंडे से पीटकर हत्या, एक हिरासत में

**देवरिया।** जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में सोमवार को भूमि विवाद में एक सेवानिवृत्त फौजी की लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार सेवानिवृत्त फौजी राम दयाल कुशवाहा (70) का भूमि विवाद चल रहा था। आज पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में एक व्यक्ति को लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया गया है। जिसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मौके की पड़ताल करने के दौरान आस-पास के लोगों से पूछताछ की गयी। जिसमें सामने आया कि रामप्रकाश निषाद तथा कुछ अन्य लोग रिश्तेदार की मृत्यु पर शोक प्रकट करने जा रहे थे, बरसात के कारण उनका वाहन विवादित रास्ते पर फंस गया। तो रामदयाल कुशवाहा ने उन्हें मना किया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और आरोप है कि विपक्षी पक्ष ने उनकी बुरी तरह से पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रामदयाल कुशवाहा को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी हरिराम यादव समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी विजय को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# जुडो बालिका वर्ग में सुर्य कुंड चैम्पियन बना



**देवरिया।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर के परिसर मे 36 वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के दुसरे दिन जुडो और कुरास और कुश्ती के मुकाबले हुए जिसमें कानपुर, झांसी, प्रयागराज, बलिया, गोरखपुर, देवरिया, हमीरपुर, जालौन ,बस्ती, सहित चार मंडलों के खिलाड़ियों ने अपने खेल का जौहर दिखाया। जुडो के अंडर -14 बालिका वर्ग के 23 किग्रा में युविका,32 किग्रा भार वर्ग में सांवी गुप्ता,36 किग्रा भार वर्ग में वर्विका, ने बालिका विद्या मंदिरसुर्य कुंड गोरखपुर ने प्रथम स्थान एवं 27 किग्रा भार वर्ग में जिज्ञासा गुप्ता, 40 किग्रा भार वर्ग में श्रद्धा पाल, व 44 किग्रा भार वर्ग में अनोखी सिंह, (जुगल देवीकानपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जुडो के अंडर 17 आयु वर्ग के 36 किग्रा भार वर्ग में बालिका अनुभवी गौर, 44 किग्रा भार वर्ग में वेदिका सविता, 48 किग्रा भार वर्ग में प्रियांशी दुबे, कानपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 40 किग्रा भार वर्ग में राखी कनौजिया? प्रयागराज ,5 2 किग्रा भार वर्ग में दीक्षा चौधरी,57 किग्रा भार वर्ग में तेजस्वी पांडेय,70 किग्रा में श्रेया गुप्ता सुर्य कुंड गोरखपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बालको की जुडो प्रतियोगिता के अंडर 14 के 40 किग्रा भार वर्ग में केजीरंबे, 45 किग्रा भार वर्ग में सिंबुकी फदैग 55 किग्रा भार वर्ग में वेदांत चौधरी व 60 किग्रा भार वर्ग में इरेलू (सरस्वती विद्या मंदिर पक्की बाग गोरखपुर) ने व 50 किग्रा भार वर्ग में मनम व 73 किग्रा में रुद्र गुप्ता,90 किग्रा भार वर्ग में आर्यन रजावत जुगल देवी कानपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुरास के अंडर 14 बालिका वर्ग के 24 किग्रा भार वर्ग में वेदिका, 32 किग्रा में आरुषि सिंह, 36 किग्रा में संजना, सुर्य कुंड गोरखपुर , एवं 36 किग्रा में अनुष्का शर्मा, (जुगल देवी कानपुर )ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खबर लिखे जाने तक कुश्ती में हुए रोचक मुकाबलों में अंडर 14 बालक 35 किग्रा भार वर्ग में अमित कुशवाहा, 52 किग्रा भार वर्ग में मोहित यादव, 57 किग्रा भार वर्ग में आदर्श मिश्रा, 75 किग्रा भार वर्ग में अंशु यादव (सरस्वती विद्या मंदिर देवरिया) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 38 किग्रा भार वर्ग में आशुतोष उपाध्याय, प्रतापगढ़, व 41 किग्रा भार वर्ग में कृष्णपाल,48 किग्रा मे राधे गुर्जर (झांसी) 44 किग्रा में विशाल यादव पक्कीबाग गोरखपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आज के कुश्ती मुकाबलों का उद्घाटन संभाग निरीक्षक श्री कन्हैया चौबे ने किया तथा खिलाड़ियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने लिया। विभिन्न मैचों में प्रतियोगिता के मुख्य रेफरी के रूप में सुधीर दीक्षित (कानपुर) व निर्णायक समिति में राकेश अग्रहरि, श्रीमती भारती यादव ,दीपेंद्र(गोरखपुर) विजय मौर्य(प्रयागराज) राकेश बदवार (झांसी) एवं रायजनम यादव (खेलो इंडिया के कुश्ती प्रशिक्षक) रहे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटनी-बनकटाशिव सडक मार्ग पर ग्राम परसौनी के पुल के पास अज्ञात वाहध की ठोकर से एक व्यक्ति की दर्दनाक मृत्यु ।बताया गया है कि ग्राम पुरनाछापर निवासी -45वर्षीय बैजनाथ यादव पुत्र रामबहादुर अपने रिश्तेदारी मे गये हुए थे ।वापस आते समय भटनी -बनकटाशिव सडक मार्ग के ग्राम परसौनी के पुल के पास एक अज्ञात वाहन की ठोकर अपने गाँव से महज एक किमी पहले गिरकर गम्भीर रुप मे घायल हो गये ।घायलावस्था मे उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले जाया गया ।जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया ।घटना की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पंचनामा बनवाकर पोस्मार्टम के लिए सदर अस्पताल देवरिया भेज दिया ।घटना की सूचना पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।मृतक की चार पुत्रियां व एक पुत्र अवनीश है जिसमे दोपुत्रियों की शादी हो चुकी है ।सभी का रो रोकर बुरा हाल है ।परिजन द्वारा थाने मे अज्ञात वाहन को मौत का जिम्मेदार बनाते हुए थाने मे तहरीर दिया ।

## लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बने अर्जुन सिंह :हुआ जोरदार स्वागत



**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से कपरवार निवासी अर्जुन सिंह को समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के कार्यकताओं ने सोमवार को कपरवार तिराहा पर फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर मुरली मनोहर जयसवाल, अनिल यादव, संतोष यादव, अनिल गोस्वामी, सुनील विश्वकर्मा, बृजेश यादव, बलिन्द्र चौहान, अफताब आलम, राधेश्याम रावत, धर्मचंद जयसवाल, राजकुमार बारी, नूर मोहम्मद, आबीद अली, नूरुल हक अंसारी, दीपक यादव, धीरज यादव, यशवंत यादव, रामप्रकाश यादव उपस्थित रहे।

## नागरी प्रचारिणी सभा ने दो आजीवन सदस्यों के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया



**देवरिया** ।नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया के आजीवन सदस्य रहे कवि विपिन बिहारी मणि त्रिपाठी वक्रतुण्ड का तथा सभा के पूर्व कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ विज्ञान संचारक अनिल कुमार त्रिपाठी का निधन होने से सभा शोक संतप्त एवं आहत है। कवि विपिन वक्रतुण्ड एवं विज्ञान संचारक अनिल कुमार त्रिपाठी सभा की गोष्ठीयों एवं समारोहों में नियमित सहभागीता करते रहे। समाज में विज्ञान जागरुकता के प्रचार प्रसार के लिए विगत 35 वर्षो से प्राण-प्रण से प्रयासरत अनिल कुमार त्रिपाठी जन जन में लोकप्रिय रहे। आज इन दोनों महान विभूतियों के न रहने से साहित्य और विज्ञान के क्षेत्र में जो रिक्ति उत्पन्न हुई है उसे भर पाना मुश्किल है। सोमवार को सभा में एक शोक श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने इनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किये।

अंत में दो मिनट का मौन धारण कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई और ईश्वर से प्रार्थना की गई कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को दुःख सहने की क्षमता प्रदान करें। इस श्रद्धांजलि सभा में इन्द्र कुमार दीक्षित, डा. दिवाकर प्रसाद तिवारी, दुर्गा पाण्डेय, डा. शकुन्तला दीक्षित, रवीन्द्र नाथ तिवारी, श्वेतानक मणि त्रिपाठी, प्रशांत मणि त्रिपाठी, डा. अनिल कुमार त्रिपाठी, संजीव उपाध्याय, कौशल कुमार मिश्र, दिनेश कुमार त्रिपाठी, शैलेन्द्र कुमार मिश्र, महेन्द्र प्रताप, शिव प्रसाद पाण्डेय, अभीषेक पाण्डेय, धनञ्जय कुमार उपाध्याय, विजय भारत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## डीएम की उपस्थिति में शोक सभा का आयोजन

**कुशीनगर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अनुपम भास्कर के निधन होने पर दिवंगत आत्मा के सम्मान में आज जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोक सभा के दौरान 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा प्रार्थना किया गया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय,उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट अनिल कुमार यादव , डीएसओ, स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारी गण, सहित राजेश श्रीवास्तव, ब्रजेश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव,एवं कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालय के विभागाध्यक्ष एवं पटल सहायक आदि उपस्थित रहे।

# महात्मा बुद्ध कृषि और प्रौद्योगिकी विवि के निर्माण कार्य की समीक्षा



**कुशीनगर।** कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के प्रमुख सचिव रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में आज निमार्णाधीन महात्मा बुद्ध एवं कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कार्यालय में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

निर्माण कार्यों का कार्यदाई संस्था से अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने उपरांत उन्होंने निर्धारित समय में निर्माण कार्य गुणवत्ता व मानक के साथ पूरा करने के लिए सख्त हिदायत दी। बैठक में वि0वि0 के नोडल और आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज फैजाबाद के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह व डीएम महेंद्र सिंह तंवर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। प्रमुख सचिव ने बताया कि विवि निर्माण के लिए दो किस्तों में धन आवंटन हो चुका है। तीसरी किस्त कार्यों के मूल्यांकन के बाद किया जाएगा। विवि निर्माण के बीच बीच में पड़ने वाले किसानों की भूमि को अधिग्रहित करने के लिए राजस्व विभाग को निर्देश दिया है। किसानों को इसके बदले मुआवजा दिया जाएगा। जबकि प्रभावित किसानो को जमीन के बदले जमीन ही चाहिए। सचिव ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय को हस्तांतरित होने वाली 145 एकड़ से अधिक भूमि अब भी संस्कृति विभाग की है। उसका विवि को हस्तांतरण शासन स्तर से हो जाएगा। कार्यदाई एजेंसी को विवि निर्माण व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के नोटिस को लेकर नाराजगी जताई। कहा कि विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने का काम पूरा होना चाहिए।

ताकि निर्माण में कोई अड़चन न आए। सचिव ने निमार्णाधीन कृषि विश्वविद्यालय के मानचित्र का भी अवलोकन किया। प्रत्येक बिंदु की जानकारी हासिल की। इसके पूर्व होटल पथिक निवास पहुंचने पर उन्हें बुके व बुद्ध प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी लेने के क्रम में कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि योजनाओं की भी जानकारी हासिल किया। इसमें यूरिया खाद की समितियों पर किल्लत का मुद्दा प्रमुख था। इसके अलावा किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड सहित तमाम योजनाओं व उनके लाभान्वित होने वाले पात्रों की मौजूदा स्थिति से रू-ब-रू हुए। सचिव ने कुछ बिंदुओं पर खामी पाए जाने पर जिला कृषि अधिकारी को फटकार भी लगाई। उन्हें योजनाओं के क्रियान्वयन कार्य में गंभीरता व सक्रिय होकर पूरा करने के लिए निर्देशित किया। हालांकि सचिव ने यूरिया खाद की किल्लत दूर होने की बात कही। जहां नहीं होगा, वहां भी मिल जाएगा। डीएम महेंद्र सिंह तंवर द्वारा प्रमुख सचिव द्वारा दिए गए निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन किए जाने का आश्वासन देते हुए आश्वस्त किया गया गया कि सभी कार्य शासन की मंशा अनुरूप ससमय पूर्ण कर लिए जाएंगे। इस मौके पर एडीएम वैभव मिश्रा, एसडीएम आशुतोष कुमार, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक शहरी एवं आवासीय गिरीश चंद्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी डॉ. मेनका, पर्यटन सूचना अधिकारी डा. प्राण रंजन, संस्कृति विभाग से तेज प्रताप शुक्ला, कार्यदाई संस्था के अधिकारी, राजस्व निरीक्षक ब्रजेश मणि सहित अन्य सभी संबंधित गण मौजूद रहे।

## रोजगार मेला आज

**देवरिया।** भारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा रोजगारिता में वृद्धि के उद्देश्य से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 29 जुलाई 2025, मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर, भाटपार रानी, देवरिया में आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करियर सेंटर, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है ।उक्त मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियाँ प्रतिभाग करेंगी, जो साक्षात्कार के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों का कैंपस चयन करेंगी। विभिन्न पदों हेतु शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण निर्धारित की गई है, जबकि न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है।

यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। अभ्यर्थियों को प्रतिभाग हेतु किसी प्रकार का भत्ता या मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

रोजगार मेले से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया से संपर्क कर सकते हैं।

संक्षेप

## इंटरनेशनल क्लब फाइनल में पहुंचा

उन्नाव। अंडर 23 श्याम प्रकाश श्रीवास्तव जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत सोमवार को प्रतियोगिता का अंतिम लीग मैच आइडियल क्लब और इंटरनेशनल क्लब के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कठिन परिस्थितियों में प्रणव की 30 तथा प्रियांशु रावत की 32 रनों की पारी के दम पर निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 119 रन बनाए। आइडियल क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अल्तमश व सौरभ यादव ने तीन तीन तथा आयुष जायसवाल ने दो विकेट प्राप्त किए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आइडियल की पूरी टीम इंटरनेशनल क्लब की घातक गेंदबाजी के सामने ढेर हो गई और सभी विकेट खोकर मात्र 55 रन ही बना सकी सिर्फ.आनन्द ही कुछ संघर्ष कर सके और अपनी टीम के लिए 20 रनों का योगदान दिया। इंटरनेशनल क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए ऋषभ यादव और अमन कुमार ने तीन तीन विकेट हासिल किए। मैच के पश्चात जिला क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकुमार यज्ञसेनी ने ऋषभ यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इस दौरान जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, साकिर हुसैन, ओम मिश्रा, अजीत, राज कुमार आदि लोग रहे।

## बेरोजगार युवकों को रोजगार का अवसर

उन्नाव। जीडीएक्स. सिक्योरिटी इण्डिया लि. नोयडा के डिप्टी कमाण्डेट रामकिशन सिंह ने जानकारी देते हुये बताया है कि डीएम गौरांग राठी के अनुपालन में जिला विकास अधिकारी एवं सेवायोजन अधिकारी ने शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जीडीएक्स. सिक्योरिटी इण्डिया लि0 नोयडा एवं स्कील इण्डिया नई दिल्ली के परस्पर के सहयोग से ड्रोन पायलेट जवान एवं सुरक्षा सैनिकों की भर्ती का कार्यक्रम सभी विकास खण्ड कार्यालयों पर 10:30 बजे से 03:30 बजे तक अलग-अगल तिथियों में चयन प्रक्रिया आयोजित की जायेगी। इस भर्ती मेले के क्रम में एक अगस्त को वि0खं0 सुमेरपुर में, दो अगस्त वि0खं0 बीघापुर में, 04 अगस्त वि0खं0 सिकन्दपुर करन में, 05 अगस्त वि0खं0 सिकन्दपुर सरोसी में, 06 अगस्त वि0खं0 हिलौली में, 07.अगस्त वि0खं0 पुरवा में, 08.अगस्त वि0खं0 बिछिया में एवं 11 अगस्त वि0खं0 असोहा में आयोजित किया जायेगा।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

सीतापुर। रविवार को थाना थानगांव क्षेत्र में अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। थाना रामपुर कलां क्षेत्र के लौना गांव निवासी सरोज 30 पुत्र फकीरे अपने भाई विवेक के साथ रामपुर कलां थाना क्षेत्र के एबीएफ भट्ठे से ट्रैक्टर ट्राली में ईंटें भरकर थानगांव क्षेत्र की ग्राम पंचायत मानपुर में लगाए जा रहे खड़ंजा कार्यस्थल पर आया था। रास्ता खराब होने के चलते चालक द्वारा कुछ ईंटें कार्यस्थल पर उतार दिया गया और कुछ ईंटें भरी हुई ट्राली लेकर गनेशपुर चहलारी बांध पर बरुवा बेहड़ की ओर चढ़ाई करने लगा। असावधानीवश ट्रैक्टर ट्राली का संतुलन बिगड़ गया और देशराज के बंगले के निकट ट्रैक्टर पलट गया। जिसके नीचे दब जाने से ट्रैक्टर चालक सरोज की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सरोज की मौत की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

सीतापुर। सिधौली इलाके में नेशनल हाईवे पर अहमदपुर जट गांव के पास एचपी पेट्रोल पंप के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। बीती रात कोतवाली के अहमदपुर जट गांव के निकट एचपी पेट्रोल पंप के सामने एक अज्ञात वाहन ने एक 42 वर्षीय व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया और उसकी पहचान के प्रयास शुरू किया। मृतक व्यक्ति की पहचान लालता प्रसाद पुत्र सोहन निवासी ग्राम गोपालपुर माजरा काशीपुर थाना सिधौली के रूप में हुई। बताते हैं कि मृतक लालता ट्रक ड्राइवर था। सिधौली कोतवाली पुलिस ने 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी।

# हरिशंकरी अभियान का शुभारंभ, वार्डों में होगा पौधरोपण



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सीतापुर नगर क्षेत्र के प्रेम नगर वार्ड में स्थित भगवान महावीर पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हरिशंकरी पौधों का रोपण कर जनपद के सभी नगरीय निकायों के समस्त वार्डों में हरिशंकरी ( बरगद, पीपल, पाकड़ ) रोपण कराए जाने के सम्बन्धी अभियान का शुभारंभ किया गया।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन, नगरीय निकायों एवं लोक भारती स्वयं सेवी संस्था के संयुक्त प्रयासों से सभी नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में आज हरिशंकरी ( बरगद, पीपल, पाकड़ ) का पौधरोपण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में पूर्व में ही अभियान चलाकर दो चरणों में हरिशंकरी का पौधरोपण किया जा चुका है। ?जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी से अपील भी की कि पर्यावरण संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण इस कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा अधिक से अधिक पौधों को रोपण करें। अभियान में सहयोग के लिए समाज के लोगों, सभासदों, स्वयंसेवी संगठनों सहित सभी को जिलाधिकारी ने धन्यवाद भी ज्ञापित किया। हरिशंकरी पौधों की विशेषता बताते हुये कहा कि यह पौधे प्राकृतिक पर्यावरण एवं जल संरक्षण के साथ-साथ हमें आस्था से भी जोड़ते हैं तथा सभी को छाया भी प्रदान करते हैं। उन्होंने हरिशंकरी से मिलने वाले लाभों के विषय में भी बताया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी ( वित्त एवं राजस्व ) नीतीश कुमार सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका सीतापुर मुनेन्द्र अवस्थी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीर्थ क्षेत्र में लगाये गये हरिशंकरी के पौधे

जिला संवाददाता(vol)



नैमिषराण्य/सीतापुर। लोकभारती एवं नगर पालिका के सयुक्त प्रयास द्वारा हरिशंकरी वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ नैमिष मिश्रिख नगरपालिका के नैमिष के सभी सभाषद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आचार्यो द्वारा मंत्रोचार और जयघोष के साथ एक मीटर व्यास के थाले में पीपल बरगद पाकड़ के वृक्ष लगाए गए आए हुए अन्य अतिथियों द्वारा भी पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में सभाषद रौनक तिवारी,दीप नारायण दीक्षित, माचिन दीक्षित,रुद्रदेव शास्त्री, ऋषभ गुप्ता, सुमित सैनी,जिला सहसंयोजक कृष्णा तिवारी, नगर संयोजक आशीष शास्त्री गोपाली दीक्षित, देवेश बाजपेई आदि हरिशंकरी अभियान को सफल बनाया गया वृक्षारोपण के उपरांत सभी ने वृक्षों के चारों ओर जयघोष करते हुए परिक्रमा की और वृक्षों के संरक्षण हेतु प्रण लिया।

# जिलाअस्पताल में बुखार, डायरिया और सांस के मरीजों की भीड़



- सोमवार को 1697 मरीज जिला अस्पताल पहुंचे, 560 बच्चे शामिल

उन्नाव। रविवार अवकाश के बाद सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी खुली तो मरीजों की लंबी लाइन लग गई। फिजिशियन और बालरोग विशेषज्ञ के कक्ष में सबसे अधिक भीड़ रही एनसीडी क्लीनिक चिकित्सक अमित तिवारी ने बताया कि सबसे अधिक मरीज बुखार, डायरिया, और सांस के आ रहे हैं। पर्चा काउंटर और ब्लड सैंपल देने के लिए लाइन लगी। डायरिया, बुखार, और सांस लेने में परेशानी के 19 गंभीर मरीजों को भर्ती किया गया।

सोमवार को 1697 मरीज जिला अस्पताल पहुंचे जिनमें 560 बच्चे शामिल रहे ओपीडी में सबसे अधिक भीड़ फिजिशियन और बालरोग विशेषज्ञों के कक्ष में रही। यहां भीड़ का आलम यह था मरीजों को नंबर आने के लिए एक-एक घंटे तक प्रतिक्षा करनी पड़ी। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अमित श्रीवास्तव ने बताया मौसम परिवर्तन के कारण जुकाम-बुखार और डायरिया बच्चों को हो रहा है। इससे बचने के लिए बाहर की खाने पीने की चीजों से बच्चों को बचाएं और सावधानी बरतें। पर्चा काउंटर पर सुबह आठ बजे से ही मरीजों की लाइन लग गई। लाइन में लगे मरीजों और तीमारदारों ने कई बार शोर शराबा किया। वहीं हाल पुरुष अल्ट्रासाउंड मे भी रहा गर्मी आते ही पेट संबंधी परेशानी होने पर डॉक्टर द्वारा अल्ट्रासाउंड लिखने पर अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर भी मरीजों की भीड़ रही।

सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि रविवार को ओपीडी बंद होने से सोमवार को मरीजों की भीड़ अधिक होती है। जिससे डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ लग जाती है।

## डीएम ने पूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र हस्तांतरित कराने के दिये निर्देश



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित 50 लाख रुपए से अधिक लागत की समस्त परियोजनाओं ( सड़कों को छोड़कर ) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निमार्णाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिजों में रेलवे के स्तर से कार्य लंबित हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र पूर्ण कराया जाये। पर्यटन विभाग की परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने हेतु निर्देश भी दिए। पूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुए शीघ्र हस्तांतरित कराए जाने के भी निर्देश दिये। धीमी प्रगति वाली संस्थाओं को कार्य की प्रगति में सुधार के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सीएमआईएस पोर्टल पर समय से फीडिंग कराए जाने हेतु निर्देश भी दिये तथा धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं लम्बित है उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। अनारंभ कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण कराये। बैठक के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रुद्राभिषेक व शृंगार संपन्न



उन्नाव। नगर की सिद्धिपीठ श्री माँ कल्याणी मंदिर प्रांगण में स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रावण मास शुक्ल पक्ष के शुभ अवसर पर मंदिर आचार्य जुगल किशोर के आचार्यत्व में बाबा सोमनाथ मल्लिकार्जुन महाकाल ओंकारेश्वर वैद्यनाथ विश्वनाथ रामेश्वर भीमाशंकर नागेश्वर त्र्यंबकेश्वर केदारनाथ घृष्णेश्वर का पूजन सुधीर श्रीवास्तव, स्नेहा, सौम्य श्रीवास्तव, रेनू गुप्ता, नीलम प्रमोद पाण्डेय, महेन्द्र तिवारी, उषा त्रिवेदी, सोनी, पंकज अवस्थी, इंद्रपाल, अजय अवस्थी, मंजुलता, विमल शंकर अवस्थी, अंजू, राजेंद्र कुमार वर्मा द्वारा पूजन व श्रृंगार किया गया। मंदिर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पी० के० मिश्रा के अनुसार अगला पूजन 4 जुलाई को होगा।

## शिवालयों में लगा श्रद्धालुओं का तांता



सीतापुर। सावन मास के तीसरे सोमवार को जिले भर के शिवालयों में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़ीं। विशेष रूप से कांवड़ियों का उत्साह इस सोमवार को चरम पर रहा।

बीते दो सोमवारों की तुलना में इस बार अधिक संख्या में कांवड़िए हर-हर महादेव के जयकारों के साथ शिव मंदिरों की ओर बढ़े। जनपद के ऐतिहासिक व प्राचीनतम श्यामनाथ मंदिर, बाबा जंगलीनाथ मंदिर और देव देवेश्वर महादेव मंदिर में रविवार रात से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। यह सिलसिला सोमवार देर शाम तक निरंतर जारी रहेगा। महिलाएं, पुरुष और युवाओं की टोलियां विशेष वेशभूषा में शिवभक्ति में लीन नजर आईं। कांवड़ियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने रामकोट-नैमिष मार्ग व सीतापुर-गोला मार्ग पर भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन किया है। यह व्यवस्था रविवार रात से सोमवार देर शाम तक प्रभावी रहेगी। इससे कांवड़ यात्रा में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक के प्रमुख शिवालयों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए पुलिस, होमगार्ड और स्वयंसेवकों की टीम लगातार सक्रिय है। प्रशासन ने पेयजल, प्राथमिक उपचार और मोबाइल टॉयलेट जैसी सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की है।

# डाक विभाग 10 रुपये में वाटरप्रूफ राखी लिफाफा करा रहा उपलब्ध



सीतापुर। रक्षाबंधन का पावन पर्व इस बार 09 अगस्त ( क्रांति दिवस ) को मनाया जाएगा। भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक यह त्यौहार देश भर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। डाक विभाग उन बहनों के लिए रूपए 10 में वाटरप्रूफ राखी लिफाफा उपलब्ध करा रहा है जो अपने भाइयों को राखी बांधने नहीं पहुंच पाती हैं।

रुपए 10 के लिफाफे से रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट एवं पार्सल के माध्यम से देश विदेश तक बहनें अपनी राखी सुरक्षित पहुँचा सकती हैं। बहन की राखी नेह की बारिश में तो भीग ही जाती है परन्तु डाक विभाग ने वाटरप्रूफ लिफाफे के रूप में ऐसी व्यवस्था की है जिस पर बरसात का कोई असर नहीं पड़ेगा। डाक विभाग द्वारा वाटरप्रूफ एवं आकर्षक लिफाफे प्रत्येक डाकघर में उपलब्ध करा दिए गए हैं। बहनें अपने निकटतम डाकघर में जाकर इस लिफाफे को खरीद कर राखी पोस्ट कर सकती हैं। रक्षाबंधन के इस महत्त्वपूर्ण और शुभ अवसर पर डाक अधीक्षक सीतापुर मंडल पुरुषोत्तम नाथ ने सभी भाइयों से विशेष आग्रह किया कि वे अपनी बहनों को सुकन्या समृद्धि खाता राखी के भेंट स्वरूप दें। यह खाता न केवल बहन के भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाएगा, बल्कि यह एक टैक्स-फ्री बचत योजना भी है जो उनके भविष्य के सपनों को साकार करने एवं उनका भविष्य सुरक्षित करने में सहायक होगी। यह खाता 10 वर्ष उम्र तक की किसी भी बहन को भेंट किया जा सकता है एवं मात्र रूपए 250ध- से खुल सकता है। यह सबसे अनमोल और अनोखा उपहार होगा जो भाई अपनी बहन को दे सकते हैं और उनके भविष्य को सुरक्षित करने में अपना योगदान दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त डाक अधीक्षक सीतापुर मंडल पुरुषोत्तम नाथ ने बताया कि सुकन्या के अतिरिक्त कोई अन्य उपहार जैसे-मिठाई आदि भेंट करने हेतु डाकघर में पीपीयू ( पार्सल पैकेजिंग यूनिट ) की सुविधा भी उपलब्ध है। इस सुविधा में आप कोई भी उपहार लाकर डाकघर को दे सकते हैं एवं डाकघर में इसे स्वयं ही पैक किया जाएगा। तत्पश्चात पार्सल के माध्यम से बुक कर देश विदेश में भेजा जाएगा। यह सुविधा सीतापुर मंडल के तहसील स्तर के समस्त उपडाकघरों में उपलब्ध है। इसी के साथ डाक अधीक्षक सीतापुर मंडल पुरुषोत्तम नाथ ने आशा व्यक्त की है कि इस रक्षाबंधन पर सभी भाई अपनी बहनों को सुकन्या समृद्धि खाता राखी के भेंट स्वरूप प्रदान कर उनके भविष्य को सुरक्षित करेंगे। और बहनें वॉटरप्रूफ लिफाफे एवं पीपीयू की सेवा का उपयोग करके अपने भाइयों तक राखी एवं उपहार सुरक्षित रूप से पहुंचाएंगी।

## मुकेश की अगुवाई में हुआ हरिशंकरी का रोपण



सीतापुर। नगर के गोल पानी टंकी पार्क ( आर्य नगर ) में रविवार को पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए अत्यंत उपयोगी माने जाने वाले देव वृक्षोंकृबरगद, पीपल व पाकड़ के युग्म ह्नहरिशंकरीह्न का विधिपूर्वक व समारोहपूर्वक रोपण किया गया। इस पुनीत कार्य में अग्रणी भूमिका निभाते हुए अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि ह्नआज जब पृथ्वी जलवायु संकट से गुजर रही है, ऐसे में देव वृक्षों का रोपण केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए जीवन का बीज बोना है। इस रोपण कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद, सीतापुर के सौजन्य से हुआ, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनींद्र अवस्थी, धर्मगुरु आशीष शास्त्री, योग गुरु राजेश अग्रवाल, सभासद अनूप बब्बू बाजपेई, संदीप सिंह, गौरव अग्रवाल, एस. एन. वर्मा, ओम प्रकाश अवस्थी, तनु गुप्ता, सवर्ण बाजपेई, अश्विनी गुप्ता, राजेश मिश्रा, मंजू अग्रवाल ( योग शिक्षिका ), रजनी मेहरोत्रा, श्वेता जावरानी, रंजना खन्ना, गायत्री अवस्थी, अंजलि श्रीवास्तव, वंदना, सरोज, कांता रावतानी, माधुरी मिश्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई और इसके बाद सभी ने देव वृक्षों की पूजा कर उन्हें श्रद्धापूर्वक रोपा। इस अवसर को एक ह्नपुण्य यज्ञह्न का स्वरूप देते हुए सभी प्रतिभागियों ने इसे आत्मिक संतोष का क्षण बताया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों की ओर से सभी सहभागी जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

# हर-हर बम-बम के जयघोष करते निकली शिव भक्तों की टोली

बीघापुर, उन्नाव। श्रावण मास के तृतीय सोमवार पर बीघापुर तहसील क्षेत्र पूरी तरह से शिवभक्ति में रंगा नजर आया। अलसुबह से ही शिवभक्तों की टोलियाँ ष्बोल बमष, ष्हर-हर महादेवष और ओम नमः शिवाय के जयघोष करते हुए शिवालयों की ओर निकल पड़ीं। क्षेत्र की सड़कों और गलियों में जगह-जगह से निकलीं कांवर यात्राओं और भक्तिमय भजन-कीर्तन ने पूरे माहौल को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों, पाटन का सहस्त्रलिंगेश्वर महादेव, बिहार का नर्वदेश्वर व मुरलेश्वर महादेव, पनहन का अचलेश्वर महादेव, रामपुर खरही का गौरीशंकर महादेव, डौड़िया खेड़ा, बक्सर का मनकामेश्वर महादेव तथा भगवंतनगर का गंजरेश्वर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दराज से आए भक्तों ने गंगाजल से शिवलिंग का जलाभिषेक कर रुद्राभिषेक किया और परिवार व समाज के कल्याण की प्रार्थना की। महिलाएं सिर पर कलश लिए पारंपरिक भजनों के साथ मंदिरों की ओर जाती दिखीं, तो युवाओं की टोली ढोल-नगाड़ों, डमरू और शंखध्वनि के साथ शिवभक्ति में लीन दिखाई दी। मंदिर प्रांगणों में भगवान शिव का भव्य श्रृंगार, विधिवत पूजन-अर्चन, झांकियां व रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए जगह-जगह लगे भंडारों में प्रसाद, फल और शीतल जल वितरित किया गया। श्रद्धा और भक्ति के इस पावन संगम ने बीघापुर क्षेत्र को पूर्णतः शिवमय बना दिया। भक्तों ने इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ से परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-शांति, आरोग्यता व समृद्धि की कामना की।

## ऑटो को कार ने मारी टक्कर, पांच घायल

सीतापुर। रेउसा इलाके में बिसवां-बहराइच मार्ग पर रघुपुरवा और कांता पुरवा गांव के निकट एक दुर्घटना में सवारी ले जा रहे ऑटो को कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। रेउसा थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी घायलों को रेउसा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में ऑटो चालक रामेंद्र सिंह पुत्र बाबूराम निवासी सीताराम शामिल हैं। साथ ही राजेंद्र पुत्र गोवर्धन और राम प्रताप पुत्र रामलखन निवासी रानी गंज थाना तंबौर भी घायल हुए हैं। इन सभी का सीएचसी रेउसा में उपचार किया जा रहा है। घायलों में रेउसा कस्बा निवासी अनुपमा देवी पत्नी शिवकुमार और बुजुर्ग लल्लन विश्वकर्मा पुत्र रामासरे निवासी इटौरी की हालत गंभीर है। इसलिए उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। रेउसा थानाध्यक्ष ने दुर्घटना में शामिल कार और ऑटो दोनों वाहनों को थाने ले जाया है। अब आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रंगारंग प्रस्तुतियों ने माहौल को संगीतमय और हर्षोल्लास पूर्ण बनाया

सीतापुर। अग्रवाल महिला सभा सीतापुर द्वारा सावन के पावन अवसर पर उत्सव गेस्ट हाउस में सावन सिंधारा मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को संगीतमय और हर्षोल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर



समाज की दो बुजुर्ग महिलाओंकृश्रीमती गायत्री देवी अग्रवाल ( पत्नी स्व. रूपचंद अग्रवाल ) एवं श्रीमती गीता खेतान ( पत्नी स्व. सीताराम खेतान )कृका सम्मान किया गया। वहीं, श्रीमती उर्वशी अग्रवाल और श्रीमती रीता बंसल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। सावन सिंधारा स्पेशल अवार्ड श्रीमती श्वेता अग्रवाल को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और महिलाओं ने झूलों का आनंद उठाया तथा चाट-पकवानों का स्वाद भी लिया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी लोगों ने मिलकर केक काटा और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती मंजू मुरारका ने की। साथ में महामंत्री श्रीमती मिथिला सराफ, कोषाध्यक्ष श्रीमती संगीता अग्रवाल, संयोजिका श्रीमती सुनीता अग्रवाल व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहीं। मारवाड़ी महिला युवा मंच की ओर से अध्यक्ष श्रीमती शिल्पी अग्रवाल, महामंत्री नेहा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रितिका अग्रवाल, और कई अन्य सदस्यों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। अंत में अग्रवाल सभा के महामंत्री अंकित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष वैभव बंसल, महामंत्री कृष्ण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ( गोलू ) सहित अन्य गणमान्य सदस्यों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने इस अवसर पर घोषणा की कि 10 फरवरी 2026 को अग्रवाल सभा सीतापुर द्वारा पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। यह आयोजन समाज सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## कार पेड़ से टकरायी, पांच लोग घायल

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलाके में मिश्रिख की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार सोमवार देर रात सिधौली क्षेत्र में बाड़ी मोड़ के पास सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों सहित बाइक सवार व एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लाया गया। जहां से हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोड़ के पास सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के लिए चालक ने अचानक स्टेयरिंग मोड़ दी। जिससे कार सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में घायल कार सवारों में सौरभ सिंह 32 पुत्र शिवप्रसाद, मोहित 25 पुत्र राम किशोर व हिमांशु 22 पुत्र गुनीराम, तीनों निवासीगण मुरहाडीह, थाना संदना व सड़क किनारे जा रहे राहगीर भोला 32 पुत्र श्यामलाल, निवासी बेनीगंज, जनपद हरदोई व बाइक सवार पंकज रावत 40 पुत्र गया प्रसाद, निवासी इस्माइलगंज, थाना संदना भी चपेट में आकर घायल हो गये।

## दोषी राकेश पटेल को 4 वर्ष की कैद

सोनभद्र। करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व नाबालिग छात्रा के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीशध विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राकेश पटेल को 4 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 14 दिसंबर 2018 को एसपी सोनभद्र को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी जो कक्षा 10 की छात्रा है। जब वह स्कूल पढ़ने जाती है और स्कूल से वापस लौटते समय रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी राकेश पटेल पुत्र सुरेश पटेल जो एक सरहंग किस्म का लड़का है और उसका नाजायज गोल भी है। आए दिन उसकी बेटी को परेशान किया जाता है। इसके बारे में बेटी ने जब बताया तो इसकी शिकायत राकेश पटेल और उसके माता पिता से किया गया लेकिन कोई बदलाव नहीं हुआ, बल्कि धमकी दिया कि तुम्हारी बेटी को उठवा ले जाऊंगा। शिकायत के बाद उसकी गुंडागर्दी और बढ़ गई। घटना 3 दिसंबर 2018 को रात्रि 12-1 बजे की है। उसकी बेटी शौच के लिए घर से बाहर निकली थी तभी पहले से ही घात लगाकर बैठे राकेश पटेल ने उसकी बेटी को अपने साथियों के साथ अगवा कर लिया। शोरगुल पर घर से बाहर आया तो मामला शांत था। यह सोचा कि बेटी आ जाएगी,लेकिन वह नहीं आई। अपने स्तर से बेटी को रिश्तेदारी से लेकर हर संभव जगह तलाश किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। बाद में पता चला कि बेटी को राकेश पटेल उठा ले गया है। जब राकेश पटेल के मोबाइल पर बात किया तो उसने कहा कि तुम्हारी बेटी को उठा लाया हूं जो तुम्हें करना हो करो। सूचना दे रहा हूं। आवश्यक कर्रवाई करें। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में राकेश पटेल के विरूद्ध चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था।

# ट्रेड डील की चुनौतियां

ब्रिटेन के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता और इसके फलस्वरूप अगले पांच साल में भारत-ब्रिटेन के द्विपक्षीय व्यापार के डबल होकर 112 अरब डालर तक पहुंचने की उम्मीद कई मायनों में ऐतिहासिक है। इसे हाल के वर्षों में भारत द्वारा किया गया सबसे व्यापक व्यापार करार माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर पिछले कुछ वर्षों से चर्चा चल रही थी। इस बारे में जनवरी 2022 में औपचारिक वार्ता शुरू हुई थी और ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने उम्मीद जताई थी कि यह समझौता उसी साल दीपावली तक हो सकता है। हालांकि इस समझौते पर अनौपचारिक चर्चा 2016 में ब्रिटेन में यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के लिए हुए मतदान से पहले से ही चल रही थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि उस दौरान जो कुछ भी बातचीत हुई थी, उसकी रूपरेखा बदल गई थी। 6 या 7 साल पहले स्थिति यह थी कि जब तक किसी भी समझौते में वीजा या प्रवासियों का बड़ा मुद्दा



शामिल न हो, भारत शुल्क कटौती पर चर्चा से इनकार करना चतुराई समझता था। ऐसी मांगों के कारण 10 डाउनिंग स्ट्रीट में डेविड कैमरन की उत्तराधिकारी थेरेसा मे के साथ बातचीत में बाधा आ गयी थी। इतने लंबी बातचीत के बाद जो समझौता हुआ है उसे कहा जा सकता है कि यह एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के साथ सबसे व्यापक समझौता है और यह व्यापार को लेकर भारत की मानसिकता में महतवपूर्ण बदलाव को प्रतिबिंबित करता है। सवाल यह है कि मानसिकता में इस बदलाव को अब अन्य व्यापारिक भागीदारों, विशेष रूप से यूरोपीय संघ (ईयू) पर कितना और किस तरह लागू किया जा सकता है। भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है और भारत के प्रधानमंत्री और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा है कि इसे इस साल के अंत तक संपन्न हो जाना चाहिए। भारत ने ब्रिटेन से जो प्रतिबद्धताएं की हैं और रियायतें दी हैं, उनसे देश में कम या ज्यादा कोई खास राजनीतिक चिंता नहीं हुई है। इसलिए वार्ताकार यूरोपीय संघ के साथ बातचीत में शुल्क में अधिक कटौती का जोखिम उठा सकते हैं। ईयू के साथ वार्ता में इनमें से कुछ की आवश्यकता पड़ सकती है क्योंकि ईयू को अपने आकार और अफसरशाही के ढांचे को देखते हुए अन्य की तुलना में अधिक व्यापक चर्चा और समझौते की आवश्यकता होगी। लेकिन इसके फायदे भी उतने ही व्यापक होंगे। ब्रिटेन के उलट यूरोपीय संघ अभी भी प्रमुख विनिर्माण ताकत है और कई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के केंद्र में है, जिनमें भारतीय उत्पादकों को प्रवेश करने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। इस दृष्टिकोण से, इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता आने वाले वर्ष में भारत की आर्थिक संभावनाओं को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाया जाने वाला सबसे बड़ा परिवर्तनकारी कदम हो सकता है। इसके अलावा भारत को रक्षात्मक कार्रवाई भी करनी होगी ताकि अमेरिका के साथ भारत की बाजार पहुंच और व्यापार अधिशेष की रक्षा हो सके। अमेरिका में आयात पर ऊंचा शुल्क लगाने की राष्ट्रपति ट्रंप की दूसरी समय-सीमा नजदीक आ रही है और जापान जैसे कई देशों ने पहले ही उसके साथ समझौतों की घोषणा कर दी है। हालांकि इनमें से कोई भी समझौता उन देशों के पक्ष में ज्यादा अनुकूल नहीं है। ब्रिटेन अमेरिका से आयात की तुलना में कम निर्यात करता है, फिर भी उसे 10 फीसदी बुनियादी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका में जापान के उत्पाद पर 15 फीसदी कर चुकाना पड़ रहा है और उसे घटिया अमेरिकी चावल के खिलाफ सुरक्षा छोड़नी पड़ी है। कुल मिलाकर अब तक ट्रंप प्रशासन जो ट्रेड डील की है वह सीधे-सीधे अमरीका को फायदा पहुंचाने वाली है। भारत ऐसी डील कदापि स्वीकार नहीं कर सकता है। इसलिए भारत को ट्रंप की धौंस में आने के बजाय मजबूती से अपना पक्ष रखना होगा और हर हाल में ऐसी ट्रेड डील करनी जो एकपक्षीय न होकर पारस्परिक लाभ वाली हो।

# जन विश्वास और सुराज का उच्चतम रिकॉर्ड



प्रो. आर.एन. त्रिपाठी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार सत्ता में बने रहने के मामले में बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बतौर आज उनके 8 साल 132 दिन पूरे हो गए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत के 8 वर्ष के 127 दिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ कर एक मिसाल स्थापित कर दी है। यह मात्र सत्ता में रहने वाले दिनों का गणतीय आकलन नहीं बल्कि जन विश्वास और आमजन के विकास की एक ऐसी यात्रा है जो शुरू होती है सुदूर गांव -गिराव के नागरिकों से और पहुंचती है नोएडा में विकसित हो रहे जेवर एयरपोर्ट तक, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक मानक एयरपोर्ट है। इस प्रमुख यात्रा का जो पड़ाव है, उसमें आम आदमी का स्थान निश्चित हुआ। उसे मिलने वाली सहूलियतों का मानक निर्धारित हुआ, उसकी सुरक्षा- संरक्षा का पर्याप्त संरक्षण हुआ। कानून व्यवस्था के हिसाब से देखें तो यूपी में जिस जंगल राज की बात की जा रही थी, वह अब सुराज में तब्दील हो चुका है। आज आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति डरा-सहमा सा है कि अगर किसी भी प्रकार का अराजक कार्य किया तो उसे गोली भी लग सकती है। वह गैंगस्टर में भी निबद्ध हो सकता है। उसका एनकाउंटर भी हो सकता है। इस तरह के योगी के 'मॉडल ऑफ गवर्नेंस' की चर्चा पूरे देश में चर्चित व अनुकरणीय है।

> बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण, विंध्याचल में कॉरिडोर का निर्माण, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और इसमें योगी जी का व्यक्तिगत रूप से पूरे मनोयोग से एक मुख्य मंत्री की तरह ही नहीं बल्कि एक सशक्त कार्मिक की भांति सदा लगे रहने रहना भी एक मिसाल है।

योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में 'मिशन शक्ति' एक ऐसा अभियान रहा जिसने महिलाओं को आत्मिक रूप से मजबूती दी। उनके अंदर पनप रहे भय और भविष्य की चिंता को समाप्त किया और इसी के साथ 'एंटी रोमियो स्क्वॉयड' बालिकाओं को अकेले में कहीं भी जाने-आने में निर्भय बना रहा है। उन्हें असीम ऊर्जा प्रदान कर रहा है। विधवा, विकलांग पेंशन की योजना, महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता, अस्पतालों व शौचालयों का निर्माण उनके संवेदनशील व्यक्तित्व का परिचय देते हैं। स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से और सशक्त कर उन्होंने महिला सम्मान और गरिमा को नई ऊंचाई प्रदान की है। मुख्यमंत्री



रोजगार योजना में उत्तर प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी अपने आप में देश का सर्वोच्च रिकॉर्ड है। उत्तर प्रदेश की आर्थिक निवेश और औद्योगिक विकास की जो कार्य योजना है, उसमें उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां इन्वेस्टर समिट में 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए। बहुत सारे ग्राउंड लेवल पर शुरू हो गए हैं और बहुत शुरू होने की स्थिति में हैं। बिजलीऔर सौर ऊर्जा में विकास की दृष्टि से काफी सुधार हुआ है। घर-घर घरौनी और प्रशासनिक दक्षता की दृष्टि से देखा जाए तो तहसील और थाना दिवस के माध्यम से अधिकतम विवादों के निपटारों में भी सरकार की उपलब्धियां गजब की रही हैं। डिफेंस कॉरिडोर, आईटी पार्क सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे का निर्माण करने वाला, प्रवासी सम्मेलन कराने वाला भी यही राज्य योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में बना।

> मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ ने सबसे अधिक दिनों तक पद पर बने रहने का रिकॉर्ड बनाया है।

शिक्षा के क्षेत्र में 'अभ्युदय योजना' से लेकर नए गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज और सर्वाधिक मेडिकल कालेज और विश्व विद्यालय बनाने का रिकॉर्ड भी योगी के ही कार्यकाल को मिला है। वैकल्पिक रोजगार, संस्थागत तरीके से स्थायी नौकरी देने वाला भी देश का प्रथम राज्य है। विकास के हर मुद्दे पर योगी सरकार ने एक जन जागृति क्रांति लाने का काम किया है, परंतु संस्कृतिनिष्ठ वैभव जो योगी सरकार ने प्रदेश को दिया है, वह मात्र देश में नहीं, वरन सम्पूर्ण विश्व में विकास की धर्म-ध्वज फहरा रहा है। योगी का 8 वर्ष का कार्यकाल हिन्दुत्व के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का कार्यकाल कहा जाएगा जहां सनातन ने अंगड़ाई ली, जहां भारत की उस प्राच्य संस्कृति - सभ्यता ने फिर से भारतीयों को भारतीयता का बोध कराया। जहां हिंदुत्व आधारित सशक्त शैली ने सर्वधर्म समभाव का भारत में एक नया मानक स्थापित किया। इसी साल 66 करोड़ लोगों के अमृत स्नान के साथ कहाकुंभ का भव्य आयोजन हुआ, यह योगी की सफलता का एक उच्चतम रिकॉर्ड है जिसे तोड़ने का मानक अब दुनिया के किसी सत्ताधीश के पास न है और न होगा। बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण, विंध्याचल में कॉरिडोर का निर्माण अयोध्या में राममंदिर का निर्माण और इसमें योगी जी का व्यक्तिगत रूप से पूरे मनोयोग से एक मुख्यमंत्री की तरह ही नहीं बल्कि एक सशक्त कार्मिक की भांति सदा लगे रहने वाला रहा है। उनकी विकास यात्रा में कोई ऐसा दिन आठ वर्ष में नहीं रहा जिस दिन योगी जी विराम व विश्राम किया हो, यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि कही जाती है। योगी के कोविड मैनेजमेंट, माइग्रेट हुए लोगों का मैनेजमेंट और माइक्रो प्लान की जितनी भी सराहना की जाए, कम है। जिस अच्छी तरह से योगी आदित्यनाथ ने विपरीत परिस्थितियों में विस्थापितों की भीड़ को स्थानापन्न किया उसकी सराहना आज भी दुनिया करती है। आज पूरी दुनिया में 'योगी का बुलडोजर' प्रसिद्ध है। बुलडोजर प्रतीक है अपराधियों को सख्त से सख्त दंड और अच्छे नागरिकों को अच्छी उच्चतम नागरिक सुविधा देने के सिद्धांत के लिए, जिसकी अब हर मुख्यमंत्री नकल कर रहा है।

योगी एक मुख्यमंत्री ही नहीं बल्कि एक जन आंदोलन हैं जिसने यह दिखा दिया कि अगर सच्चे भाव से जनता के हित को देखते हुए अपने प्राचीन संस्कृति को संभालते हुए लोगों को विकसित होने का अवसर दिया जाए तो निश्चित रूप से विकास के उच्चतम बिंदुओं को आसानी प्राप्त किया जा सकता है जैसा उत्तर प्रदेश में ओडी ओ पी, इज ऑफ डूइंग बिजनेस और कानून व्यवस्था के मामलों में वे देश में अपना उच्चतम मानक बनाये हुए हैं।

पूरे देश के सामने मिसाल बना हुआ है योगी जी का यह सर्वाधिक दिन। निरंतर सत्ता में बने रहने का 8 वर्ष का रिकॉर्ड नहीं बल्कि उनकी कर्मठता और उनके सख्त-सशक्त प्रशासन की एक मिसाल है जिसे सदा सर्वदा के लिए इतिहास में सुरक्षित रखा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक दिनों तक मुख्यमंत्री रहने के साथ ही राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए जो फैसले लिये हैं वे भी मिसाल हैं। उत्तर प्रदेश में आर्थिक प्रगति के लिए बुनियादी संरचना के विकास से लेकर निवेशक सम्मेलन के जरिए जिस तरह प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, एजुकेशन, हेल्थ, सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर आदि में निवेश हुआ है उससे प्रदेश का विकास भी तेज हुआ है और उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसर भी अब तेजी से बढ़ रहे हैं। **(लेखक बीएचयू में समाज शास्त्र के प्रोफेसर हैं)**

## सोशल मीडिया

हरिद्वार स्थित श्री मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में श्रद्धालुओं के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और व मन को व्यथित करने वाला है। सीएम योगी.



एसआईआर की आड़ में बिहार में हो रही वोट चोरी के खिलाफ आज संसद परिसर में इंडिया गठबंधन के साथियों के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुआ, वोट छीनने हम नहीं देंगे। राहुल गांधी.



राजस्थान के झाला-वाड़ में स्कूल की छत गिरने से हुई बच्चों की मौत हृदय विदारक है, स्कूलों की बिल्डिंग की समय समय पर जांच होती ही रहनी चाहिए। अखिलेश यादव.



# नाग पंचमी पर पूजन से प्रसन्न होते हैं शिवशंकर



धर्म/अध्यात्म

आचार्य संतोष पांडेय

सावन में शिवपूजा का महत्व तो है ही लेकिन नाग पूजन से भी भगवान शिव की अहैतुकी कृपा मिलती है। नाग पंचमी के दिन नाग पूजा से जहां काल सर्पदोष से छुटकारा मिलता है, वहीं राहु पीड़ा से भी लोगों को मुक्ति मिलती है। भारतीय संस्कृति में नाग देवता हैं। वे भगवान शिव के गले के आभूषण हैं। भगवान विष्णु की शेषशैय्या हैं। भगवान गणेश को भी नाग प्रिय हैं। मतलब जो नाग भगवान शिव और विष्णु को भी प्रिय हैं, वे मनुष्य जाति के शत्रु कैसे हो सकते हैं? सर्प जाति प्रकृति की रक्षक है। चूहों और कीट-पतंगों की भक्षक है। फसलों की रक्षक है।

नागपंचमी उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का दिन है। पांडवों ने इंद्रप्रस्थ के निर्माण के वक्त नागों के आश्रयस्थल खांडव वन को जला दिया था। फलतः नागों और पांडवों के बीव चैरभाव बढ़ गया था लेकिन हमें यह नहीं भूलनाचाहिए कि भीम को अपारबल नागों की कृपा से ही मिला था। नागकन्या उलूपी से विवाह कर हालांकि अर्जुन ने नागों से अपनी शत्रुता को घटाने की कोशिश की थी लेकिन फिर भी अश्वसेन नाम के नाग ने युद्ध में कर्ण के बाण में घुसकर अर्जुन के वध की कोशिश की थी। चित्रांगदाके पुत्र बभ्रुवाहन ने जब अपने पिता अर्जुन की हत्या करदी थी तब उलूपी की सलाह पर बभ्रुवाहन ने नागोंको न केवल पराजित किया बल्कि नागमणि लेकर आए जिससे अर्जुन और कर्णपुत्र वृषकेतु के जान बच सके। यह और बात है कि अर्जुन के ही पौत्र जनमेजय ने अपने पिता परीक्षित की मौत की खबर सर्पदेश से होने की खबर मिलने के बाद नाग यज्ञ कियाथा जिसमें सांपों की अनेक प्रजातियां नष्ट हो गईं। भला हो, जरत्कारु ऋषि के पुत्र आस्तीक ऋषि काजो उन्होंने हस्तक्षेप कर नागों और सर्पों की रक्षा की। जन्मेजय अर्जुन के पौत्र राजा परीक्षित के पुत्र थे। बड़े होने पर जब जन्मेजय ने पिता परीक्षित की मृत्यु का कारण सर्पदंश जाना तो उसने तक्षक से बदला लेने का उपाय सोचा। जन्मेजय ने सर्पों के संहार के लिए सर्पसत्र नामक महान यज्ञ का आयोजन किया। नागों को इस यज्ञ में भस्म होने का शाप उनकी मां कद्रू ने दिया था। नागगण अत्यंत त्रस्त थे। समुद्र मंथन में रस्सी के रूप में काम करने के उपरान्त वासुकी ने सुअवसर पाकर अपने त्रास की गाथा ब्रह्मा से कही। उन्होंने कहा कि ऋषि जरत्कारू का पुत्र धर्मात्मा आस्तीक सर्पों की रक्षा करेगा, दुरात्मा सर्पों का नाश उस यज्ञ में अवश्यंभावी है। अतः वासुकि ने एलायत्र नामक नाग की प्रेरणा से अपनी बहन जरत्कारी का विवाह ब्राह्मण जरत्कारू से कर दिया था। उनके पुत्र का नाम 'आस्तीक' रखा गया। एक बार अभिमन्यु के पुत्र परीक्षित ने शिकार खेलते समय एक मौन ध्यानस्थ ऋषि शमीक से पानी मांगा। मौन साधना के कारण कोई उत्तर न पाकर क्रुद्ध राजा ने उन्हें ढोंगी समझा और एक मरा हुआ सर्प उनके गले में डाल दिया। ऋषि शमीक के पुत्र श्रृंगी ऋषि को इसका पता चला तो उसने शाप दे दिया जिससे सातवें दिन तक्षक सर्प के काटने से राजा परीक्षित की मृत्यु हो गई। इसी का बदला लेने के लिए जन्मेजय ने नागयज्ञ किया था। जन्मेजय को ऋषि के शाप से किसी प्रकार की कुढ़न न थी। उन्हें दुख इस बात का था कि दुष्ट तक्षक ने कश्यप को रास्ते से ही क्यों लौटा दिया। उसके इस अपराध से चिढ़कर जन्मेजय ने सारी सर्पजाति को नष्ट कर देने के लिए सर्पयज्ञ अनुष्ठान ठान दिया। इधर वासुकी ने जब अपने भानजे, जरत्कारु मुनि के पुत्र आस्तीक से नाना के वंश की रक्षा करने का अनुरोध किया तब वे जन्मेजय के यज्ञस्थल में जाकर यज्ञ की बेहद प्रशंसा करने लगे। इससे प्रसन्न होकर राजा ने उनको मुँहमाँगी वस्तु देने का वचन दिया। इस पर आस्तीक ने प्रार्थना की कि अब आप इस यज्ञ को यहीं समाप्त कर दें। ऐसा होने पर सर्पों की रक्षा हुई।

वास्तव में अपराधी तक्षक नाग था, उसी को दण्ड देना राजा जनमेजय का कर्तव्य था। किंतु क्रोध में आकर उन्होंने सारी सर्पजाति को नष्ट कर देने का बीड़ा उठाया जो अनुचित था। इसलिए जन्मेजय को अनजाने में ही ब्रह्म-हत्या का दोष लग गया था। उसका सभी ने तिरस्कार किया। वह राज्य छोड़कर वन में चला गया। वहां उसका साक्षात्कार इन्द्रोत मुनि से हुआ। इन्द्रोत मुनि ने उसे शांतिपूर्वक प्रायश्चित्त करने के लिए कहा। उसे ब्राह्मणों की सेवा तथा अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान करने के लिए कहा। जनमेजय ने वैसा ही किया तथा निष्पाप, परम उज्ज्वल हो गया।

## विचार

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

–कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

–शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

–संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

–कन्फ्यूशियस.

# स्व का परिमार्जन

अंतर्दृष्टि

जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# अफसर की गाय...

व्यंग्यलोक

यकायक अफसर की गाय खो गई। पूरे दफ्तर में भूचाल-सा आ गया। सभी के चेहरे पर गहरी चिन्ता की लकीरें। जिसे देखो वही तनाव में। जो भी काम से आता बस एक जवाब दिया जाता-भैया, जरा ठहर कर आओ! हमारे अफसर महोदय की सफेद गाय खो गई। अजीब-सी दहाशत पसरी हुई थी पूरे विभाग में। विभाग भी पुलिस का। सारे सिपाही चेहरे लटकाये इधर से उधर चहलकदमी कर रहे थे। छोटे अफसर ने एक अर्जेन्ट मीटिंग पूरे विभाग की काल की तथा उसकी कार्यसूची में एकसूत्रीय विचार प्रस्तुत किया- 'देखो मित्रों, अपने अफसर साहब की सफेद गाय परसों से एकदम गायब है। ऐसे समय में ही आदमी की पहचान होती है। अफसर साहब की पत्नी बेहद पीड़ित हैं। यह तो मानेंगे ही जब पत्नी पीड़ित होंगी तो पति को चैन कहाँ? वही हालत हमारे अफसर महाशय की है। वे गाय और पत्नी की पीड़ा से घायल हमारे सहयोग की उम्मीद में टकटकी लगाये खड़े हैं। एक व्यक्ति बीच ही में बोला- सर, हम अपना तन, मन और धन सब लगा देंगे, लेकिन गाय को ढूँढ़कर लायेंगे। इस भावुकता भरे वक्तव्य से मीटिंग में सभी के चेहरे पर अजीब प्रकार की सनसनी फैल गई तथा लोग आपस में घुसर-पुसर करने लगे। छोटे अफसर बोले- थोड़े शान्त रहिये। पहले मेरी पूरी बात सुन लें। आप सभी को पाबंद किया जाता है कि जब तक उनकी गाय का पता न चल जाये, चैन से न बैठें। एक अन्य व्यक्ति ने प्रति प्रश्न किया- सर, जरा गाय की पहचान के सम्बन्ध में एक परिपत्र तो जारी करवा दीजिये ताकि सब को पता चल जाये कि गाय की पहचान क्या है? तुम्हारा आयडिया बहुत ठीक है। मैं अभी इसके लिए परिपत्र 'डिक्टेट' कराता हूँ। गाय का खोजा जाना इस समय सामयिक व प्रासंगिक है। यह बात कहने की तो नहीं है, परन्तु मैं आप लोगों के हित में बताय देता हूँ कि यदि गाय नहीं मिली तो आप सबको उनका कोप भाजन होना पड़ेगा तथा उसकी जिम्मेदारी आप खुद की होगी। लेकिन सर, ड्यूटी टाइम में तो गाय को ढूँढ़ने कैसे जा सकते हैं? एक अन्य कर्मचारी की समस्या थी। यह कोई तर्क नहीं है। गाय ढूँढ़ने जाने वालों को ड्यूटी पर ही माना जायेगा तथा वे कार्यालय समय में गाय की तलाष में जा सकते हैं। गाय आखिर अफसर की है, किसी ऐरे-गैरे की नहीं। देखो यह स्वर्णिम अवसर है आप सबके लिए, गाय ढूँढ़कर उनकी नजरों में चढ़ सकते हैं। एक बार अफसर की नजरों में चढ़ गये तो नौकरी में इतनी मलाई मिलेगी जितनी गाय जिंदगी पर में नहीं देगी। इसलिए सभी साथी इस स्वर्णिम मौके का लाभ उठायें।



पूरन सरमा

## आप की बात

### सार्वजनिक बैंकों को मजबूत करें

सरकारी बैंकों की संख्या लगातार कम हो रही है। अब बीस से घटकर दस-बारह की पीएसयू बैंक रह गये हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों में जिस तरह से खराब ऋण वितरण के कारण एनपीए बढ़ा उसके कारण अब सरकार को एक-एक करके बैंकों का विलय कर उनकी संख्या कम करनी पड़ी। अब बैंकों का बोझ उठाने के लिए सरकार तैयारनहीं है, यही कारण है कि बीते पांच-छह साल में करीब एक दर्जन सरकारी बैंक दूसरे बैंकों में विलीन हो गये हैं। अब कुल 12 राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं और इन्हें भी कम करके चार-पांच रखने की कोशिश हो रही है। बैंकिंग व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी रहे सरकारी क्षेत्र के बैंक अगर कराह रहे हैं और दिन प्रति दिन देश में प्राइवेट सेक्टर बैंकिंग ऊंचाईयां छू रही हैं तो इसके पीछे सरकारी बैंकों के अधिकारियरों एवं कर्मचारियों की घटिया कार्यप्रणाली भी जिम्मेदार है। आज भी सरकारी बैंक के कर्मचारी अपने को सरकारी कर्मचारी मानते हैं और ठीक से काम न करना अपना पुश्तैनी अधिकार मानते हैं। सरकारी बैंकों में जिस तरह सरकारी कल्चर हावी है उसे अगर दूर न किया गया तो प्राइवेट बैंकों के सामने टिक नहीं पायेंगे। देश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले सरकारी क्षेत्रों के बैंकों की स्थिति आजकल ठीक नहीं है। इनके प्रबंधकों एवं कर्मियों की मनमानी, भ्रष्टाचार और लापरवाही ने आज दुनिया के सबसे बड़े सरकारी बैंकिंग तंत्र को बीमार कर पूरी तरह से आईसीयू में डाल दिया था। लोग बड़े आराम से बैंक का पैसा पार कर दे रहे हैं। फिलहाल सरकार के प्रयासों से बैंकों की हालात सुधरी है। इसे अब और मजबूत करने और देश में बड़े आकार के बैंक बनाने के लिए कुछ सार्वजनिक बैंकों का विलय कर चार-पांच बड़े पीएसयू बैंक बनाने चाहिए।

**राजेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

### कड़ाई से लागू करें स्पीड लिमिट

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफि क सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं। हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ्तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं। हाईवे निर्माण के साथ अब यह भी जरूरी है कि लोगों को ट्रैफिक नियमों पालन एवं यात्रा के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय की भी जानकारी दी जाये। देश में हर साल लगभग डेढ़ लाख जानें दुर्घटनाओं में चली जाती हैं। अगर ट्रैफिक नियमों एवं सुरक्षा उपायों के साथ यात्रा की जाये तो इसमें भारी कमी आ सकती है। हाइवे पर स्पीड सबसे बड़ा दुर्घटना का कारण है इसलिए सरकार प्रत्येक सड़क पर अधिकतम और न्यूनतम स्पीड को तय करे और इसी पूरी निगरानी रखे।

**संजीव श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## कान्हा गौशाला में होगी पशु चिकित्सा की नियुक्ति, बढ़ेंगे कर्मी

**अयोध्या।** नगर निगम की बैसिंगपुर में संचालित कान्हा गौशाला में एक पशु चिकित्सक की तैनाती की जाएगी। गोवंशों की संख्या को देखते हुए देखरेख करने वाले कर्मचारियों की तादाद में भी इजाफा किया जाएगा। यह निर्णय महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने गौशाला का निरीक्षण करने के बाद लिया है। गत दिवस गोरक्षा समिति ने शरद शुक्ल की अगुवाई में ज्ञापन देकर गौशाला में कतिपय खामियां बताई थी। इस पर पारदर्शिता के मध्य नजर समिति के सदस्यों के साथ महापौर ने निरीक्षण का फैसला किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के अलावा गौ रक्षा समिति के पदाधिकारी, अपर नगर आयुक्त भारत कुमार भी थे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था और चारे का प्रबंध ठीक मिला, लेकिन गोवंशों की संख्या को देखते हुए कर्मचारियों की कमी सामने आई। इसके बाद यहां नियमित पशु चिकित्सा कीनिर्णय लिया अभी तक संबद्धता के आधार पर गोवंश का इलाज किया जा रहा था।

# जनकपुर-अयोध्या महामार्ग विश्व का प्राचीनतम मार्गः प्रो. हरिबंश झा

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के सेमिनार हॉल में एक विशेष व्याख्यान ह्वजनकपुर अयोध्या महामार्ग की खोजह्व पर कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। मुख्य वक्ता सेंटर फार इकोनोमिक एण्ड टेक्निकल स्टडीज, जनकपुर, नेपाल के कार्यकारी निदेशक प्रो. हरिबंश झा रहे। हरिवंश झा ने बताया कि जनकपुर तथा अयोध्या को रामायणकाल मे जोड़ने वाले महामार्ग को वर्तमान परिवेश मे चिन्हित करने की बृहद् परियोजना पर कार्य कर रहे हैं। महाप्रभु श्रीराम का जन्म 17000 से 5000 ईशापूर्व में हुआ। संदर्भित काल मे भी अयोध्या और जनकपुर थलमार्ग से जुड़े हुए थे।

इसी मार्ग से प्रभु श्रीराम की बारात जनकपुर तक गई थी। आगे बताया कि संदेशवाहक को अयोध्या से जनकपुर पहुँचने में कुल चार दिन लगते थे। जबकि प्रभु श्रीराम की बारात को मिथिला तक पहुँचने में कुल तेरह दिन लगे थे। प्रो. हरिबंश झा ने एक और रहस्योद्घाटन करते हुए बताया कि अयोध्या और जनकपुर एक ही अक्षांश रेखा पर अवस्थित हैं जैसे कि केदारनाथ और रामेश्वरम् एक ही देशाँतर पर हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या और जनकपुर का थलमार्ग द्वारा जुड़ा होना दोनों के मध्य व्यापार और वाणिज्य को प्रोत्साहित करता था। दोनों राज्यों के मध्य वैवाहिक संबंधों ने इस संबंध को और भी प्रगाढ़ कर दिया था। दोनों ही स्थान, अयोध्या तथा जनकपुरी में, दोनों की स्मृतियाँ आज भी सुरक्षित है। प्रो. हरिबंश झा स्वयं इस पथ पर पैदल चल कर प्रमुख स्थलों को चिन्हित कर चुके है जो प्रभु श्रीराम और माता सीता से संबंधित है और इसके स्थानीय लोगों का साक्षात्कार लेकर और वृद्ध लोगों से भी जानकारी एकत्र कर चुके हैं। झा द्वारा किए जा रहे कार्य से आने वाले समय में नेपाल-अयोध्या संबंध पर आगे का कार्य करने हेतु शोधछात्रों को प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय चैधरी ने ने किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अयोध्या विश्व की एक सांस्कृतिक धरोहर है। इसकी प्राचीनता सांस्कृतिक धार्मिक एवं ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है। डॉ. देवनरायण वर्मा ने प्रो. हरिबंश झा के शोध कार्य को महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक खोज के क्षेत्र में महत्वपूर्ण संदर्भ बताया। इस अवसर पर त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमण्डू के प्रो. शम्भूनाथ झा, डॉ अवध नरायन, डॉ. देशराज उपाध्याय, शोधछात्र ज्ञान प्रकाश तिवारी, निधि कुमारी तथा उषा वर्मा के अतिरिक्त बड़ी संख्या मे परास्नातक के छात्र उपस्थित रहे।

## रामपथ से मऊ शिवाला का मार्ग होगा चौड़ा

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को धार्मिक और पर्यटन नगरी के रूप में और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रामपथ से मऊ शिवाला तक जाने वाले चार किलोमीटर लंबे मार्ग को चैड़ा करने की योजना को मूर्त रूप देने के लिए लोक निर्माण विभाग ने 3385.85 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार की को और सुगम बनाने पर जोर दे रही है। रामपथ से मऊ शिवाला मार्ग का चैड़ीकरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह मार्ग न केवल धार्मिक महत्व के स्थानों को जोड़ता है, बल्कि औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस मार्ग का चैड़ीकरण न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी

- अभी पांच मीटर चौड़ा है मार्ग, औद्योगिक इलाका व एफसीआई को भी मिलेगा चौड़ीकरण का लाभ
- चार किमी मार्ग को 10 मीटर किया जायेगा चौड़ा
- 3385.85 लाख की कार्ययोजना शासन को भेजी गई

है। इस योजना को मंजूरी के लिए शासन को भेज दिया गया है। इस परियोजना के तहत वर्तमान में पांच मीटर चैड़े मार्ग को 10 मीटर तक विस्तारित किया जाएगा, जिससे न केवल धार्मिक यात्रियों को सुविधा होगी, बल्कि स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र, स्कूल और एफसीआई को भी इसका लाभ मिलेगा। अयोध्या देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। राम मंदिर के निर्माण के बाद यहां पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इस बढ़ती भीड़ को देखते हुए योगी सरकार धार्मिक स्थलों तक पहुंचने वाले मार्गों बढ़ावा देगा। वर्तमान में इस मार्ग की चैड़ाई केवल पांच मीटर के करीब है, जो बढ़ते यातायात और तीर्थयात्रियों की संख्या को देखते हुए अपर्याप्त है। 10 मीटर चैड़े मार्ग के निर्माण से वाहनों की आवाजाही आसान होगी और जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही मऊ शिवाला जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा होगी। इस परियोजना का एक अन्य महत्वपूर्ण लाभ औद्योगिक क्षेत्र और एफसीआई गोदामों को मिलेगा। आसपास स्थित औद्योगिक इकाइयों को सामान की ढुलाई में होने वाली असुविधा से राहत मिलेगी। एफसीआई के गोदामों तक मालवाहक वाहनों की आवाजाही भी आसान हो जाएगा।

## मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

अयोध्या। संयुक्त संघर्ष संचालन समिति जनपद अयोध्या (एस-4)में शिक्षकों कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को हो रहे परिषदीय विद्यालयों के मर्जर शिक्षकों कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली लगातार हो रहे विभागों का निजीकरण संविदा कर्मियों का स्थाईकरण शिक्षामित्र दिवस को अनुदेशकों के वेतन आदि समस्याओं को लेकर ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की गई। ज्ञापन देने में (एस-4)के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कुमार यादव ,जिला अध्यक्ष कृपा शंकर चैधरी, जिला संयोजक अवधेश कुमार वर्मा, मीडिया प्रभारी दयाशंकर भारती जग प्रसाद वर्मा ,विनय गौतम , अशोक जयसवाल , श्यामजी वर्मा ,डॉक्टर विवेक चैधरी ,राजेश यादव ,गोरखनाथ वर्मा सहित कई शिक्षक कर्मचारी रहे, प्रदेश उपाध्यक्ष (एस -4 ) पविद्यालय के मर्जर , शिक्षक कर्मचारियों की पुराने पेंशन बहाली, लगातार हो रहे ।

## श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, तीन गम्भीर



**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर बसहा चैराहे के समीप बस पलट जाने से राम भक्त यात्री फंस गये। पलटने तथा बस यात्रियों की गुहार सुन दौड़े दौडे स्थानीय निवासियों राहगीर वाहन चालकों द्वारा घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस की मदद से रेस्क्यू कर सभी यात्रियों को बाहर निकाला। घायल लगभग पंद्रह बस सवारों को इलाज के लिए चिकित्सालय भेजवाया ।इस सम्बन्ध में चैकी प्रभारी सत्तीचैरा जितेंद्र सिंह ने बताया कि बस संख्या यूपी 77 एन 3569 कानपुर से यात्रियों को लेकर अयोध्या जा रही थी। इसी बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरसेंडी मोड़ पार करते ही अनियंत्रित हो पलट गयी। घटना की सूचना पर पहुंचकर घायल चैबेपुर निवासी रैनू विश्वकर्मा अयेरवा रामा देवी निवासी विद्या देवी रजनी विश्वकर्मा कल्याणपुर निवासी रजनी विश्वकर्मा, सुमन विश्वकर्मा, कल्याण पुर चैबे पुर निवासी रानी, महोबी सगर निवासी सेमा, लक्ष्मण सिंह, अंश, महेश सिंह, मंदना निवासी विनीता गुप्ता, कन्नौज निवासी विशाल शर्मा उनकी पत्नी प्रिया शर्मा योगेंद्र उनकी पत्नी व 15 वर्षीय बेटी मुस्कान को चोटें आईं। सभी को इलाज के लिए चिकित्सालय भेजवाया। इनमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई। चोटिल से बचने वाले सभी यात्रियों को दूसरी बस से गनतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है।

# लूट की योजना बना रहे चार अभियुक्त गिरफ्तार



**बहराइच।** चोरी/लूट की योजना बना रहे 04 अभियुक्तों को कूट रचित नम्बर प्लेट लगी अवफ्ब कार व 01 अदद रिवाल्वर 32 बोर, 04 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर, 01 अदद सरिया लोहे की, 01 अदद प्लास, 01 अदद टार्च, 01 अदद डंडा, 01 अदद पेचकस के साथ किया गया गिरफ्तार म्बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अपराध के रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर बहराइच के निर्देशन में आज दिनांक 28.07.2025 को उ0नि0 रवि कुमार यादव , उ0नि0 श्री अजेश कुमार, उ0नि0 नीरज कुमार सिंह, उ0नि0 भावानी फेर, हे0का0 मनोज कुमार, हे0का0 प्रदीप कुमार, का0 अजीत कुमार वर्मा द्वारा चोरी / लूट की योजना बना रहे अभियुक्तगण 1.राहुल त्रिवेदी उर्फ मोटे उर्फ रेसू पुत्र अजय कुमार निवासी वर्तमान पता ग्राम चांदपुर थाना कोतवाली फरूर्खाबाद जनपद फरूर्खाबाद मूल पता कठेठा, हरपालपुर हरदोई 2. हर्षित प्रताप सिंह उर्फ मोनू पुत्र राहुल प्रताप सिंह निवासी वर्तमान पता 544/509 कैम्पवेल रोड एकता नगर थाना ठाकुरगंज लखनऊ पश्चिम (कमिश्ननेरट लखनऊ) 3. हर्षित उर्फ हर्षवर्धन पुत्र सुधीर कुमार सिंह निवासी नदऊपारा रामनगर बाराबंकी उ0प्र0 4. राज उर्फ शुभम सोनी उर्फ राजन पुत्र गणेश कुमार सोनी निवासी म0का0 544/530 एकता नगर कैम्पवेल रोड बालागंज ठाकुरगंज लखनऊ पश्चिम (कमिश्ननेरट लखनऊ) को झिगंहा घाट से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगगण की जामा तलाशी से उनके पास से एक अदद रिवाल्वर 32 बोर व चार अदद कारतूस 32 बोर , एक अदद कूटरचित नम्बर प्लेट, एक अदद सारिया लोहे की, एक अदद प्लास, एक अदद टार्च, एक अदद डंडा, एक अदद पेचकस बरामद हुआ ।

फर्द बरादमगी/गिरफ्तारी के आधार पर उ0नि0 श्री रवि कुमार यादव थाना स्थानीय पर बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अभियुक्तगण उपरोक्त के पंजीकृत कराया गया । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।1. राहुल त्रिवेदी उर्फ मोटे उर्फ रेसू पुत्र अजय कुमार निवासी वर्तमान पता गायत्री नगर नौबस्ता पुलिया थाना मडियाव लखनऊ मूल पता कठेठा , हरपालपुर हरदोई2. हर्षित प्रताप सिंह उर्फ मोनू पुत्र राहुल प्रताप सिंह निवासी वर्तमान पता 544/509 कैम्पवेल रोड एकता नगर थाना ठाकुरगंज लखनऊ पश्चिम (कमिश्ननेरट लखनऊ)3. हर्षवर्धन सिंह उर्फ हर्षित पुत्र सुधीर सिंह निवासी वर्तमान पता जुडवा मंदिर के पास बंधवा थाना मडियाव लखनऊ मूल पता नदऊपारा रामनगर बाराबंकी उ0प्र04. राज उर्फ शुभम सोनी उर्फ राजन पुत्र गणेश कुमार सोनी निवासी म0का0 544/530 एकता नगर कैम्पवेल रोड बालागंज ठाकुरगंज लखनऊ पश्चिम (कमिश्ननेरट है।

## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर निकाली गयी जन-जागरूकता रैली



**सतरिख,बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस ह्यह्यलोगों और पौधो को जोड़ना, वन्य जीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोजह्यह्य थीम पर जन-जागरूकता रैली को महाविद्यालय संस्थापक उमेश चन्द्र चतुर्वेदी व प्रबन्धक डा0 सुजीत चतुर्वेदी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जागरुकता रैली मे छात्र-छात्राओ द्वारा विभिन्न मोहल्लो मे प्रकृति के सरंक्षण एवं संवर्धन के लिए आम जन-मानस को जागरूक करने के लिए धरती माँ की यही पुकार, वृक्ष लगाए हर परिवार, जल है तो कल है एवं पृथ्वी को बचाना है तो वृक्ष लगाना है जैसे प्रेरणादायी नारों से जागरुक किया। इसके उपरान्त महाविद्यालय संस्थापक, प्रबन्धक/कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष डा0 चतुर्वेदी, श्वेता चतुर्वेदी, सुनीति चतुर्वेदी, विनीता चतुर्वेदी, मुकेश चतुर्वेदी, प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता, शिक्षको एंव छात्र-छात्राओं ने विधि महाविद्यालय के आस-पास व सड़क किनारे छायादार पौधों को रोपण कर पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन को सुनिश्चित करने के लिए का संकल्प लिया।

## एमपीएड प्रवेश शारीरिक दक्षता परीक्षा संपन्न

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में एम पी एड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवासीय परिसर के दीक्षा भवन के समीप स्थित क्रीड़ा स्थल पर कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में शारीरिक दक्षता परीक्षा आज 28 जुलाई को कराई गई। जिसमें छात्र वर्ग में 196 पंजीकृत अभ्यार्थियों में से 100 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। जबकि छात्रा वर्ग में 84 में से 40 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो.शैलेंद्र कुमार एवं शारीरिक दक्षता प्रवेश परीक्षा उप समन्वयक डॉ.त्रिलोकी यादव के साथ वाह्य परीक्षक प्रो. आशीष प्रताप सिंह एवं डॉ. पूनम जोशी ने उक्त परीक्षा संपन्न कराई। आंतरिक परीक्षक डॉ. अनिल कुमार मिश्र, डॉ.कपिल कुमार राणा, डॉ.अर्जुन सिंह, डॉ.अनुराग पाण्डेय के साथ कुमार मंगलम सिंह, डॉ.मोहिनी पाण्डेय, स्वाती उपाध्याय ने प्रवेश परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग प्रदान किया।

## राजनैतिक विरोधियों के षड़यंत्र का शिकार हुए आजम खानः मुस्तहसन



**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी वरिष्ठ नेता आजम खान को राजनैतिक विरोधियो द्वारा षड़यन्त्र रचकर पूरे परिवार को झूठे मुकदमें में फंसाया गया है। आजम खान के साथ में पार्टी के बड़े चेहरे जो समय-समय पर रामपुर में पूर्व काबिना मंत्री की चैखट पर नतमस्तक हुआ करते थे उन सभी ने भले ही कह दिया हो कि पूरी पार्टी श्री खां व उनके परिवार के साथ खड़ी है मगर खड़ी है तो अब तक दिखी क्यों नहीं ? आजम खां पार्टी के लिये सदैव खरा होना साबित हुये है और पार्टी को भी यह जानना होगा कि आजम खां सिर्फ एक नाम ही नहीं एक विचारधारा का नाम है जो कहीं न कहीं पूरे देश व

- बैनर व पोस्टर से आजम खां की तस्वीरे हटना सपा पार्टी की बेदारी
- आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा पदाधिकारियो ने की बैठक

अपनी निगाहें आजम खां की ओर से फेर ली है। पार्टी की बेदारी का यह हाल है कि अब तो पार्टी के बैनर व पोस्टर से भी आजम खां की तस्वीरे हटने लगी है। उक्त प्रतिक्रिया सपा कार्यकर्ता व अधिवक्ता मुस्तहसन जुबैर ने अपने आवास पर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक मे कही। श्री जुबैर ने आगे कहा कि जिन सवालों का जवाब भविष्य में समाजवादी पार्टी पर बुरा असर डाल सकता है जोकि पार्टी के लिये कहीं न कहीं हानिकारक साबित हो सकता है। क्योंकि पार्टी ने प्रदेश में खुद को साबित जरुर करेंगी। समाजवादी पार्टी के लिये यह एक गम्भीर चिन्ता का विषय हो सकता है। आजम खां दबे-कुचले और कुंठित समाज के लिये सदैव खड़े रहे और उनके लिए हक की आवाज उठाई। एक ऐसा शिक्षाविद जिसने रामपुर के लोगो को छूरी-चाकू के बजाय कलम थमाई जिसने न सिर्फ मो0 अली जौहर यूनिवर्सिटी खोली बल्कि अंग्रेजी माध्यम के रामपुर पब्लिक स्कूल भी खोले जहां पर फीस न्यूनतम रखी और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले रिक्शा वाले, ठेले वाले परिवार के बच्चो को शिक्षा प्रदान करने के लिये प्रति माह लगभग 20 रुपये फीस रखी। कलम का यह सिपाही जिसकी आयु लगभग 75 वर्ष है वह गर्मी के उच्च तापमान को या ठिठुरती हुई ठंडक या उमस भरी गर्मी में आज सीतापुर जेल में पार्टी के प्रति अपनी कुर्बानियों की सजा काट रहा है और फिर पार्टी कहती है कि उनको तभी न्याय मिल सकता है जब सरकार बदले या कोर्ट फैसला दे या फिर भगवान।

## अयोध्या में दो नये सुलभ शौचालय परिसरों का हुआ उद्घाटन



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में स्वच्छता सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के तहत दो सुलभ शौचालय परिसरों का निर्माण कराया गया। इन परिसरों का उद्घाटन सोमवार को किया गया। 08-08 सीटों वाले ये सुलभ शौचालय परिसर क्रमशः चैधरी चरण सिंह घाट (बाईं ओर) एवं साकेत पेट्रोल पंप के पास स्थापित किए गए हैं। इनका शुभारंभ पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के निदेशक सह चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सुलभ इंटरनेशनल की वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. लिली गुप्ता, उत्तर प्रदेश राज्य शाखा के नियंत्रक फतेह बहादुर सिंह, सुलभ के स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने स्वच्छता को जीवन का मूलभूत हिस्सा बताते हुए इस तरह की पहल को सराहनीय बताया। इस उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके सुलभ इंटरनेशल के वाइस चेयरमैन प्रवीण सिंह मौजूद रहे।

## मेधावी छात्रा को 5100 रुपये का चेक देकर किया सम्मानित




**बाराबंकी।** शिक्षा पाने का उद्देश्य केवल निजी या सरकारी विभाग में उच्च पदों पर असीन होना नहीं बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। प्रतिभाओं का सम्मान समृद्ध राष्ट्र के निर्माण का एक मार्ग है। उक्त उद्गार मलिक समाज फाउंडेशन के तत्वाधान मे नवीगंज स्थित कार्यालय पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह मे राष्ट्रीय अध्यक्ष इरशाद मलिक ने व्यक्त किये। सम्मान समारोह मे डी फार्मा में मेरिट में आने वाली इरम फातिमा मलिक पुत्री अब्दुल सलाम मलिक एंव सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट में कॉलेज में टॉप करने वाले मो0 अरीब मलिक पुत्र शहाबुद्दीन मलिक को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 5100 रुपये का चेक, मोमटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कादिर मलिक, फैसल मलिक, अल्ताफ मलिक, जुनैद मलिक, मास्टर शोएब मलिक, नदीम मलिक आदि मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब और खत्री समाज ने लगाया निःशुल्क आर्थोपेडिक कैंप



**बहराइच ।** रोटरी क्लब बहराइच एवम् खत्री सभा की ओर से निःशुल्क मेगा आर्थोपेडिक कैंप का आयोजनसुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मेहता क्लीनिक, मेहता मेडिकल सेन्टर डिगिहा तिराहा बहराइच में किया गया ।जिसमें जोड़ प्रत्यारोपण की टीम, डॉ दीपांकर मिश्रा सीनियर जॉइंट रिप्लेसमेंट एवम् आर्थोस्कोपी सर्जन, डॉ रंजन पटोरिया जॉइंट रिप्लेसमेंट एवम्ट्रामा सर्जन, डॉ मुदित मायर बी पी टी त्रआर्थो] डॉ शालिनी मायर बी पी टी, एम बी ए आदि डाक्टरों द्वारा 95 मरीजों की स्वास्थ जाँच, परामर्श किया गया इसमें विशेष सहयोग बलरामपुर डायग्नोस्टिक सेन्टर एवम्लैब केम पैथ लेब का रहा ।रोटरी क्लब अध्यक्ष श्री कैलाश जालान ने इस सामाजिक कार्यक्रम में शामिल सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया , सचिव रस्तोगी जी ने भी धन्यवाद दिया, कार्यक्रम में रामगोपाल जालान, बृजेश अग्रवाल, सुमित खन्ना अध्यक्ष खत्री सभा, दीपांशु जी, विनय जालान, आलोक अग्रवाल पिंटू जी, रवी कोठारी, डॉ अनिल केडिया, डॉक्टर एस के वर्मा, अनिल सिंघल, प्रदीप केडिया, सुशील ड्रोलिया, अनिल गोयल, अमित अग्रवाल, राकेश्र ल्ल ल्ल दोचानीया, सुधीर लोहिया, डॉ अरविंद शुक्ला, , डॉ पुनीत मेहता, आदि समाजसेवी रोटेरियन व खत्री सभा के लोग शामिल हुए।

# प्रेमचंद की साहित्यिक पत्रकारिता के सच्चे वारिस थे राजेंद्र यादव




**अयोध्या।** जनवादी लेखक संघ की फैजाबाद इकाई द्वारा हिन्दी पत्रकारिता और प्रेमचंद विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन शहर के नाका स्थित आर बी टावर सभागार में किया गया। इस अवसर पर अपना वक्तव्य देते हुए गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी-विभाग के प्रोफेसर और पत्रकारिता विभाग के समन्वयक प्रो राजेश मल्ल ने कहा कि जिन उद्देश्यों

- हिन्दी पत्रकारिता और प्रेमचंद विषय पर हुई परिचर्चा

के साथ प्रेमचंद ने साहित्यिक पत्रकारिता का प्रारंभ किया था, उस विरासत को नए विमर्शों के माध्यम से ह्नहंसह्न पत्रिका के संपादक राजेन्द्र यादव ने आगे बढ़ाने का काम किया। वे सच्चे अर्थों में प्रेमचंद की साहित्यिक परंपरा के वारिस थे। उन्होंने ह्नहंसह्न को सामाजिक हस्तक्षेप का माध्यम बनाते हुए स्त्रियों और दलितों के प्रश्न को केंद्र में रखा। प्रेमचंद को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक लेखक अपने सृजनात्मक लेखन और अखबारी लेखन में एकदम भिन्न-भिन्न होता है। उन्होंने कहा कि अपने समय और समाज से मुखातिब हर संवेदनशील रचनाकार अपनी वैचारिक प्रतिक्रिया को पत्रकारिता और लेखों के माध्यम से अभिव्यक्त करने का काम करता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ-कवि स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेमचंद अपने लेखन, पत्रकारिता और मूल्यों के कारण आज भी प्रासंगिक हैं, आज के युवा भी उनको पढ़ना चाहते हैं। उनके अनुसार प्रेमचंद के कथा लेखन के बारे में अधिक बात होती है किन्तु उनके लेखों के बारे में बात प्रायः नहीं होती, आलोचकों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। प्रेमचंद अपने पत्रकारीय रूप में भी अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रासंगिक हैं, नए समय और समाज की चुनौतियों के समक्ष उनकी जरूरत और अधिक महसूस होती है। आज का अधिकांश मीडिया जिस तरह जनता की ब्रेनवाशिंग का उपकरण बन गया है और लगता है जैसे पत्रकारिता की मृत्यु हो गई हो, ऐसे में प्रेमचंद की पत्रकारिता के आदर्श को सामने रखने की जरूरत है ।वरिष्ठ पत्रकार कृष्णप्रताप सिंह ने इस अवसर पर अपने वक्तव्य में कहा कि ह्यहंसह्न और ह्यजागरणह्न समेत मुंशी प्रेमचंद द्वारा सम्पादित प्रायः सारे पत्र गवाह हैं कि उनका पत्रकारीय योगदान भी कतई उपेक्षणीय या विस्मरणीय नहीं है। वे इन पत्रों में छपी टिप्पणियों, लेखों व सम्पादकीयों की मार्फत देश की तत्कालीन गोरी सत्ता को चुनौती देने और आजादी की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिहाज से भी अविस्मरणीय है और हिन्दी भाषा व पत्रकारिता के उन्नयन के लिहाज से भी । उन्होंने कहा कि जैसे कथाकार के रूप में वैसे ही पत्रकार व सम्पादक की भूमिकाएं निभाते हुए भी प्रेमचंद रामझरोखे बैठकर मुजरा भर नहीं लेते, ह्यसमाज के आगे आगे चलने और जलने वाली मशालह्न बने रहते हैं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विषय-प्रवर्तन करते हुए कवि-प्राध्यापक डॉ विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेमचंद के पत्रकारीय जीवन को तीन हिस्सों में बांटकर देखा जा सकता है।

## विद्युत उपभोक्ताओं के लिए मण्डलीय कार्यालय पर संचालित है कन्ट्रोल रूम

**बहराइच ।** अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वी.के. राजपूत ने बताया कि विद्युत सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण एवं व्यवधान रहित गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यालय विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच अन्तर्गत मण्डलीय कन्ट्रोल रूम संचालित है जिसका दूरभाष नम्बर 8005494418 है। यह कन्ट्रोल रूम चैबिसों घण्टे राउण्ड द क्लाक संचालित हो रहा है। श्री राजपूत ने बताया कि मण्डीय कन्ट्रोल रूम के संचालन के लिए कार्मिकों के साथ-साथ रात्रि के समय अवर अभियन्ताओं की भी तैनाती की गयी है। उन्होंने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि विद्युत सम्बन्धी शिकायतो के निवारण एवं जानकारी/सुझाव के लिए मण्डीय कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 8005494418 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## 04 व्यक्तियों के खातों में भेजी गई रू. 13.375 लाख की सहायता राशि

**बहराइच ।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि विभिन्न आपदाओं अन्तर्गत जिले के 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 13 लाख 37 हजार 500 की धनराशि सम्बन्धित के बैंक खातों में हस्तान्तरित की गई है। तहसील कैसरगंज अन्तर्गत 01 व्यक्ति के बैंक खाते में 23 जुलाई को अहैतुक सहायता के रूप में रू. 04 लाख तथा 02 व्यक्तियों के बैंक खाते में 25 जुलाई को अहैतुक सहायता तथा पशु सहायता के रूप में रू. जुलाई को अहैतुक सहायता के रूप में रू. 05 लाख इस प्रकार 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 13 लाख 37 हजार 500 की धनराशि सम्बन्धित के बैंक खातों में हस्तान्तरित की गई है।

संक्षेप

## युवकों ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, मिला आईफोन, किया वापस



सुलतानपुर (वीओएल)। युवकों ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। युवकों ने एक गिरे हुए आईफोन को ईमानदारी से उठाकर पुलिस को सौंप दिया। मोतिगरपुर पुलिस ने वारिस को बुलाकर युवकों के सामने फोन हवाले कर दिया। थाना क्षेत्र के रुपिनपुर गांव निवासी सतीश सिंह व अमन सिंह, दोनों बाइक से घर वापस लौट रहे थे, चैहानपुर बाजार के पास सड़क के किनारे एक मोबाइल कवर पड़ा देखा। जब उन्होंने उसे उठाया, तो पाया कि वह एक आईफोन था। दोनों युवकों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी और मोबाइल लेकर थाने पहुंचे। इसी बीच, मोबाइल के मालिक अम्बेडकर नगर निवासी सब्बीर जो कि सुल्तानपुर शहर के एक मदरसे में शिक्षक हैं, का फोन आ गया। पुलिस ने उन्हें थाने बुलाया और उन्हें उनकी खोई हुई मोबाइल वापस कर दी। सब्बीर ने बताया कि मोबाइल अभी चार दिन पहले ही खरीदा था जिसकी कीमत 66000 रुपए है। खोई मोबाइल पाकर उन्होंने खुशी जताई। सतीश और अमन की इस पहल की सराहना की जा रही है और यह घटना समाज के लिए, एक प्रेरणा का स्रोत बन गई है। पुलिस ने भी इस घटना की सराहना की।

## जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने किया कांवड़ियों का स्वागत



सुलतानपुर (वीओएल)। सावन मास के पावन अवसर पर नि. जिला पंचायत सदस्य एवं एएमडी ग्रीन सिटी के चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह ने पीढ़ी चैराहे पर शिवभक्त कांवड़ियों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी ग्राम पीढ़ी मेहानिया, बेलगरा बघना, नगई पुर, उसी का पुरवा, बिरई का पुरवा, गडौली, धूधूं, दरसू का पुरवा, परसा परसड्डा सहित आस-पास के गांवों से कांवड़ लेकर निकले शिवभक्तों की सेवा की। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह ने कांवड़ियों को बिस्कुट, शुद्ध पेयजल, अंगरक्षक गमछा आदि वितरित किए। उन्होंने कहा कि ह्यसावन में कांवड़ियों की सेवा करना साक्षात भगवान शिव की सेवा के समान है। यह कार्य अत्यंत पुण्यदायी और आत्मिक शांति देने वाला होता है। धर्मेंद्र सिंह ने पीढ़ी से अकोढ़ी तक शिवभक्तों के साथ पदयात्रा भी की और सभी को सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भोलेनाथ से प्रार्थना की कि सभी श्रद्धालु अपने गंतव्य तक सकुशल पहुंचें और उनकी यात्रा मंगलमय रहे।

## बूथ कमेटियों का किया पुनर्गठन

गौरीगंज। बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष धर्मराज कोरी ने लोहंगपुर और शाहगढ़ में बैठक कर बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया। धर्मराज कोरी ने पदाधिकारियों को सदस्यता प्रदान की और बसपा की उपलब्धियां बताईं। कोषाध्यक्ष शिवशंकर साथ रहे।

# लोगों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

## अदिति सिंह ने निरीक्षण के दौरान केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा



जिला संवाददाता

रायबरेली। सदर विधान सभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने सोमवार को राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर शक्ति नगर केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा भी मौजूद रहे। यह केंद्र स्थानीय समुदाय को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए, जिला अस्पताल तक लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता न पड़े। अदिति सिंह ने निरीक्षण के दौरान केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता और स्टाफ की उपस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा, ह्यये आरोग्य मंदिर स्थानीय लोगों के लिए एक वरदान साबित होंगे। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिलें, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो। यह प्रयास ह्यस्वस्थ नागरिक सशक्त समाज के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि शक्ति नगर, धमशी राय का पुरवा, जैतूपुर, महानंदपुर, अहियाराय पुर, मोहद्दीनपुर, रानानगर और चतुर्भुज बालापुर जैसे मलिन बस्ती वाले क्षेत्रों में रहने वाली लगभग 15,000 से 20,000 की आबादी को ध्यान में रखते हुए इन आरोग्य मंदिरों की स्थापना की गई है। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए यह पहल शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को उनके घरों के नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं जैसे सामान्य बीमारियों का इलाज, टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, नियमित स्वास्थ्य जांच और आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इन केंद्रों का उद्देश्य न केवल उपचार प्रदान करना है, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता और निवारक उपायों को भी बढ़ावा देना है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि इन केंद्रों के माध्यम से सरकार का प्रयास है कि शहरी मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। उन्होंने कहा, ह्यहम इन केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

## 23 लाख से अधिक कीमत के मोबाइल फोन बरामद

रायबरेली। पुलिस ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए गुमशुदा और खोए हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में सर्विलांस सेल और विभिन्न थानों की टीमों ने संयुक्त रूप से कुल 170 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 23 लाख 43 हजार रुपये है। इनमें से 101 मोबाइल सर्विलांस सेल द्वारा और 69 मोबाइल विभिन्न थानों द्वारा बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सर्विलांस सेल और थानों ने गुमशुदा मोबाइल/टैबलेट से संबंधित शिकायतों और पोर्टल पर उपलब्ध ट्रेसबिलिटी डिटेल्स के आधार पर त्वरित कार्रवाई की। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर सक्रियता दिखाते हुए इन मोबाइल फोनों को बरामद किया गया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह ने सर्विलांस सेल द्वारा बरामद 101 मोबाइल फोनों को उनके मूल स्वामियों को सौंपा। शेष 69 मोबाइल, जो विभिन्न थानों द्वारा बरामद किए गए, संबंधित थानों द्वारा उनके स्वामियों को सौंपे जा रहे हैं। इस कार्य से प्रभावित स्वामियों ने रायबरेली पुलिस और सर्विलांस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है। आम जनता द्वारा भी पुलिस के इस सराहनीय कार्य की व्यापक प्रशंसा की जा रही है।

## आस्था का केंद्र बना परशुरामेश्वर धाम



जामों, अमेठी। जनपद मुख्यालय से लगभग 20 किमी. दूर स्थित जामों विकास खण्ड क्षेत्र के लालूपुर दबिया में स्थित परशुरामेश्वर धाम लोगों के आस्था केन्द्र बन गया है। यहां हर सोमवार को सैकड़ों लोग दर्शन करने आ रहे हैं। बताते चलें कि जामों विकास खण्ड में परशुरामेश्वर धाम लालूपुर दविया में हर सोमवार की भाँति इस सोमवार को सैकड़ो भक्त पूजन दर्शन किये। इस बावत पीठाधीश्वर जिलाजीत पाण्डे ने बताया कि कल नाग पंचमी के दिन 10 बजे भगवान के सामने शिवलिंग पर नाग स्थापित किया जायेगा। गौरतलब हो कि इस परशुराम मंदिर का निर्माण कार्य अभी भी चल रहा है समाजसेवियो ने इस आस्था धाम के लिए अपना सहयोग देने के लिए तैयार हो रहे हैं।

## नागपंचमी पर्व पर मायके आई नवविवाहिता प्रेमी संग फरार

अमेठी। एक ओर जहां सामाजिक रिश्तों की डोर में बंधी एक युवती ने सात फेरे लेकर एक नई ज़िंदगी शुरू की, वहीं दूसरी ओर उसका दिल अब भी उसी पुराने प्रेमी की धड़कनों से जुड़ा रहा. शादी के बाद भी प्रेम का सिलसिला थमा नहीं, और नतीजा ये हुआ कि एक दिन वह सबकुछ छोड़कर अपने प्रेमी के साथ चल दी। मामला पीपरपुर थाना क्षेत्र के खाझा गांव की इस घटना ने रिश्तों, समाज और वफा के मायनों को एक बार फिर कटघरे में खड़ा कर दिया है. युवती नागपंचमी का पर्व मनाने अपने पति के साथ मायके आई थी, लेकिन वहां दिल ने फिर से पुरानी मोहब्बत को आवाज दी। मां का कहना है कि बेटी, रिश्तेदारी में ही रहने वाले युवक के साथ फरार हो गई, जो सुल्तानपुर जिले के हैदरगंज थाना क्षेत्र के लालकपुरवा गांव का रहने वाला है। शादी को दो महीने भी नहीं हुए थे, पर शायद सात फेरे दिल के फासले मिटा नहीं पाए. ससुराल पक्ष का आरोप है कि विवाहिता घर से जेवर भी लेकर गई है. वहीं युवती की मां ने थाने में दी गई तहरीर में कहा कि वह बस यही चाहती हैं कि बेटी सकुशल घर लौट आए.थाना प्रभारी रामराज कुशवाहा ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है. जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी और कानून के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने शहीद स्मारक के सुंदरीकरण कार्यों का किया निरीक्षण



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक में कराये जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, कुछ कार्य अवशेष हैं जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि शहीद स्मारक मुख्य स्थल पर सुरक्षा के दृष्टिगत सीढ़ियों पर रेलिंग अवश्य लगवा ली जाए। रिक्त स्थानों पर भी इंटरलॉकिंग करने के निर्देश दिए। नगर पालिका को निर्देश दिया कि समय समय पर स्थल की साफ सफाई अवश्य कराई जाए। पेयजल और प्रकाश व्यवस्था भी दुरुस्त रखी जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शहीद स्थल पर नीम के पौधे को भी रोपित किया। निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के दौरान जो भी पेड़ पौधे पहले से लगे हैं उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। किसी भी पौधे के क्षतिग्रत होने पर उसके स्थान पर नये पौधे अवश्य लगाए जाए। इस दौरान एडीएम (वि/रा) अमृता सिंह ने भी आंवले का पौधा लगाया। इस अवसर पर प्रभारी जिला पर्यटन अधिकारी सुधीर गिरी, तहसीलदार आकृति व विकास प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सई नदी के किनारे गूंजे बोल बम के जयकारे

## लाखों श्रद्धालुओं ने आस्तिक बाबा के किए दर्शन



रायबरेली। जिले के हरचंदपुर क्षेत्र में गंगागंज से लगभग 3 किलोमीटर दूर सई नदी के किनारे स्थित आस्तिक बाबा मंदिर पर सोमवार को एक विशाल मेले का आयोजन हुआ। इस मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने सई नदी में स्नान कर आस्तिक बाबा के दर्शन कर जलाभिषेक कर किए। बोल बम के जयकारों के साथ मंदिर परिसर भक्ति के रंग में सराबोर रहा। उल्लेखनीय है कि कल शाम से ही श्रद्धालुओं का मंदिर की ओर आना शुरू हो गया था। सुबह होते ही गंगागंज से मंदिर तक 3 किलोमीटर लंबा श्रद्धालुओं का तांता लग गया। श्रद्धालुओं ने सई नदी में स्नान किया और आस्तिक बाबा पर जलाभिषेक किया। जिन भक्तों की मनौतियां पूरी हुई थीं, उन्होंने परंपरा के अनुसार लकड़ी की खँभियां बाबा को अर्पित कीं। यह परंपरा इस मेले की विशेषता रही, जिसमें भक्त अपनी आस्था और विश्वास को लकड़ी की खँभियों के माध्यम से व्यक्त करते हैं। मेले में भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने स्वयं मेले की व्यवस्था की कमान संभाली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम, फायर ब्रिगेड, और सई नदी के किनारे गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित की ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। भीड़ में बिछड़े नाबालिग बच्चों को उनके परिजनों तक पहुंचाने के लिए सूचना केंद्र भी सक्रिय रहा। इन व्यवस्थाओं के कारण मेले में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, खबर लिखे जाने तक करीब 3 लाख श्रद्धालुओं ने आस्तिक बाबा के दर्शन किए। अनुमान है कि पूरे मेले के दौरान लगभग 5 लाख श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मेले का माहौल भक्ति, उत्साह और आस्था से भरा रहा, जहां हर तरफ बोल बम के नारे गूंज रहे थे।

### आस्तिक बाबा मंदिर का महत्व

आस्तिक बाबा मंदिर रायबरेली और आसपास के क्षेत्रों में आस्था का प्रमुख केंद्र है। हर साल आयोजित होने वाला यह मेला न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। श्रद्धालु दूर-दूर से यहां अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं।

## वाहन चेकिंग के दौरान एआरटीओ पर दलाल के जरिए ग्यारह हजार रुपए की अवैध वसूली के आरोप

**अमेठी,जगदीशपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ सुल्तानपुर पर इन्हौना के पास वाहन चेकिंग के दौरान ओवर लोड पिक अप लेकर जा रहे बाराबंकी के एक ड्राइवर से ए आर टी ओ ने ग्यारह हजार रुपए लिए हैं। आरोप है कि ए आर टी ओ ने ये पैसे एक दलाल के माध्यम से आनलाइन लिए है। चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली का मेसेज जिला प्रशासन के ग्रुप पर वायरल हो रहा है। सोमवार को ए आर टी ओ महेंद्र बाबू ने इन्हौना के पास चेकिंग लगाई थी। लखनऊ की तरफ से आ रहे एक पिक अप वाहन को उन्होंने रोका।पिक अप ओवर लोड था।ए आर टी ओ ने जब भारी जुमार्ने की बात की तो ड्राइवर हाथ जोड़ने लगा।ए आर टी ओ माफ करने को तैयार नहीं हुए। मामले को सुलझाने के लिए उसने अजमेर नाम के कमरौली के एक दलाल से मदद मांगी,दलाल ने ए आर टी ओ की ओर से बताए गए नम्बर पर तीन बार में 11000रु लिए हैं। ड्राइवर इरफान ने बताया कि उसके अनुरोध पर अजमेर ने ए आर टी ओ को पैसे दिए हैं।उसे इसी रोड से रोज आना जाना पड़ता है,वह मामले को अब और आगे नहीं बढ़ाना चाहता। अवैध वसूली के इस मामले को लेकर योगी आदित्यनाथ की सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति पर तरह तरह की टिप्पणियां सामने आ रही हैं।इस सम्बन्ध में पूछने पर ए आर टी ओ महेंद्र बाबू ने पहले तो आरोप को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि उन्होंने कोई चेकिंग नहीं की है, मेसेज कब का है।बाद में मेसेज देखने पर कहा कि इसकी जांच कराएंगे।

## गायत्री जप के प्रभाव से मंदमति को भी मिल जाती है सद्बुद्धि : पंडित अखिलेश चंद्र तिवारी



अमेठी । मंद मति, कुमार्गगामी और अस्थिर मति भी गायत्री जप के प्रभाव से उच्च पद को प्राप्त करते हैं, फिर सद्गति होना तो निश्चित ही है ।जो पवित्रता और स्थिरता पूर्वक गायत्री की उपासना करते हैं,वे आत्मलाभ प्राप्त करते हैं। यह बातें गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में आयोजित जप अनुष्ठान में मौजूद साधक पंडित अखिलेश चंद्र तिवारी ने व्यक्त की। जप अनुष्ठान में बड़ी संख्या में साधकों की मौजूदगी रही। सोमवार को गायत्री शक्तिपीठ अमेठी स्थित शिव मंदिर पर बड़ी संख्या में पहुंचे साधकों ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करते हुए जप अनुष्ठान शुरू किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित जप अनुष्ठान में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गायत्री शक्तिपीठ अमेठी के साधना कक्ष में अनुष्ठान किया। जप अनुष्ठान में साधकों की संख्या में हर रोज बढ़ोत्तरी हो रही है। वर्तमान माह में साधक जगह जगह पौधरोपण कर पर्यावरण को भी पोषित करने में लगे हैं। मंत्र जप में इन्द्र देव शर्मा, सुनील श्रीवास्तव, अनिल कुमार तिवारी, संगीता शर्मा, अशोक कुमार, सुनीता देवी, मगन लाल कौशल, चिरौंजी लाल,महेश बरनवाल,अभिषेक के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। उक्त जानकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार तिवारी जिला मीडिया प्रभारी गायत्री परिवार ने दी है ।

# सर्व कल्याण के प्रति समर्पित प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब

**रायबरेली।** प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब, एनटीपीसी ऊंचाहार का एक कल्याणकारी संगठन है। यह क्लब आसपास के क्षेत्रों के कल्याण के लिए काम करता है। प्रियदर्शिनी लेडिज क्लब न केवल एनटीपीसी परिवार की



महिलाओं एवं बच्चों की विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य कल्याणकारी गतिविधियों में अपना योगदान करती है बल्कि आसपास के ग्रामीणों के जीवन स्तर में प्रभावशाली परिवर्तन के लिए कटिबद्ध रहती है। परियोजना के आसपास के गावों में एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यकमों में जहां बढ़ चढ़ कर भाग लेती है वही जरूरतमंद बच्चों एवं महिलाओं के शैक्षिक उन्नयन में अपनी सर्वश्रेष्ठ भूमिका का निर्वाह करती है। प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब द्वारा की गई पहलों में से एक, वंचित और आस-पास के गाँवों के बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में है। लेडिज क्लब द्वारा परियोजना परिसर में लिटल-नेस्ट नामक स्कूल संचालित होता है जिसमें नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी की कक्षाएँ चलती है। इन कक्षाओं में लगभग 170 बच्चों को सात अध्यापकों के द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ आर्ट एवं क्राफ्ट, स्कूल पुस्तकालय में किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना, शैक्षिक खेल, शारीरिक गतिविधियों के साथ-साथ समग्र विकास की शिक्षा दी जाती है। छात्रों की जरूरत के हिसाब से स्कूल संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रियदर्शिनी लेडिज क्लब के परामर्श से तय किया जाता है। साथ ही लेडिज क्लब के वेलफेयर विंग द्वारा ज्ञान भारती कोचिंग केंद्र संचालित किया जाता है जिसमें कक्षा एक से दस तक के 30 जरूरतमन्द बच्चों को स्कूल में छुट्टी हो जाने के बाद नियमित निशुल्क कोचिंग कराई जाती है। अध्यापक हफ्ते में पांच दिन कोचिंग क्लाससेस में सभी विषयों की कक्षाएं लेते हैं। इसके अलावा निशुल्क कम्प्यूटर कक्षाएँ भी संचालित होती है जिसमें लगभग 20 जरूरतमंद बच्चे दक्ष कम्प्यूटर टीचर से निशुल्क कम्प्यूटर का प्रशिक्षण लेते है। प्रियदर्शिनी लेडिज क्लब द्वारा संचालित सर्व कल्याण केंद्र निरक्षर संविदाकर्मियों के लिए आशा का केंद्र साबित हुआ है। इस समय सर्व कल्याण केंद्र में तीस जरूरतमंदो को प्रौढ़ शिक्षा दी जा रही है। स्कूल शिक्षकों, कोचिंग कक्षाओं के शिक्षकों और वयस्क शिक्षा कक्षाओं के शिक्षकों का वेतन प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब द्वारा दिया जाता है।

# नन्हें-मुन्ने बच्चों ने निकाली कांवड़ यात्रा



सुलतानपुर (वीओएल)। सावन मास के पावन अवसर पर मोहिनी माया शबनम सरस्वती विद्या मंदिर, महुआरिया में भक्ति से सराबोर माहौल देखने को मिला, जब विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कांवड़ यात्रा निकाली। छोटे-छोटे शिवभक्त भगवा वस्त्रों में कंधे पर कांवड़ रखे हर-हर महादेव के जयकारों के साथ विद्यालय परिसर में निकले, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की अगुवाई विद्यालय की प्रधानाचार्या मंगला यादव ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. राजीव त्रिपाठी, आचायाएंँ रेखा सिंह, अर्चना तिवारी, रिया यादव, प्रिया श्रीवास्तव, रिंकी अग्रहरि एवं उमा मिश्रा भी मौजूद रहीं और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कांवड़ यात्रा के दौरान बच्चों ने शिव भजनों और नृत्यों से सभी को भावविभोर कर दिया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में धार्मिक संस्कारों का संचार करना और भारतीय संस्कृति से जोड़े रखना था। विद्यालय परिवार द्वारा किए गए इस आयोजन की सभी अभिभावकों और शिक्षकों ने सराहना की।

## बार एसोसिएशन के चुनाव में रामसागर बने जिलाध्यक्ष, सचिव राजबहादुर माली तो उपाध्यक्ष बने उमेश तिवारी



लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार को लंभुआ बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामसागर पाठक ने जीत हासिल की। इसी के साथ-साथ उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद का भी चुनाव हुआ। सभी निर्वाचित पदाधिकारी का बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए कार्य करने का संकल्प लिया। लंभुआ बार एसोसिएशन का चुनाव निर्वाचन अधिकारी राजमणि द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। रामसागर पाठक अध्यक्ष तो राजबहादुर माली सचिव निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में रामसागर पाठक व साधू सिंह चुनाव मैदान में थे। रामसागर पाठक ने 69 वोट पाकर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की वही उनके प्रतिद्वंदी साधू सिंह को 34 मत ही मिले। सचिव पद पर 55 वोट पाकर राजबहादुर माली विजयी घोषित किए गए, वही उनके प्रतिद्वंदी अरविंद तिवारी को 47 मत ही मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए उमेश तिवारी 57 वोट पाकर जीत हासिल किए, वहीं आरपी सिंह 46 वोट पाकर हार गए। कोषाध्यक्ष पद पर छोटे लाल शर्मा 65 वोट पाकर जीत गए, वहीं सुषमा पाल को 36 मत ही मिले। सभी निर्वाचित पदाधिकारी का अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण का स्वागत किया। मौके पर ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सुरेंद्रनाथ शुक्ला, पीएन सिंह, केपी सिंह, रमाशंकर गिरी, अर्जुन चैरसिया, प्रदीप चतुर्वेदी, राजेश सिंह, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डीएफओ से मिले युवा भाजपा नेता पुलकित सिंह

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दिया सुझाव



सुलतानपुर (वीओएल)। युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी पुलकित सिंह ने सोमवार को सिरवारा रोड स्थित वन विभाग कार्यालय पहुंचकर डीएफओ अमित सिंह से मुलाकात की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर चर्चा की और विकास के नाम पर हुई पेड़ों की कटान की भरपाई के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण की मांग की। पुलकित सिंह ने खासतौर से गोलाघाट से टेढुई तक सड़क चैड़ीकरण वाले इलाकों में छायादार और फलदार वृक्ष लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि पेड़ों की कटान विकास के लिए जरूरी हो सकता है, लेकिन पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए उन स्थानों पर दोगुने वृक्ष रोपण की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि लगाए गए पौधों की देखरेख के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं और समय-समय पर उनकी निगरानी भी की जाए। पुलकित सिंह ने कहा कि वे स्वयं और उनके पिता विनोद सिंह (विधायक सुलतानपुर एवं पूर्व मंत्री) सदैव सहयोग को तैयार हैं। उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र में सरकार की मंशा के अनुरूप बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाने का प्रस्ताव दिया। पुलकित ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि जहां-जहां पेड़ों की कटान हुई है, वहां विशेष रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संतुलन बहाल करने की आवश्यकता है ताकि क्षेत्र हरा-भरा बना रहे।

# प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी के दोस्त की हत्या

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। प्रेमिका से मिलने गये प्रेमी व उसके दोस्त पर लड़की के पिता ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें प्रेमी के दोस्त की मौत हो गयी, वहीं प्रेमी युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान पड़ोस के गांव के संजय निषाद उम्र 15 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। मामला कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के पलियागोलपुर गांव का है।

रविवार की देर रात पलियागोलपुर नहर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर शव पड़ा मिला। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लिया. मृतक के पिता सुनील की दी गई तहरीर के अनुसार रविवार की सुबह 08:00 बजे गांव के ही शंकर अग्रहरि के पुत्र कुनाल ने संजय को दुकान पर काम करने के लिए मुस्तफाबाद सरैया लेकर गए। शंकर अग्रहरि की मुस्तफाबाद




सरैया बाजार में स्थित चाय की दुकान पर संजय काम करता था। रात लगभग दो बजे पुलिस ने सूचना दी की नहर की पटरी से सौ मीदूर दूर शव मिला है। जिसे सीएचसी कादीपुर लाया गया है। आरोप है कि पलियागोलपुर गांव के घनश्याम कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा लगता है। पुलिस ने घनश्याम एवं कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### बाइक पर दो दोस्तों के साथ गया था संजय

कादीपुर। रविवार की देर रात दुकान बंद करने के बाद मुस्तफाबाद सरैया का प्रेमी युवक कुनाल अपने एक अन्य दोस्त बाबू के साथ संजय को भी बाइक से लेकर पलियागोलपुर गांव के नहर के पास अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। जहाँ प्रेमिका जब उससे मिलने पहुंचीं तभी पीछे से उसका पिता घनश्याम भी वहां पहुंच गया. सूत्रों के मुताबिक उसने चाकू से कुनाल पर हमला किया। कुनाल व संजय तेजी से बाइक की तरफ भागे तो पीछे से आरोपी घनश्याम ने पीछा किया। इसी दौरान संजय निषाद पर उसने ताबड़तोड़ चाकू से वार किया। जबकि कुनाल अपने दोस्त बाबू के साथ भाग गया। देर रात जब मृतक संजय के परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, तब जाकर मामला खुला।

संक्षेप

## लापता बालिका का शव गड्ढे में मिला

**मथुरा।** कोसीकलां थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदगांव रोड स्थित सर्विस रोड पर हिंदू इंटर कॉलेज के समीप बनी झोपड़ी में रविवार तड़के सुबह लापता हुई सात वर्षीय मासूम का शव सोमवार सुबह नौ बजे हिंदू इंटर कॉलेज के पास बने पानी से भरे गड्ढे में मिला। सोमवार सुबह शव ऊपर आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को निकलवाकर मोर्चरी भिजवाया है।

कोसीकलां थाना क्षेत्र के हाईवे किनारे रेलवे पुल और नंदगांव रोड की सर्विस रोड के समीप हिंदू इंटर कॉलेज के समीप खाली जगह पर घुमंतू समुदाय ने कई झोपड़ियां बना रखी हैं। इनमें वह परिवार के साथ रहते हैं। इन्हीं झोपड़ी में राजस्थान डीग जिले के थाना कामां के चील के महल के नीचे निवासी पवन उर्फ परदेसी अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते हैं। पवन फुटपाथ पर लोहे के तसले और प्लास्टिक के खिलौने आदि लगाते हैं। शनिवार रात को परिवार के सभी लोग चारपाई पर सो रहे थे। मां और छोटे-भाई बहन के साथ सात वर्षीय बड़ी बेटी पलक भी सो रही थी। स्वजन ने बताया कि रात डेढ़ बजे तक उन्होंने मासूम को चारपाई पर देखा था।

# कान्हा की नगरी के शिवालयों में गूंजती रही हर हर महादेव की गूंज

जिला संवाददाता



**मथुरा।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शिवभक्ति का अद्भुत उत्साह श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में देखने को मिला।

तड़के से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी भक्ति भाव से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना में लीन नजर आए। 5,500 साल प्राचीन रंगेश्वर महादेव ने आज अर्द्धनारीश्वर रूप में भक्तों को देरसायं दर्शन दिए। छप्पन भोग के बीच बाबा भोलेनाथ की अलौकिक छवि के दर्शन को हर कोई लालायिक नजर आया।

मंदिरों में ओम नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। सावन सोमवार के मौके पर श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से जलाभिषेक कर भगवान से शांति, सुख और समृद्धि की कामना की। कई भक्त व्रत रखकर और रुद्राभिषेक कर भोलेनाथ को प्रसन्न करने में जुटे दिखे। मंदिरों के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं, जिनमें भक्त संयम और श्रद्धा के साथ अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।

शहर के कान्हा नगरी मथुरा में भूतेश्वर, कामेश्वर, चकलेश्वर एवं गोपेश्वर के अलावा रंगेश्वर महादेव, चिंताहरण मंदिरों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने अपने आराध्य का विधि विधान से जलाभिषेक किया। शिवभक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, अक्षत, भांग और दूध से बाबा का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं देरसायं सभी शिव मंदिरों में बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार के साथ फूलबंगला सजाया गया तथा रंगेश्वर महादेव मंदिर में छप्पन भोग के साथ शिवजी का अर्द्धनारीश्वर स्वरूप का अलौकिक श्रृंगार किया गया। अर्द्धनारीश्वर अलौकिक दर्शन पाने के लिए शिव भक्तों की भीड़ देररात तक लगी रही।

पुजारी जॉनीनाथ गोस्वामी, माधव गोस्वामी, पुजारी लालूराम गोस्वामी, भगत मोनू बंसल, कुश वालिया, हर्षित अग्रवाल, लव वालिया, हर्षित वर्ष्णेय, रोहित, अमित पंडित, हिमांशु ने रंगेश्वर महादेव का महारूद्राभिषेक किया तथा सायंकाल छप्पन भोग अलौकिक श्रृंगार किया गया। जिसे निहारने के लिए शिव भक्तों का देररात तक तांता लगा रहा।

पुजारी माधव गोस्वामी ने बताया कि यह महारूद्राभिषेक हर सोमवार किया जा रहा है।

## देवरी रोड पर ऑटो चालक ने कांवड़ियों पर किया हमला, आरोपी गिरफ्तार



**आगरा।** थाना सदर क्षेत्र में सावन के दौरान कांवड़ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं पर हमले की शर्मनाक घटना सामने आई। सेमरी गांव के लगभग 20 कांवड़िए सोरों घाट से जल लेकर लौट रहे थे। तभी देवरी रोड स्थित गुम्मट के पास एक तेज रफ़्तार टेम्पो चालक ने ओवरटेक करते हुए अपनी गाड़ी श्रद्धालुओं के बीच से निकालने की कोशिश की।

जब यात्रियों ने इसका विरोध किया, तो टेम्पो चालक और आसपास की एक स्थानीय बस्ती के लोगों ने मिलकर उन पर हमला किया। इस हिंसा में सुरेश, राकेश, जितेंद्र और अंकुश बुरी तरह घायल हो गए। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा, इस चोटिल घटना में आठ कांवड़ों में से दो कांवड़ जमीन पर गिरने से खंडित हो गईं। ग्रामीणों का मानना है कि कांवड़ का टूटना बेहद अशुभ होता है, जिससे वहां भारी आक्रोश व्याप्त हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल यात्रियों को सुरक्षित गांव तक पहुंचाया। स्थानीय ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी सदर ने पुष्टि की कि कई आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और सभी तहरीरें मिलाकर विधिपूर्वक कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

## सीडीओ ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की समीक्षा



**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डेशबोर्ड पर जिन विभागों का प्रदर्शन सबसे खराब है, वह विभाग उनमें सुधार करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी, खराब रैंकिंग वालों में ऊर्जा विभाग जो खराब ट्रांसफार्मर की शिकायत का निस्तारण सही समय पर नहीं कर पा रहा है, उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी में जिले की रैंकिंग खराब है, उन्होंने निर्देशित किया है कि लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग, निपुण भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि अपनी प्रगति में सुधार लाये, जिससे जिले की रैंकिंग सही हो सके, बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## शोक संवेदना व्यक्त की



**टूंडला।** राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश फिरोजाबाद के जिला प्रभारी मंत्री सुनील अमर टैगोर की माताजी व लक्ष्य अमर टैगोर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी भाकियू भानु की दादी के आकस्मिक निधन पर प्रेस क्लब संरक्षक राजू उपाध्याय अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां अपने साथी पत्रकारों सहित उनके निज निवास पर पहुंचे और शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया व माताजी के चित्र पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना करते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया शोक सभा में संतोष शर्मा विवेक शर्मा योगेंद्र सिंह रामपाल चौधरी राष्ट्रदीप जैन जाविद अली सुनील टैगोर दर्पण सिंह टैगोर लक्ष्य अमर टैगोर आदि शामिल रहे।

## रेस्टोरेंट संचालक की पत्नी पर जीएसटी टीम ने कराया केस

**आगरा।** जीएसटी टीम पर आरोप लगाने वाली महिला पर जीएसटी विभाग की तरफ से मुकदमा कराया गया है। महिला ट्रांस यमुना क्षेत्र के रेस्टोरेंट संचालक की पत्नी है। महिला ने स्टेट जीएसटी की टीम पर वीडियो बनाकर आरोप लगाए थे कि टीम द्वारा अभद्रता की गई। पैसों की मांग की जा रही है। शुक्रवार को स्टेट जीएसटी की टीम ने ट्रांस यमुना क्षेत्र के जैन रेस्टोरेंट पर कार्यवाही की थी। पूरी कार्यवाही अपर आयुक्त ग्रेड 1 पंकज गांधी और अपर आयुक्त ग्रेड 2 अंजनी अग्रवाल के निर्देशन में हुई थी। दो दिन तक रेस्टोरेंट पर चली कार्यवाही में टैक्स चोरी पकड़ी गई थी। इस दौरान रेस्टोरेंट संचालक संजीव जैन की पत्नी ने हंगामा किया था। अपने प्रोफाइल पर कई वीडियो अपलोड किए थे। जिसमें वो आरोप लगा रही थी कि उनके रेस्टोरेंट पर गलत तरह से कार्रवाई की गई। रात भर रेस्टोरेंट पर टीम ने कार्यवाही की। कैमरा निकाल दिया, डीवीआर जब्त कर ली। सुबह 4 बजे तक परेशान किया गया। मेरे हसबैंड को टॉर्चर किया गया, वो डिप्रेशन में आ गए। महिला ने आरोप लगाए थे कि उन्हें घर नहीं जाने दिया गया। उनके वर्करों को भी जाने को कहा। वे सुबह चार बजे तक अकेले रेस्टोरेंट पर रहीं। यह भी आरोप लगाए कि उनसे एक करोड़ रुपये की मांग की जा रही थी। रेस्टोरेंट पर रखे पांच लाख रुपये और गल्ले में रखे 40 हजार रुपये ले लिए। जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में सहायक आयुक्त राज्य कर कमलेश कुमार ने थाना एत्माउद्दौला में तहरीर दी थी। तहरीर में लिखा है कि रेस्टोरेंट संचालक को जांच के तथ्यों की जानकारी दी गई थी। कंप्यूटर, डीवीआर की जांच के समय संचालक की पत्नी मौके पर पहुंच गई। जांच को बाधित करने के लिए टीम के सदस्यों के साथ अभद्रता की। सरकारी कार्य में बाधा डाली। रेस्टोरेंट संचालक को बाहर भेजने के बाद भी पत्नी हंगामा करती रही। इस मामले में सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज हुआ है।

## शास्त्रीपुरम में बेकरी में लगी आग



**आगरा।** थाना सिकंदरा अंतर्गत पश्चिमपुरी चौराहे के पास एक बेकरी में सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने से चारों तरफ धुआं धुआं हो गया। लोगों की भीड़ लग गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। शास्त्रीपुरम पुलिस चौकी के पास विवेक कुमार की बेकरी है। सुबह करीब साढे.8 बजे विवेक के पास पड़ोसियों का फोन आया कि बेकरी से तेज धुआं निकल रहा है। वो जब बेकरी पहुंचे तो तेज आग लग चुकी थी। दुकान से लपटें निकल रही थीं। लोगों की भीड़ लगी हुई थी। पड़ोसियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। मगर, आग की लपटें तेजी से उठने लगी। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आ गई। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग में बेकरी का पूरा सामान जल गया है। शार्ट सर्किट से आग लगनी की बात कही जा रही है।

## पूर्व फौजी को फर्जी दरोगा ने पहले दिया धोखा, अब दे रहा जेल भिजवाने की धमकी; केस दर्ज

**आगरा।** एक फर्जी दरोगा ने पूर्व सैनिक से ठगी की। अब उसे जेल भिजवाने की धमकी दे रहा है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आगरा में एक व्यक्ति ने खुद को हरीपर्वत थाने का दरोगा बताकर पूर्व सैनिक से 10,700 रुपये ठग लिए। अब थाने में की गई शिकायत वापस न लेने पर धमका रहा है। कह रहा है कि मेरा डीसीपी से संबंध है जेल भिजवा दूंगा। सदर थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की जांच शुरू कर दी है। पूर्व सैनिक विजय पाल आर्मी बेस वर्कशॉप, सदर में तैनात हैं। उन्होंने थाना सदर में केस दर्ज कराया है। दर्ज केस के मुताबिक विजय पाल ने बताया कि 26 जून को उनके पास एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम सुनील बताया। कहा कि वह दरोगा है। थाना हरीपर्वत में तैनाती है। एसओजी में काम कर रहा है। वह पूछने लगा कि तुमने अपनी बाइक बेच दी है क्या। मना करने पर आरोपी ने कहा कि उसे किसी पढ़े लिखे लड़के की जरूरत है। मेट्रो के अधिकारी से जान पहचान है। नौकरी लगवा सकता है। इस पर उन्होंने अपने बेटे के लिए बात की और 10,700 रुपये खाते में जमा करा लिए। जब वो थाने गए तो सुनील नाम का कोई दरोगा नहीं मिला। साइबर क्राइम की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने पर 4 जुलाई को कॉल कर सुनील ने रुपये खाते में जमा कराकर वापस कर दिए। पूर्व सैनिक का कहना है कि आरोपी शिकायत वापस लेने का दबाव डाल रहा है, धमकी दे रहा है। उसने डीसीपी से संबंध बताकर जेल भिजवाने की धमकी भी दी है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है। केस दर्ज कर खुद को दरोगा बताने वाले सुनील के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## मथुरा में नर कंकाल मिलने से सनसनी

**मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र के अंतर्गत गांव पिपरौली के समीप गन्ने के खेत में नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सोमवार को गांव चैकड़ा निवासी पप्पू पुत्र भगवान सिंह ने पुलिस को सूचना दी की यमुना एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड किनारे गांव पिपरौली में गन्ने के खेत में नर कंकाल पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ गुंजन सिंह ने बताया कि नर कंकाल काफी पुराना प्रतीत हो रहा है। शरीर पर एक लोअर है और उस पर प्रेम लिखा हुआ है। जांच पड़ताल के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए गए हैं। ग्रामीणों से नर कंकाल के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# संस्कृति विवि में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के सेमीनार हाल मे कारगिल विजय दिवस पर युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के योगदान को याद किया गया और उनको पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रजनीश त्यागी निदेशक कैप्स , संस्कृति विश्वविद्यालय ने बताया कि 26 जुलाई को हम कारगिल विजय दिवस की 23वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह दिन उन वीर सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध में विजय हासिल करने में अपनी जान की बाजी लगा दी थी। डा. रजनीश ने बताया कि कारगिल युद्ध मई-जुलाई 1999 के बीच जम्मू और कश्मीर के कारगिल जिले में नियंत्रण रेखा पर लड़ा गया था। यह युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसमें भारत ने अपनी वीरता और साहस का परिचय दिया था। भारत सरकार ने इस युद्ध में ऑपरेशन विजय शुरू किया था, जिसका उद्देश्य पाकिस्तानी घुसपैठियों को वापस खदेड़ना था। भारतीय सेना ने अपनी बहादुरी और कौशल का प्रदर्शन करते हुए इस युद्ध में जीत हासिल की थी। कारगिल विजय दिवस उन शहीदों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी थी। यह दिन हमें उनकी वीरता और बलिदान को याद करने का अवसर प्रदान करता है।

डा. रजनीश ने कहा कि राष्ट्रीय युद्ध स्मारक उन सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। यह स्मारक हमें उन शहीदों की याद दिलाता है जिन्होंने देश के लिए अपनी जान दी है। कारगिल विजय दिवस हमें उन शहीदों की वीरता और बलिदान को याद करने का अवसर प्रदान करता है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी थी।

संस्कृति छात्र कल्याण विभाग के निदेशक डा. धर्मेंद्र सिंह तौमर ने बताया कि पाकिस्तान अपने सैनिकों और अर्ध-सैनिक बलों को छिपाकर नियंत्रण रेखा के पार भेजने लगा उसने इस घुसपैठ का नाम ह्लऑपरेशन बद्रह्ल रखा था। इसका मुख्य उद्देश्य कश्मीर और लद्दाख के बीच की कड़ी को तोड़ना और भारतीय सेना को सियाचिन ग्लेशियर से हटाना था। पाकिस्तान यह भी मानता है कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के तनाव से कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने में मदद मिलेगी। प्रारम्भ में इसे घुसपैठ मान लिया था और दावा किया गया कि इन्हें कुछ ही दिनों में बाहर कर दिया जाएगा लेकिन नियंत्रण रेखा में खोज के बाद इन घुसपैठियों के नियोजित रणनीति के बारे मे पता चला जिससे भारतीय सेना को एहसास हो गया कि हमले की योजना बहुत बड़े पैमाने पर की गयी है। इसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय नाम से 2,00,000 सैनिकों को कारगिल क्षेत्र मे भेजा। यह युद्ध आधिकारिक रूप से 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ। इस युद्ध के दौरान 527 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 के करीब घायल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विवि के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और उन्होंने नम आखों से वीरगति को प्राप्त हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कीं।

# कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दें: मुकुल अग्रवाल

जिला संवाददाता



**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), मथुरा की 59वीं छमाही बैठक पिछले दिनों मुकुल अग्रवाल, अध्यक्ष, नराकास मथुरा एवं कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख की अध्यक्षता में मथुरा रिफाइनरी नगर के एम्प्लोइज क्लब में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डा. छबिल कुमार मेहेर, उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर-2) गाजियाबाद ने सहभागिता की। बैठक का शुभारंभ राजभाषा गीत एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। मुकुल अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों एवं उनके प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजभाषा नीति का अनुपालन तथा सरकारी काम-काज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में राजभाषा विभाग की अहम भूमिका है। हम सभी भारत सरकार की राजभाषा नीति के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं, फिर भी कार्यालयों के काम-काज में राजभाषा के प्रयोग की स्थिति की निरंतर समीक्षा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नराकास, मथुरा जिले में स्थित सभी सदस्य कार्यालयों का एक संयुक्त मंच है, जिसका उद्देश्य सदस्य कार्यालयों में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देना और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के मार्ग में आ रही कठिनाइयों को दूर करना है। डॉ छबिल कुमार मेहेर ने सदस्य कार्यालयों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम को लागू करना तथा संघ की राजभाषा नीति का पूर्णतः अनुपालन करना प्रत्येक कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी है। छमाही में समिति कार्यालयों में हुई हिंदी प्रगति पर संतोष प्रकट करते हुए उन्होने धारा 3(3) का अक्षरशः पालन करने के लिए कहा। बैठक के दौरान मथुरा नराकास की वार्षिक पत्रिका ह्य ब्रज रश्मिह्न का भी अनावरण किया गया।

## उटंगन नदी में डूबे तीन युवक दो को बचाया गया

**आगरा।** शमशाबाद क्षेत्र में उटंगन नदी में नहाने गए तीन युवक डूब गए। घटना उस समय हुई जब 10 युवक नदी में नहाने पहुंचे थे। इनमें से तीन युवक नहाते समय गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। स्थानीय लोगों की मदद से दो युवकों को बचा लिया गया है। एक युवक अभी भी लापता है जिसकी तलाश जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

दरअसल रविवार दोपहर को थाना शमशाबाद क्षेत्र के मिलाई की ठार गांव के पास जहां पार्वती नदी और उटांगन नदी आपस में मिलती हैं, वहां करीबन गांव के 10 युवक नहाने गए थे। नहाते वक्त तीन युवक मनोज पुत्र लक्ष्मा, संदीप पुत्र गोपाली और अनिल पुत्र रमेश उम्र 23 वर्ष नहाते वक्त गहरे पानी में डूब गए।

जिनमें स्थानीय ग्रामीणों ने संदीप और मनोज को बाहर निकाल लिया, 23 वर्षीय अनिल अभी भी नदी में लापता है। जिसकी खोजबीन की जा रही है।

## महिलाओं ने मनाया तीज का त्यौहार



**टूंडला।** श्री नारायण सेवा समिति की अध्यक्षता में न्यू इंद्रा नगर एटा रोड टूण्डला पर हरियाली तीज के त्यौहार को समिति की महिलाओ ने वडे ही धूम धाम से मनाया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल म्यूजिक चेयर पासिंग द बॉल कैट वॉक स्पून लेमन आदि का आयोजन किया।

समिति में सम्मिलित सोनिया राधव लवली गुप्ता गुजेन शर्मा प्रीती सिंह ? धाकरे रेखा, विन्दु, रीभा, वेवी नीलम सिंह गुडिया सिंह] पूजा शर्मा पूजा सुनीता गीता शर्मा गुड् ?डी मिथलेश कंचन मोना शर्मा खुखू राधव नीतू उपाध्याय उपदेश सिंह प्रिया चौहान सुमन शर्मा रागिनी, शशि उपाध्याय एंड कम्पनी समिति की समस्त महिलाएं उपस्थित रही।

## गौ माता सेवा महासंघ ने कांवड़ियों को फलाहार करा फूल वर्षा कर स्वागत किया



**टूंडला।** सावन के पवित्र माह के तीसरे सोमवार पर अंतर्राष्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ के तत्वाधान में नगर के सुभाष चौराहे पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कावड़ लाने वाले सभी भक्तों को जलपान फल खिलाकर उन्हें फलाहार कराया व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गौ माता सेवा महासंघ काफी समय से देश हित एवं गौ हित में कार्य कर रहा है, इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, शुभम प्रताप सिंह, सकीं राणा, सुधीर कुमार, जितेन्द्र पचौरी सूरज सिंह, संकी राणा भवानी सिंह, प्रदीप पाठक, मुकेश उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

## यज्ञशाला मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया



**टूंडला।** सावन के तीसरे सोमवार को यज्ञशाला मंदिर पर मंदिर कमेटी के युवक सोरों से गंगाजल लाकर मंदिर पर भोले बाबा पर चढ़ाया और कमेटी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया इस भंडारे मैं छोटी छोटी कन्याओं एवं बच्चों को भंडारे का प्रसाद वितरण किया एवम महिलाओं ने भोले बाबा का कीर्तन एवं पूजा अर्चना की मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अंकित श्रोत्रिया ने बताया यज्ञशाला मंदिर भोले बाबा का काफी प्राचीन मंदिर है यहां सावन के प्रत्येक सोमवार को अनेकों कार्यक्रम होते रहते हैं और अनेकों श्रद्धालु यहां आकर पूजा करते हैं, आज सावन के तीसरे सोमवार के उपलक्ष में यज्ञशाला मंदिर पर कन्या भोज एवं प्रसाद वितरण किया गया जिसमें विशेष सहयोग मीना एवं मंदिर महंत हनुमान दास बाबा मंदिर अध्यक्ष अंकित श्रोत्रिया डॉक्टर अशोक बघेल गोलू बिहारी.टीटू बघेल हनुमान आदि लोगों का सहयोग रहा।

# नौकरी के नाम पर जुनैद ने धर्मांतरण ही नहीं कराया उसकी इज्जत भी की तार-तार

**आगरा।** युवती होम्योपैथी की पढ़ाई करने के लिए ओडिशा गई थी। अपने खर्च के लिए उसने नौकरी की तलाश शुरू की तभी गोवा की रहने वाली आरोपी आयशा उर्फ एसबी कृष्णा के संपर्क में आ गई। अवैध धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का नया चेहरा सामने आया है। अब तक युवतियों को जाल में फंसाने के बाद धर्मांतरण ही कराया जाता था। मगर गिरोह के चंगुल में फंसी झज्जर (हरियाणा) की महिला डॉक्टर का धर्मांतरण के बाद एक युवक ने शारीरिक शोषण किया था। पुलिस ने डॉक्टर को पूछताछ के लिए बुलाया था। अब उनके कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे। पीड़ित डॉक्टर आरोपी को सजा दिलाना चाहती हैं। इस मामले में जल्द ही एक और केस दर्ज कराया जा सकता है। झज्जर जिले की रहने वाली 25 वर्षीय युवती होम्योपैथी की पढ़ाई करने के लिए ओडिशा गई थी। अपने खर्च के लिए उसने नौकरी की तलाश शुरू की तभी गोवा की रहने वाली आरोपी आयशा उर्फ एसबी कृष्णा के संपर्क में आ गई। आरोप है कि आयशा ने उसे नौकरी के लिए जयपुर के जुनैद से मिलवाया। जुनैद को पिछले दिनों पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह पुलिस कस्टडी रिमांड पर है। उससे पूछताछ की जा रही है। दोनों ने एक ग्रुप बनाकर बातचीत शुरू कर दी। आश्वासन दिया कि जुनैद उसकी पूरी मदद करेगा। बातचीत के दौरान जुनैद अपने धर्म के बारे में उसे बताने लगा। मगर, डॉक्टर को गीता का अच्छा ज्ञान होने के कारण वो आसानी से बात मानने के लिए तैयार नहीं हुई। जुनैद उससे झूठ बोलता रहा। एक दिन युवती अपने घर जा रही थी। तब वह उससे मिलने के लिए दिल्ली पहुंच गया। मिलने के दौरान वह उसे अपने साथ एक घर में ले गया, जहां काजी के सामने धर्मांतरण करा दिया। उससे निकाह कर लिया। युवती को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। घर से बाहर आने के बाद जुनैद उसे अपनी पत्नी बताने लगा। कहा कि उसने निकाह में हां किया है।

अब दोनों साथ रहेंगे। डॉक्टर घबरा गई। आरोप है कि वह जबरन अपने साथ रखने का दबाव बनाने लगा। बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। बाद में उसका शारीरिक शोषण भी किया। वह किसी तरह उसके चंगुल से निकलना चाहती थी। आगरा में धर्मांतरण गिरोह के चंगुल में फंसे लोगों से पुलिस संपर्क कर रही है। इसी बीच पुलिस ने उसे ढूंढ लिया। उसके बयान दर्ज किए गए हैं। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि झज्जर की महिला डॉक्टर से युवक ने निकाह किया था। बयानों में पीड़िता ने कई बातें बताई हैं। डॉक्टर के कोर्ट में बयान दर्ज कराए जाएंगे। महिला डॉक्टर के पिता मजदूरी करते हैं। इसके बावजूद वह बेटी को डॉक्टर की पढ़ाई करा रहे थे। 10 हजार रुपये हर महीने भेजा करते थे। इसके बावजूद खर्च पूरा नहीं हो पाता था। बेटी के परेशान रहने पर पिता भी चिंतित थे। पूछने पर भी डॉक्टर ने पिता को कुछ नहीं बताया था। यही कहा था कि पढ़ाई की चिंता है। अब उन्हें पता चला तो वो सन्न रह गए। अब वो आरोपी को सजा दिलाना चाहते हैं।

## 100 में से दो-चार लड़कियां ही पवित्र होती है: प्रेमानंद महाराज

मथुरा। अनिरुद्धाचार्य के विवादित बयान के बाद अब एक और संत, प्रेमानंद जी महाराज, महिलाओं को लेकर दिए गए अपने विवादित बयान को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। प्रेमानंद महाराज ने एक निजी वातार्लाप में कहा, ह्लआज के समय में 100 में से मुश्किल से दो-चार लड़कियां ही पवित्र होती हैं, बाकि सभी बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड के चक्कर में पड़ी हुई हैं ह्ल यह क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस बयान ने संत प्रेमानंद को आलोचना के घेरे में ला खड़ा किया है।

संक्षेप

## किशोरों के खातों की सुरक्षा बढ़ी, सुविधाएं भी हुईं मजबूत

नई दिल्ली। मेटा अब ऐसे अकाउंट्स की सुरक्षा को और मजबूत कर रहा है जो वयस्कों द्वारा संचालित होते हैं और जिनमें मुख्य रूप से बच्चे शामिल होते हैं। साथ ही, ऐसे अकाउंट्स के खिलाफ कार्रवाई जारी है जो बच्चों के शोषण का प्रयास कर सकते हैं। मेटा में हमारा लक्ष्य युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के नुकसान से सुरक्षित रखना है। इसके लिए हम टीन अकाउंट्स में उम्र के अनुकूल अनुभव सुनिश्चित करते हैं, अवांछित संपर्कों को रोकते हैं और अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से शोषणकारी सामग्री की पहचान करके उसे हटाते हैं। आज हम बच्चों की सुरक्षा से जुड़े इन प्रयासों को और अधिक मजबूती देने वाले कई अपडेट्स की घोषणा कर रहे हैं। साथ ही, हाल ही में लॉन्च किए गए सेफ्टी टूल्स के प्रभाव को दर्शाने वाले नए आंकड़े भी साझा कर रहे हैं। हमने टीन अकाउंट्स में डायरेक्ट मैसेजिंग को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए नए फीचर्स जोड़े हैं। अब किशोरों को यह जानने में आसानी होगी कि वे किस अकाउंट से बात कर रहे हैं और संभावित स्कैमर्स की पहचान कर पाएंगे।

## द बॉडी शॉप का राखी गिफ्ट बॉक्सेस लॉन्च

नई दिल्ली। राखी के नजदीक आते ही द बॉडी शॉप भाई-बहन के इस प्यार का उत्सव मनाने के लिए अपने अनूठे राखी गिफ्ट बॉक्सेस लेकर आया है। द बॉडी शॉप ने इस बार पूरी तरह सोच-समझकर, पर्यावरण के अनुकूल और परंपरागत उपहारों का कलेक्शन पेश किया है। इन गिफ्ट बॉक्स की आकर्षक रेंज को द बॉडी शॉप के खास सेल्फ-केयर उत्पादों और पर्यावरण के अनुकूल स्पर्श के साथ सावधानी से तैयार किया गया है। आप खूबसूरत प्री-पैक्ड विकल्पों में से चुन सकते हैं, जिनमें प्लांटेबल सीड राखी और द टेरा कंपनी के साथ मिलकर बनाया गया बीज पत्र (सीड पेपर) शामिल है, या फिर आप क्रिएट योर ओन (सीवाईओ) बॉक्स भी बना सकते हैं।

## वायदा बाजार में कच्चे तेल के भाव में तेजी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में मजबूत मांग के बीच सटोरियों के अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव सोमवार को 22 रुपये चढ़कर 5,670 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में अगस्त में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंधों का भाव 22 रुपये यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,670 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसमें 11,085 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि मजबूत वैश्विक रुख के बीच प्रतिभागियों के अपने सौदे बढ़ाए जाने से वायदा कीमतों पर असर पड़ा। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चे तेल का भाव 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65.51 डॉलर प्रति बैरल जबकि ब्रेंट कच्चा तेल 0.57 प्रतिशत चढ़कर 68.83 डॉलर प्रति बैरल रहा।

## ब्रिटेन के साथ एफटीए से पहले साल भारत को होगा 4,060 करोड़ का राजस्व नुकसान

नयी दिल्ली। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के पहले साल में भारत को 4,060 करोड़ रुपये के सीमा शुल्क राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है क्योंकि विभिन्न वस्तुओं पर शुल्क कम या समाप्त कर दिया गया है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की सोमवार को जारी गणना ब्रिटेन से वर्तमान आयात आंकड़ों पर आधारित है। इसमें कहा गया कि 10वें वर्ष तक, जैसे-जैसे शुल्क उन्मूलन चरणबद्ध तरीके से व्यापक रूप से लागू होगा वित्त वर्ष 2024-25 के व्यापार की मात्रा के आधार पर वार्षिक घाटा बढ़कर 6,345 करोड़ रुपये या लगभग 57.4 करोड़ ब्रिटिश पाउंड तक पहुंचने का अनुमान है। जीटीआरआई ने कहा कि 24 जुलाई को हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के सीमा शुल्क राजस्व में कमी आएगी, क्योंकि विभिन्न वस्तुओं पर शुल्क कम या समाप्त कर दिया गया है। भारत ने 2024-25 में ब्रिटेन से 8.6 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया। इन आयात में औद्योगिक उत्पादों का बड़ा हिस्सा शामिल है और इनपर 9.2 प्रतिशत का भारित औसत शुल्क था। व्हिस्की व जिन जैसी वस्तुओं को छोड़कर अधिकतर कृषि उत्पादों जिनपर 64.3 प्रतिशत का औसत शुल्क लगता है उसे शुल्क कटौती से बाहर रखा गया है।

# सेंसेक्स में 572 अंकों की गिरावट




मुंबई। शेयर बाजार में गिरावट सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में जारी रही। बीएसई सेंसेक्स जहां 572 अंक लुढ़क गया, वहीं एनएसई निफ्टी 156 अंक के नुकसान में रहा।

कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चतता के बीच बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 572.07 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,891.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 686.65 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 156.10 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,680.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में 7.31 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में 4,472 करोड़ रुपये रहा है। प्रतिकूल वृहद आर्थिक परिस्थितियों के कारण खुदरा वाणिज्यिक वाहन पोर्टफोलियो पर दबाव का संकेत है। इससे कंपनी के शेयर में बड़ी गिरावट आई। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहें। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,979.96 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.91 प्रतिशत बढ़कर 69.05 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शुक्रवार को सेंसेक्स 721.08 अंक टूटा था जबकि निफ्टी में 225.10 अंक की गिरावट आई थी।

# रुपये ने शुरुआती बढ़त गंवाई, 15 पैसे टूटकर 86.67 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया सोमवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर 15 पैसे की गिरावट के साथ 86.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आयातकों की मासान्त की डॉलर मांग जारी रहने से अमेरिकी मुद्रा में तेजी घरेलू मुद्रा में गिरावट का मुख्य कारण रही।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि एक अगस्त की समयसीमा से पहले भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजों का इंतजार करते हुए निवेशक सतर्कता के साथ कारोबार कर रहे हैं। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख ने निवेशकों की धारणा को और प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति के फैसलों से पहले भी निवेशक सतर्क रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 86.47 पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 86.40 प्रति डॉलर के उच्च तथा 86.67 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छुआ। अंत में यह 86.67 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 15 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 12 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.52 पर बंद हुआ था। अधिकतर एशियाई मुद्राओं के रुझान के अनुरूप भारतीय रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरावट आई है। इस कमजोरी का मुख्य कारण हाल ही में यूरोपीय संघ-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद डॉलर में आई मजबूती है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में विदेशी पूंजी की निकासी ने डॉलर की मजबूती को और बढ़ावा दिया। निकट भविष्य में अमेरिकी डॉलर-भारतीय मुद्रा की जोड़ी के 86.10 से 86.75 के बीच रहने का अनुमान है।

# जेएंडके बैंक ने पाकिस्तान के साइबर हमलों को किया नाकाम

एजेंसी

जम्मू। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर बैंक की वेबसाइट पर पाकिस्तान से कई साइबर हमले हुए, लेकिन मजबूत सुरक्षा प्रणाली के कारण ऐसे सभी प्रयास विफल हो गए।

जम्मू-कश्मीर (जेएंडके) बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताव चटर्जी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद ही पड़ोसी देशों और अन्य जगहों से साइबर हमले शुरू हो गए थे। चटर्जी ने कहा कि बैंक ने एहतियाती कदम उठाए हैं। (साइबर) हमले हर तरफ से हुए, चाहे पड़ोसी देश हो या अन्य देश। लेकिन हम अपनी मजबूत साइबर सुरक्षा प्रणाली की वजह से किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने में कामयाब रहे हैं। वित्तीय संस्थान के प्रमुख ने कहा कि साइबर सुरक्षा प्रणाली इतनी मजबूत है कि जम्मू-कश्मीर सरकार ने बैंक के साइबर सुरक्षा प्रमुख को सलाहकार नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक, साइबर सुरक्षा के मामले में जम्मू-कश्मीर बैंक को सर्वश्रेष्ठ बैंकों में से एक मानता है।

# सोने में लगातार चौथे दिन 500 रुपये टूटा



नयी दिल्ली। अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते के बाद सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में सोने की मांग कम हो गई।

इससे स्टॉकिस्ट की लगातार बिकवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार चौथे सत्र में गिरावट आई और यह 500 रुपये की गिरावट के साथ 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना शनिवार को 600 रुपये की गिरावट के साथ 98,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही और सोमवार को यह 500 रुपये टूटकर 97,750 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 98,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, सोमवार को चांदी की कीमतें 1000 रुपये घटकर 113,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुईं। शनिवार को यह 114,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना और चांदी क्रमशः 3,337.95 डॉलर और 38.17 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर कारोबार कर रहे थे। पिछले सप्ताह डॉलर इंडेक्स में मजबूती के कारण सोने का कारोबार सकारात्मक लेकिन लगभग स्थिर दायरे में 3,335 डॉलर प्रति औंस के आसपास रहा। अमेरिका ने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा की है।

# भारतीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि 4-6 प्रतिशत रहने का अनुमान

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में भारत के कॉरपोरेट क्षेत्र की राजस्व वृद्धि दर मामूली रूप से 4-6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने यह अनुमान लगाया है। यह आंकड़ा पिछली दो तिमाहियों से लगभग सात प्रतिशत से कम है।

क्रिसिल इंटेलिजेंस ने बयान में कहा कि विश्लेषण में शामिल 600 से अधिक कंपनियों के राजस्व में बिजली, कोयला, आईटी सेवाओं और इस्पात क्षेत्रों की हिस्सेदारी एक-तिहाई है। पांच क्षेत्रों - दवा, दूरसंचार सेवाएं, संगठित खुदरा, एल्युमीनियम और एयरलाइन - ने पहली तिमाही में भारतीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा कि मानसून के जल्दी आने और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण अप्रैल-जून में कुछ क्षेत्रों पर गहरा प्रभाव पड़ने का अनुमान है। बारिश के कारण पड़ी हल्की गर्मी ने बिजली की मांग को कम कर दिया। इसके चलते बिजली क्षेत्र के राजस्व में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की गिरावट देखी जा रही है। कम मांग ने बिजली की हाजिर कीमतों को भी नीचे ला दिया, और कोयले की मांग में 2-3 प्रतिशत की कमी आई। दूसरी ओर, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने आईटी सेवा क्षेत्र को प्रभावित किया है।

# कर्मचारियों की छंटनी पर सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की कड़ी नजर



नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी किये जाने की घोषणा के बाद की स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय टीसीएस मामले में पूरी स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहा है और लगातार कंपनी के संपर्क में है। सूत्रों के मुताबिक, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस घटनाक्रम को लेकर चिंतित है और इस फैसले के पीछे की असली वजह को समझने के लिए इसकी जांच करेगा। सरकार का यह रुख इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने इस साल 12,261 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है जो उसके कुल वैश्विक कार्यबल का दो प्रतिशत है। इस कदम का सबसे जूयादा असर मध्यम और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों पर पड़ेगा। टीसीएस के कुल कर्मचारियों की संख्या 30 जून, 2025 तक 6,13,069 थी। हाल ही में समाप्त जून तिमाही में इसने अपने कर्मचारियों की संख्या में 5,000 की बढ़ोतरी की थी। टीसीएस ने रविवार को एक बयान में कहा कि छंटनी का फैसला भविष्य के लिए तैयार संगठन बनने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इसके केंद्र में प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाना, बाजार विस्तार और कार्यबल पुनर्गठन में निवेश है। टीसीएस भविष्य के लिए तैयार संगठन बनने की दिशा में अग्रसर है। इसमें कई मोर्चों पर रणनीतिक पहल शामिल हैं जिनमें नवीन प्रौद्योगिकी वाले क्षेत्रों में निवेश, नए बाजारों में पहुंच, अपने ग्राहकों और खुद के लिए बड़े पैमाने पर एआई का उपयोग, अपनी साझेदारियों को गहरा करना, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे का निर्माण और अपने कार्यबल मॉडल का पुनर्गठन शामिल है। इस दिशा में नए सिरे से कुशल बनाने और पुनर्नियोजन की पहल जारी हैं। इस क्रम में संगठन से उन सहयोगियों को हटाया भी जाएगा जिनकी तैनाती व्यवहार्य नहीं हो सकती है। इसका प्रभाव हमारे मध्यम और वरिष्ठ स्तर के करीब दो प्रतिशत वैश्विक कार्यबल पर पड़ेगा। टीसीएस ने छंटनी का शिकार होने वाले कर्मचारियों को उचित लाभ देने, नई नौकरी तलाशने में सहयोग देने, परामर्श और समर्थन देने का भरोसा दिलाया है।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि जून में सुस्त पड़कर 1.5 प्रतिशत पर, 10 माह का निचला स्तर




नयी दिल्ली। खनन और बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण देश के औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि इस साल जून महीने में सुस्त पड़कर 10 महीने के निचले स्तर 1.5 प्रतिशत पर रही। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ें में यह जानकारी दी गई।

मानसून के जल्दी आने से खनन और बिजली क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के रूप में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन बीते साल जून में 4.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने मई के औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर के आंकड़े को भी संशोधित कर 1.9 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले इसके 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। अगस्त, 2024 के बाद औद्योगिक उत्पादन वृद्धि सबसे कम है। उस समय इसकी वृद्धि स्थिर रही थी। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि जून, 2025 में मामूली रूप से बढ़कर 3.9 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 3.5 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन में 8.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 10.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। बिजली उत्पादन में जून, 2025 में 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादन में दो प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## पेज एक का शेष

### किसी के

गांधी को सवाल उठाते हुए सुना गया कि संघर्ष क्यों रोका गया। सिंह ने कहा, लेकिन यह पेशकश इस शर्त के साथ स्वीकार की गई कि यह अभियान सिर्फ रोका जा रहा है, और अगर भविष्य में कोई दुस्साहस हुआ तो अभियान फिर प्रारंभ होगा। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कह चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर रुका है, समाप्त नहीं हुआ है और पाकिस्तान फिर नापाक हरकत करता है तो और कठोर कार्वाई होगी। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, प्रतिपक्ष के लोग पूछते हैं कि कितने विमान गिरे। मुझे लगता है कि यह प्रश्न राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। रक्षा मंत्री ने कहा कि विपक्ष को अभियान की सफलता पर, दुश्मन सेना को हुए नुकसान पर और आतंकी ढांचों को हुए नुकसान पर सवाल पूछना चाहिए था।

सिंह ने कहा, आपको प्रश्न पूछना है तो यह पूछिए कि क्या जांबाज सैनिकों को कोई क्षति हुई है तो उत्तर है नहीं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए और यह संख्या अधिक भी हो सकती है। सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि हम आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने का संकल्प ले चुके हैं।

### सबसे लंबे

नेता के रूप में स्थापित हुए हैं, जिन्होंने राज्य को राष्ट्र निर्माण का अग्रदूत बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। तीन दिन पहले ही 25 जुलाई को पीएम मोदी ने इंदिरा गांधी का रिकॉर्ड तोड़कर देश के दूसरे सबसे लंबे कार्यकाल तक प्रधानमंत्री बने रहने का कीर्तिमान बनाया है।

### पहलगाम हमले

समेत सात लोग मारे गए थे। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को मुठभेड़स्थल से एक एम4 कार्बाइन राइफल, दो एके राइफल और अन्य हथियार बरामद किए गए। मारे गए आतंकवादियों के शव स्थानीय पुलिस को सौंप दिए गए हैं, जिससे मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार उनकी पहचान करने, कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने और अंतिम संस्कार करने में मदद मिली। एक अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे 24वीं राष्ट्रीय राइफल और चौथे पैरा यूनिट के जवानों के एक दल को तीन आतंकवादियों का पता चला। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर क्षेत्र) वीके बिरदी ने कहा कि यह एक लंबा अभियान था, जो अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी रहा। पहले श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक्स पर पोस्ट किया किया था कि ऑपरेशन महादेव में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। चिनार कोर ने कहा था, भीषण मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। ऑपरेशन जारी है। उन्होंने बताया कि यह तकनीकी संकेत पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए गए उपकरण के तकनीकी संकेत के समान था। मुलनार गांव में घेराबंदी और तलाशी के दौरान हुई मुठभेड़ में ये आतंकवादी मारे गए। इन आतंकवादियों में से एक की पहचान जिबरान के रूप में हुई है, जिसके बारे में अधिकारियों का कहना है कि वह पिछले साल अक्टूबर में गगनगीर में सोनमर्ग सुरंग परियोजना पर हुए हमले में शामिल था। इस हमले में एक डॉक्टर समेत सात लोग मारे गए थे। सुरक्षा बल और खुफिया अधिकारी आज की मुठभेड़ में मारे गए दो अन्य आतंकवादियों की शिनाख्त करने में जुटे हैं, क्योंकि माना जा रहा है कि उनमें से एक सुलेमान है, जो 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन में हुए आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं में से एक था। बैसरन में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को मुठभेड़स्थल से एक एम4 कार्बाइन राइफल, दो एके राइफल और अन्य हथियार बरामद किए गए। एक अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे 24वीं राष्ट्रीय राइफल और चौथे पैरा यूनिट के जवानों के एक दल को तीन आतंकवादियों का पता चला और उन पर अचानक हमला कर उन्हें मार गिराया। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर क्षेत्र) वीके बिरदी ने कहा कि यह एक लंबा अभियान था, जो अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी रहा। उन्होंने कहा, "तीन शव देखे गए हैं। अन्य विवरणों पर टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी। बिरदी कहा कि अभियान समाप्त होने के बाद पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। पहले श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक्स पर पोस्ट किया किया था कि ऑपरेशन महादेव में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। चिनार कोर ने कहा था भीषण मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। ऑपरेशन जारी है।

### थाईलैंड-कंबोडिया

के बीच संघर्ष जारी रहा तो अमेरिका किसी भी देश के साथ व्यापार समझौते पर आगे नहीं बढ़ेगा।

मलेशिया के प्रधानमंत्री ने बताया कि सीमा पर तनाव कम करने के लिए दोनों पक्षों की सेना और अधिकारी भी बैठकें करेंगे। उन्होंने कहा कि मलेशिया, कंबोडिया और थाईलैंड के विदेश और रक्षा मंत्रियों को निरंतर शांति सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष विराम को लागू करने व निगरानी करने के लिए एक विस्तृत तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया गया है।

हुन मानेट एवं फुनथाम ने बैठक के नतीजों की सराहना की और संक्षिप्त संवाददाता सम्मेलन के समापन के बाद हाथ मिलाया।

हुन मानेट ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि द्विपक्षीय संबंध जल्द ही सामान्य होंगे ताकि दोनों तरफ से विस्थापित लगभग 3,00,000 ग्रामीण घर लौट सकें। उन्होंने कहा, अब थाईलैंड और कंबोडिया के बीच विश्वास और सहयोग का पुनर्निर्माण शुरू करने का समय आ गया है।

फुनथाम ने कहा कि यह परिणाम शांतिपूर्ण समाधान के लिए थाईलैंड की इच्छा को दर्शाता है। गत बृहस्पतिवार को सीमा पर एक बारूदी सुरंग विस्फोट में पांच थाई सैनिकों के घायल होने के बाद सीमा पर संघर्ष शुरू हो गया था। दोनों पक्षों ने झड़प शुरू करने के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया, जिसमें कम से कम 35 लोग मारे गए और दोनों पक्षों के 2,60,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए। दोनों देशों ने अपने राजदूतों को वापस बुला लिया और थाईलैंड ने कंबोडिया के साथ सभी सीमा चौकियां भी बंद कर दी थी। संयुक्त बयान में कहा गया है कि चीन की भागीदारी के साथ अमेरिका वार्ता का सह-आयोजक है। मलेशिया में चीनी और अमेरिकी राजदूतों ने दो घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में भाग लिया।

### बाराबंकी : मंदिर

हुई है। पुलिस के अनुसार बिजली का करंट फैलने की अफवाह के कारण लोग दहशत में आ गए जिसके बाद भगदड़ मच गई। अधिकारियों ने बताया कि त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुल 10 घायलों को लाया गया, जिनमें से पांच को हालत गंभीर होने के कारण उच्च स्तरीय केंद्र रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हैदरगढ़ के सीएचसी में 26 घायलों को भर्ती कराया गया जिनमें से एक को गंभीर स्थिति में किसी अन्य अस्पताल में रेफर किया गया है। हादसे के बाद मंदिर परिसर और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने की कोशिश की। इस मामले की जांच जारी है। जिलाधिकारी (डीएम) शशांक त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर में जलाभिषेक के दौरान बंदरों ने बिजली का तार तोड़ दिया जिससे तीन शेड में करंट आने से परिसर में भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। त्रिपाठी ने बताया कि घायलों का सीएचसी एवं जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थिति सामान्य है।

बाद में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना पुनः शुरू कर दी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद बाराबंकी स्थित श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। पोस्ट में कहा गया, मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार एवं राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने संवाददाताओं को बताया कि मौतें भगदड़ से नहीं, बल्कि बंदर की वजह से बिजली का झटका लगने से हुईं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र और परिक्षेत्र स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा, "दुर्भाग्य से इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जो किसी भगदड़ से नहीं, बल्कि बिजली का झटका लगने से हुई। लगभग सभी घायलों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। कुछ निगरानी में हैं"।

### प्रेम-प्रसंग में

परिजनों को जानकारी मिली तो उसको वापस गांव ले आए।

पुलिस के अनुसार, 22 जुलाई की रात किशोरी की कथित रूप से गला दबाकर हत्या कर दी गई और अगले दिन परिजनों ने उसे टीबी से हुई मौत बताकर गांव के कब्रिस्तान में दफना दिया। राय ने बताया कि शिकायत मिलने पर पुलिस ने शनिवार को जिलाधिकारी की अनुमति से शव को कब्र से बाहर निकलवाया और दो डॉक्टरों की समिति द्वारा पोस्टमार्टम कराया, जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान किशोरी के ताऊ की निशानदेही पर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस के मुताबिक, अब तक किशोरी के पिता, भाई, ताऊ चाचा, दो फूफा सहित कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। घटना में प्रयुक्त कपड़ा भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रेमी किशोर को घटना के दौरान चोटें आई थीं और वह डर के कारण हिमाचल प्रदेश लौट गया था। उनके मुताबिक, उसे बयान दर्ज कराने के लिए वापस लाया जा रहा है, क्योंकि वह इस घटना का प्रत्यक्षदर्शी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### भगदड़ के

पांडेय, अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते और अपर सचिव बंशीधर तिवारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### 189 देशों ने

का जवाब देते हुए कहा यह हमारी कूटनीति की सफलता है। हमारे कठोर कदमों की झलक दूसरे देशों में भी दिखी और फ्रांस, जर्मनी तथा यूरोपीय संघ ने आतंकवाद के खिलाफ रुख अपनाया। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के अनुसार हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को जवाब दिया और उसके हमलों को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि इसे प्रमाणित करने के लिए उपग्रह की तस्वीरें उपलब्ध हैं। जयशंकर ने कहा 10 मई को कई फोन कॉल आए और बताया गया कि पाकिस्तान संघर्ष विराम को तैयार है। हमने कहा कि डीजीएमओ के माध्यम से पाकिस्तान से यह अनुरोध आना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस दौरान अमेरिका से बातचीत में व्यापार से जुड़ा कोई मुद्दा नहीं आया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष रुकवाने के दावों को लेकर विपक्ष के सवालों पर जयशंकर ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से 17 जून के बीच कोई सीधा संवाद नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को ट्रंप ने पहलगाम हमले के बाद मोदी से बात की थी और 17 जून को मोदी की कनाडा यात्रा के दौरान दोनों की फोन पर बात हुई थी। इस दौरान विपक्ष के सदस्यों के टोकाटोकी करने पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, हमारी आपत्ति है कि विपक्ष के सदस्य शपथ लेकर सदस्य बनने वाले विदेश मंत्री के बयान पर भरोसा नहीं कर रहे, दूसरे देशों के बयान पर भरोसा करते हैं। इसलिए ये वहां (विपक्ष में) बैठे हैं और 20 साल तक वहां बैठने वाले हैं।

# ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों को आड़े हाथों लिया

## लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल और अखिलेश से अपने नेताओं को समझाने को कहा




नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन में एसआईआर के मुद्दे पर नारेबाजी करने और पूर्व सहमति के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू नहीं होने देने के लिए विपक्षी सांसदों को आड़े-हाथों लिया तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लेते हुए कहा कि वे अपनी पार्टी के नेताओं को समझाएं।

बिरला ने प्रश्नकाल में राहुल गांधी से कहा कि वह अपने दल के नेताओं को समझाएं कि जनता ने उन्हें पर्चियां फेंकने तथा तख्तियां लाने के लिए नहीं भेजा है। वहीं, उन्होंने एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों के शोर-शराबे के दौरान सपा नेता अखिलेश यादव से कहा कि उन्हें सर्वदलीय बैठक में अपने ऐसे नेताओं को भेजना चाहिए जो निर्णय ले सकें। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर लोकसभा में सोमवार को भी नारेबाजी जारी रखी। विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दो बजे तक स्थगित कर दी गई और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी। सदन की बैठक प्रारंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कराया, विपक्षी दलों के सदस्य एसआईआर वापस लो के नारे लगाने लगे। बिरला ने कहा कि क्या आप सदन बाधित करना चाहते हैं, क्या ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं करना चाहते? आप लोग आए थे और कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी चाहिए...आखिर अब सदन क्यों नहीं चलने दे रहे? उन्होंने सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से कहा, माननीय नेता प्रतिपक्ष, आप अपने नेताओं को समझाओ कि इन्हें सदन में पर्चिया फेंकने और तख्तियां लाने के लिए नहीं भेजा गया है। बिरला ने कहा कि प्रश्नकाल में माननीय सदस्यों को बोलने नहीं दिया जा रहा है। यह तरीका उचित नहीं है...सदन सबका है। यह देश की 140 करोड़ जनता की अभिव्यक्ति की सर्वोच्च संस्था है। दो बार के स्थगन के बाद कार्यवाही एक बजे शुरू हुई तो विपक्षी सांसद हंगामा करने लगे। वे ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होने से पहले सदन में एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा के लिए आश्वासन देने की मांग पर अड़े थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से कहा कि सभी दलों के नेताओं से बातचीत हुई थी और सबने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होनी चाहिए। मैंने और सरकार ने इस पर सहमति दी थी। सारे विषयों को सदन में उठाने से उन पर चर्चा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं को सर्वदलीय बैठक में यह बात कहनी चाहिए थी कि पहले एसआईआर पर चर्चा होगी, तब हम सदन की कार्यवाही चलने देंगे। अखिलेश जी, आप नेताओं को (सर्वदलीय बैठक में) भेजा करो तो थोड़ा समझाकर भेजा करो।

# धनबाद राष्ट्रपति मुर्मू के स्वागत को तैयार



धनबाद (झारखंड)। झारखंड का धनबाद शहर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 31 जुलाई से शुरू होने वाले राज्य के आगामी दो दिवसीय दौरे के दौरान उनके स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू एक अगस्त को यहां 99 साल पुराने आईआईटी इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स (आईएसएम) के 45वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भी मौजूद रहने की उम्मीद है।

अधिकारियों ने बताया कि धनबाद कार्यक्रम के अलावा राष्ट्रपति एम्स, देवघर के पहले दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू के दौरे के मद्देनजर उपायुक्त आदित्य रंजन ने धनबाद हवाई पट्टी क्षेत्र को 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से एक अगस्त को शाम छह बजे तक 32 घंटे के लिए नो-फ्लाइंग जोन (उड़ान निषिद्ध क्षेत्र) घोषित किया है। इसके अलावा सभी वरिष्ठ अधिकारियों की छुट्टियां दो दिनों के लिए रद्द कर दी गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस अवधि के दौरान ड्रोन और गर्म हवा के गुब्बारे उड़ाना और पैराग्लाइडिंग निलंबित रहेगी। अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-आईएसएम के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए करीब एक घंटे तक धनबाद में रहेंगी। उम्मीद है कि वह दोपहर को आएंगी और समारोह में भाग लेने के बाद दोपहर एक बजे तक रवाना हो जाएंगी। राष्ट्रपति मुर्मू आईआईटी-आईएसएम के दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली दूसरी राष्ट्रपति होंगी। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी 10 मई 2014 को संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। आईएसएम धनबाद की स्थापना 1926 में हुई थी और छह सितंबर 2016 को इसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का दर्जा दिया गया था। इससे पहले, मुर्मू 10 जून को राज्य में आने वाली थीं, लेकिन इस दौरे को स्थगित कर दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 जुलाई 2022 को शहर की यात्रा के दौरान एम्स-देवघर में आंतरिक रोगी विभाग और ऑपरेशन थिएटर सेवाओं को राष्ट्र को समर्पित किया था।

संक्षेप

### ममता बनर्जी ने की भाषा आंदोलन की शुरुआत

बोलपुर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को बोलपुर से राज्यव्यापी भाषा आंदोलन की शुरुआत की और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बंगाली पहचान को मिटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) का विरोध करने, प्रवासियों की रक्षा करने और भाषाई आतंकवाद को रोकने का संकल्प लिया। ममता ने भाजपा नीत केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग पर बांग्ला भाषी प्रवासियों को निशाना बनाकर और मतदाता सूची से वैध मतदाताओं को हटाने का प्रयास करके पिछले दरवाजे से एनआरसी को लागू करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की धरती से अपने बहुप्रचारित भाषा आंदोलन की शुरुआत की घोषणा की। बनर्जी ने कहा कि वह अपनी जान दे देंगी लेकिन किसी को भी अपनी भाषा नहीं छीनने देंगी। ममता ने तृणमूल कांग्रेस समर्थकों और वापस लौटे बंगाली प्रवासियों की एक रैली का नेतृत्व करते हुए कहा, हम भाषाई आतंक के नाम पर हमारे अस्तित्व को खतरे में डालने की इस साजिश और पिछले दरवाजे से एनआरसी लागू करने के प्रयास को रोकेंगे। जब तक मैं जिंदा हूं, बंगाल में एनआरसी लागू नहीं होने दूंगी।

# नागरिकता तय करने का अधिकार आयोग को नहीं : प्रमोद तिवारी

नई दिल्ली। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस के साथ विपक्ष पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सीजफायर के दावे पर प्रधानमंत्री से संसद में जवाबदेही सुनिश्चित करायेगी। वही उन्होंने कहा कि बिहार में एसआईआर को लेकर असहमति के साथ संसद में भ्रष्टाचार के मामले में महाभियोग को लेकर भी विपक्ष पूरी एकजुटता के साथ सरकार को अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं निकलने को मजबूर करेगी। बिहार में विशेष सघन मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर




सोमवार को संसद भवन परिसर में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ इण्डिया गठबंधन के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने विपक्षी गठबंधन के कदम को प्रभावी एवं सशक्त करार दिया है।

# मतदाता सूची के प्रकाशन पर रोक से कोर्ट का इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को चुनावी राज्य बिहार में मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर हमेशा के लिये अंतिम निर्णय करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि वह 29 जुलाई को इस मामले की अंतिम सुनवाई की समय-सारणी तय करेगी। एक गैर सरकारी संगठन की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि



मतदाता सूची को अस्थायी तौर पर अंतिम रूप नहीं दिया जाना चाहिए और मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर अंतरिम रोक लगनी चाहिए। पीठ ने न्यायालय के पिछले आदेश पर गौर किया, जिसमें कहा गया था कि याचिकाकर्ता अंतरिम राहत के लिए अनुरोध नहीं कर रहे थे। पीठ ने कहा कि इसलिए अब ऐसा नहीं किया जा सकता तथा मामले का स्थायी निपटारा किया जायेगा। शंकरनारायणन ने कहा कि प्रकाशन पर रोक लगाने की अंतरिम राहत पर जोर नहीं दिया गया क्योंकि शीर्ष अदालत ने आश्वासन दिया था कि मामले को एक अगस्त से पहले सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने निर्वाचन आयोग के इस कथन पर गौर किया कि एसआईआर के लिए गणना प्रपत्र मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद भी जमा किए जा सकते हैं। पीठ ने कहा कि अदालत की शक्ति को कम मत आंकिए। हम पर भरोसा कीजिए। अगर अदालत आपकी दलील से सहमत होती है।

# दो नन की गिरफ्तारी पर बोले सीएम साय महिला सुरक्षा पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण

नयी दिल्ली। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण कराने की कोशिश के आरोप में दो कैथोलिक नन सहित तीन लोगों की गिरफ्तारी के बाद राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को कहा कि मामले की जांच की जा रही है और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे का राजनीतिकरण करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि बजरंग दल के एक स्थानीय पदाधिकारी की शिकायत के बाद तीनों को 25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था। शिकायत में तीनों पर नारायणपुर की तीन लड़कियों का जबरन धर्मांतरण और उनकी तस्करी करने की कोशिश का आरोप लगाया गया था।

उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान सुकमन मंडावी और नन प्रीति मेरी तथा वंदना फ्रांसिस के रूप में हुई है। दोनों नन केरल की रहने वाली हैं। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने कहा कि नारायणपुर की तीन बेटियों को नर्सिंग की ट्रेनिंग दिलाने और उसके पश्चात नौकरी दिलाने का वादा किया गया था। साय ने कहा कि नारायणपुर के एक व्यक्ति ने लड़कियों को दुर्ग स्टेशन पर दो नन के सुपुर्द किया और वे उन्हें आगरा ले जा रही थी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मामले में प्रलोभन के माध्यम से मानव तस्करी करके धर्मांतरण की कोशिश की जा रही थी। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं की सुरक्षा से



संबंधित गंभीर मामला है। इस मामले में अभी जांच जारी है। प्रकरण अदालत में लंबित है और कानून अपने हिसाब से काम करेगा। साय ने एक्स लिखा, छत्तीसगढ़ एक शांतिप्रिय प्रदेश है जहां सभी धर्म-समुदाय के लोग सद्भाव से रहते हैं। हमारी बस्तर की बेटियों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे को राजनीतिक रूप देना बेहद दुर्भाग्यजनक है। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि छत्तीसगढ़ में दो नन को उनकी आस्था के चलते गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि जिन जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां अल्पसंख्यकों का सुनियोजित तरीके से उत्पीड़न किया जा रहा है। धार्मिक स्वतंत्रता को संवैधानिक अधिकार बताते हुए गांधी ने दोनों नन की तत्काल रिहाई और उनके खिलाफ हुए कथित अन्याय के लिए जवाबदेही तय किए जाने की मांग की।

# पीएम मोदी से मिले हिमंत विश्व शर्मा, योजनाओं की दी जानकारी

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें राज्य में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक संकेतकों एवं कल्याणकारी योजनाओं में हुई प्रगति की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी की अपनी यात्रा के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, आज नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मुलाकात का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि (मैंने) सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में असम की उल्लेखनीय प्रगति और प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के लगभग पूर्ण होने के बारे में उन्हें जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि उन्होंने असम के लोगों की ओर से आठ सितंबर को उनका (मोदी



का) स्वागत करने के लिए उत्सुक होने से अवगत कराया। यह एक ऐसा क्षण होगा जो हमारे राज्य की विकास यात्रा में एक और मील का पत्थर साबित होगा। शर्मा ने प्रधानमंत्री को गमोसा (असमिया गमछा) और कई स्मृति चिन्ह भी भेंट किए। प्रधानमंत्री मोदी भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी पर एक साल तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन करने और गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में देश के पहले बायो-इथेनॉल संयंत्र का लोकार्पण करने के लिए आठ सितंबर को असम की यात्रा करेंगे। शर्मा ने नयी दिल्ली में संसद भवन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की और उन्हें सामाजिक-आर्थिक मानदंडों पर असम की प्रगति के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सीतारमण से राज्य के आर्थिक विकास को गति देने में केंद्रीय वित्त मंत्रालय का समर्थन और सहयोग मांगा। उन्होंने सीतारमण को गोहपुर में बनने जा रहे कनकलता बरुआ विश्वविद्यालय की आधारशिला रखने के लिए भी आमंत्रित किया। उन्होंने एक्स पर इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विश्वविद्यालय के बनकर तैयार हो जाने पर उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों पर कुछ विशेषीकृत पाठ्यक्रम भी होंगे।

## इंटरटेनमेंट...

# मोहनलाल ने मजबूर होकर छोड़ा था एएमएमए लीडरशिप

मुंबई। मलयालम मूवी आर्टिस्ट एसोसिएशन (एएमएमए ) के लीडरशिप के लिए 15 अगस्त को इलेक्शन होना है। इलेक्शन से पहले एक्ट्रेस और पूर्व आईसी सदस्य माला पार्वती ने एक नया खुलासा किया है। मनोरमा न्यूज को दिए इंटरव्यू में माला पार्वती ने कहा कि हेमा कमिटी की रिपोर्ट आने के बाद ज्वाइंट सेक्रेटरी बाबूराज ने पद छोड़ने से इनकार किया था, जिसके बाद सुपरस्टार मोहनलाल को एएमएमए के लीडरशिप से इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। बाबूराज अब महासचिव पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। मनोरमा न्यूज को दिए इंटरव्यू में वो कहती हैं 'पिछले कई सालों से हमने देखा है कि आरोपी व्यक्तियों को प्रमुख पदों से हटा दिया गया है।

एक्टर दिलीप का मामला प्रकाश में आने के बाद से एएमएमए में यह बात स्पष्ट हो गई है। विजय बाबू, जिन पर यौन शोषण का आरोप था। उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा गया और हम उम्मीद करते हैं कि बाबूराज भी ऐसा ही करेंगे। मोहनलाल को पद छोड़ना पड़ा क्योंकि जाइंट सेक्रेटरी बाबूराज ऐसा करने को तैयार नहीं थे। हालांकि, अंसिबा और सरयू जैसे आर्टिस्ट ने कथित तौर पर कहा है कि आरोपी एक्टर एसोसिएशन के चुनावों में भाग ले सकते हैं। ठीक उसी तरह जैसे आरोपी नेता भी चुनावों में भाग लेते हैं। उस समय



सभी ने साझा रूप से इस्तीफा दे दिया था। इसी साल जून में एशियानेट की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि मोहनलाल ने पदों को भरने के लिए चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था, जबकि हॉक कमिटी उन पर अपना टर्म जारी रखने के लिए दबाव डाल रही थी।

# हम न तो प्रेमी ना अजनबी, हमारा रिश्ता नाम और पहचान से ऊपर : रोहमन

**मुंबई।** सुष्मिता सेन और मॉडल रोहमन शॉल भले ही रोमांटिक रिलेशनशिप में नहीं हैं लेकिन अक्सर एक-दूसरे के साथ नजर आते हैं। दोनों की दोस्ती और बॉन्डिंग कमाल की है। रोहमन ने सुष्मिता से मिलने की सातवीं एनिवर्सरी पर एक इमोशनल नोट शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी और सुष्मिता की एक ब्लैक एंड व्हाइट फोटो शेयर की है। फोटो में वो सुष्मिता को हग करते नजर आ रहे हैं। फोटो कैप्शन में वो लिखते हैं आज सात साल हो गए। कुछ कहानियां, रिश्तों के नाम बदल जाते हैं लेकिन उनके मायने नहीं बदलते। मैंने तुम्हें शतरंज सिखाया था। अब तुम मुझे इसमें बेरहमी से हरा देती हो। तुमने मुझे स्विमिंग सिखाया, जबकि मुझे पानी से डर लगता था। साथ ही, मुझे



सबसे अच्छे हेयर कट देने के लिए शुक्रिया। हमने अपना रोल, डर और ताकतें बदल लीं। शह-मात और पानी के बीच कहीं, हमारा रिश्ता किसी नाम और पहचान से ऊपर है। हम न तो लवर हैं, न अजनबीङ्ग थोड़ा कोमल, थोड़ा दुर्लभ। तुम कभी मेरी सेफ प्लेस थी और किसी तरह, अब भी हो।

# एक्ट्रेस रुचि गुर्जर के खिलाफ शिकायत दर्ज

मुंबई। एक्ट्रेस रुचि गुर्जर के खिलाफ रविवार को अंबोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज हुई है। ये शिकायत डायरेक्टर मान सिंह ने उस इंसिडेंट के बाद दर्ज करवाई है, जब एक्ट्रेस ने उनकी फिल्म के प्रीमियर में उनकी चप्पल से पिटाई की थी।

शिकायत में एक्ट्रेस समेत 6 लोगों का भी नाम दर्ज है। रुचि गुर्जर के खिलाफ अंबोली पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 118(1), 189(1), 189(2), 190, 191(1), 329(3), 351(2), 352 के तहत मामला दर्ज किया गया है। रुचि पर आरोप हैं कि वो जबरदस्ती फिल्म के प्रीमियर में अपनी सिक्योरिटी टीम के



साथ घुस आई और जमकर हंगामा किया। यहां उन्होंने गाली-गलौज और मारपीट कर प्रीमियर में बाधा डालने की कोशिश की है। ये मामला 25 जुलाई का है, जब एक्ट्रेस ने अंधेरी वेस्ट स्थित सिनेपोलिस में पहुंचकर रात 9 बजे डायरेक्टर मान सिंह पर चप्पल से हमला किया था।

# कपिल शो में परिणीति को छेड़ते दिखे राघव

मुंबई। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के अगले एपिसोड में परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा नजर आने वाले हैं। शो का प्रोमो रिलीज किया गया है, जिसमें दोनों की शानदार केमिस्ट्री देखने मिल रही है। शो में राघव और परिणीति अपनी पहली मुलाकात और रिश्ते पर खुलकर बात करते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा प्रोमो में दोनों अंगूठी ढूंढने की रस्म भी करते दिखे। एपिसोड के दौरान, राघव-परिणीति अपनी पहली मुलाकात का किस्सा बताते हैं। दोनों पहली बार लंदन में

**❍ राघव चड्ढा कभी भी भारत का प्रधानमंत्री नहीं बनेगा : ये जो बोलती है इसका उल्टा होता है**

मिली थे। इस पर राघव कहते हैं कि परी ने अपना लैपटॉप निकाला और गूगल पर राघव चड्ढा की हाइट सर्च किया था। फिर खड़े होकर कहते हैं कि मैं लंबा हूं यार। राघव यही नहीं रुकते है फिर वो मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'ये जो बोलती है, उसका उल्टा हो जाता है। इसने कहा, मैं कभी किसी पॉलिटिशियन से शादी नहीं करूंगी और नेता से शादी हो गई। अब मैं रोज सुबह इसे उठाकर बोलता हूं, तुम बोल राघव चड्ढा कभी भी भारत का प्रधानमंत्री नहीं बनेगा।' राघव



की बात सुनते ही, सेट पर मौजूद सभी लोग हंसने लगते हैं। बता दें कि इससे पहले 18 जुलाई को परिणीति और राघव चड्ढा कपिल शर्मा के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की शूटिंग के लिए पहुंचे थे। लेकिन शो के दौरान राघव चड्ढा की मां की तबीयत खराब हो गई।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com